आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी 11:55 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 19 जून 2025
वर्ष 6, अंक 81, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ईरान बोला- कभी नहीं करेंगे आत्मसमर्पण 14

कॉरपोरेट क्षेत्र आर्थिक वृद्धि का स्तंभ 12

# भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल, इससे आंखें न मूंदें : मोदी

## जी-7 सम्मेलन : आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की बात उठाई

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 नेताओं से कहा कि भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल बन गया है और इस चुनौती से आंखें मूंदना मानवता के साथ विश्वासघात होगा। उन्होंने सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग की।

यहां जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ हमला प्रत्येक भारतीय की आत्मा, पहचान और गरिमा पर सीधा हमला था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी देश को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसे इसकी कीमत चुकानी चाहिए। आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, तथा उन्होंने सवाल किया कि क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जाना चाहिए। मोदी मंगलवार को ऊर्जा सुरक्षा पर जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा, आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखने वाले सभी देशों के विरोध में खड़ा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा, वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और हमारी नीतियां अत्यंत स्पष्ट होनी चाहिए - जो भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है, उसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसकी कीमत चुकानी चाहिए। मोदी ने कहा कि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। एक तरफ हम अपनी प्राथमिकता के आधार पर हर तरह के प्रतिबंध लगाने में जल्दबाजी करते हैं। दूसरी तरफ, जो देश खुले तौर पर आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। मोदी ने कुछ प्रश्न भी पूछे। उन्होंने पूछा, क्या हम वाकई आतंकवाद से निपटने के लिए गंभीर हैं? क्या हम आतंक का सही मतलब तभी समझ पाएंगे जब वह हमारे दरवाज़े पर दस्तक देगा?

उन्होंने पूछा, क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जा सकता है? क्या वैश्विक संस्थाओं पर विश्वसनीयता खोने का खतरा है? आतंक से निपटने के लिए निर्णायक वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया।

### मेलोनी ने मोदी के साथ तस्वीर की साझा

**कनाडा।** जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। मेलोनी ने मोदी के साथ एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की और कहा कि भारत और इटली गहरी दोस्ती से जुड़े हैं। मेलोनी ने पीएम मोदी को बेस्ट बताते हुए उनकी तरह बनने की इच्छा जताई।



कनाडा में जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी से साथ सेल्फी लेतीं इटली की पीएम मेलोनी।

### भारत-कनाडा उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमत, संबंधों में स्थिरता होगी बहाल

**नई दिल्ली/कनाडा।** प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा में उनके समकक्ष मार्क कार्नी ने भारत-कनाडा संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए रचनात्मक कदम उठाने पर सहमति जताई है, जिसमें दोनों देशों की राजधानियों में उच्चायुक्तों की जल्द बहाली शामिल है, जो तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के उनके इरादे का संकेत है। मोदी और कार्नी ने द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें संबंधों को फिर से बहाल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या को लेकर दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद से द्विपक्षीय संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गये थे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने वरिष्ठ मंत्रिस्तरीय तथा कार्य-स्तरीय संवाद को फिर से शुरू करने के महत्व को भी रेखांकित किया।

# ट्रंप को दो टूक, मध्यस्थता स्वीकार नहीं पाकिस्तान के अनुरोध पर रोका था युद्ध

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति का दावा किया खारिज, दोनों नेताओं में फोन पर 35 मिनट हुई बात

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

- कहा- भारत आतंकवाद को छद्म युद्ध नहीं बल्कि युद्ध के ही रूप में देखता है
- कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को मोदी ने



प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप। (फाइल)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष रोकने में मध्यस्थता की भूमिका निभाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को खारिज करते हुए उन्हें बताया कि भारत और पाकिस्तान ने बिना किसी मध्यस्थता के अपनी सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद पिछले महीने सैन्य कार्रवाई रोकी थी।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि ट्रंप के साथ मंगलवार को फोन पर करीब 35 मिनट तक हुई बातचीत में मोदी ने साफ तौर पर कहा कि भारत मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता है और न कभी स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद के अनुरोध पर सैन्य कार्रवाई रोकने पर भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच बातचीत शुरू हुई थी। मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत अब आतंकवाद को छद्म युद्ध के रूप में नहीं, बल्कि एक युद्ध के ही रूप में देखता है और भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की सबसे पहले घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने 10 मई को की थी। इसके बाद से ट्रंप दावा करते आ रहे हैं कि उन्होंने संघर्ष रोकने पर सहमत न होने पर दोनों देशों के साथ व्यापार रोकने की धमकी देकर संघर्ष विराम समझौते में मध्यस्थता की। मोदी ने पूर्व प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। मोदी और ट्रंप का जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात का कार्यक्रम था लेकिन ट्रंप के शिखर सम्मेलन से समय से पहले विदा लेने से यह बैठक नहीं हो पाई। दोनों नेताओं ने फोन पर बातचीत की, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई के बीच हुए सैन्य संघर्ष पर प्रमुखता से बात की गई। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से बताया कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते या भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका द्वारा मध्यस्थता के किसी प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं हुई। मोदी-ट्रंप बातचीत की अहम बातें साझा करते हुए उन्होंने बताया, सैन्य कार्रवाई रोकने पर चर्चा भारत और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के मौजूदा संचार चैनलों के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से हुई और इसे पाकिस्तान के अनुरोध पर किया गया।

### ट्रंप को दी जानकारी पाकिस्तानी हमले को लेकर जेडी वेंस का आया था फोन

विदेश सचिव के अनुसार मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को बताया कि भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली, सटीक तथा तनाव को और बढ़ावा नहीं देने वाली थी। मिसरी ने कहा, 9 मई की रात को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया था। वेंस ने बताया था कि पाकिस्तान भारत पर एक बड़ा हमला कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें साफ-साफ कहा था कि अगर ऐसा कोई हमला होता है तो भारत और कड़ा जवाब देगा। मोदी ने फोन पर बातचीत में कहा, भारत ने 9-10 मई की रात को पाकिस्तान के हमले का कड़ा जवाब दिया, जिससे पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा, उनके हवाई अड्डों को निष्क्रिय कर दिया गया।

### ट्रंप ने क्वाड सम्मेलन में भारत आने का मोदी का निमंत्रण स्वीकारा

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को अगले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का न्यौता दिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने न्यौता स्वीकार कर लिया और कहा कि वह भारत आने के लिए उत्सुक हैं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए छह मई की रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इन हमलों के कारण चार दिन तक सैन्य संघर्ष हुआ, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुआ। भारत का कहना है कि उसकी कड़ी प्रतिक्रिया के कारण ही पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए अनुरोध करना पड़ा।

## संभल हिंसा मामले में 1100 पेज का आरोप पत्र दाखिल

# सांसद बर्क व जामा मस्जिद सदर सहित 23 पर चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी



सांसद जियाउर्रहमान बर्क।

- 12 में से 11 मुकदमों में पुलिस ने दाखिल कर दी चार्जशीट, विधायक पुत्र को दी क्लीन चिट
- जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित 92 लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका जेल

**अमृत विचारः** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले को लेकर दर्ज एक और मुकदमे में पुलिस ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क के साथ ही जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित 23 लोगों के खिलाफ 1100 पेज की चार्जशीट अदालत में दाखिल की है। बड़ी बात यह है कि इस मुकदमे में नामजद आरोपी सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को क्लीन चिट दे दी गई है।

संभल में 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। पथराव फायरिंग व आगजनी की घटनाओं में चार लोगों की मौत हुई थी। पुलिस प्रशासनिक अमले के 29 लोग पथराव व गोली लगने से घायल हुए थे।

पुलिस की तरफ से कई मुकदमे दर्ज किए गए थे। सरथल पुलिस चौकी प्रभारी दीपक राठी ने अपराध संख्या 335 के तहत सांसद जियाउर्रहमान बर्क व सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को नामजद करने के साथ ही 700- 800 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मुकदमे में चौकी प्रभारी ने 24 नवंबर की हिंसा का जिक्र करने के साथ ही 22 नवंबर को सांसद जियाउर्रहमान बर्क द्वारा जामा मस्जिद पर नमाज अदा करने के बाद बिना प्रशासनिक अनुमति भीड़ इकट्ठी कर राजनीतिक लाभ लेने के लिए सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और भीड़ को उग्र करने का भी आरोप लगाया था। विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल पर भी आरोप था कि उन्होंने यह कह कर भीड़ को उकसाया कि जियाउर्रहमान बर्क हमारे साथ हैं। हम लोग भी तुम्हारे साथ हैं, हम तुम्हारा कुछ नहीं होने देंगे, अपने मंसूबों को पूरा करो। इसी वजह से भीड़ उग्र हुई और हिंसा हो गई।

### सीओ अनुज पर की गई थी फायरिंग

इस मुकदमे में 24 नवंबर को भीड़ द्वारा अदालत के आदेश पर हो रही सर्वे की कार्रवाई में बाधा डालने, पुलिस पर पत्थरबाजी करने, तोड़फोड़ के साथ ही पुलिस व अन्य लोगों के वाहनों को आग के हवाले कर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे आरोप भी थे। उपद्रवियों द्वारा सीओ अनुज कुमार चौधरी पर जान से मारने की नीयत से फायर करने की बात भी कही गई थी। कहा गया था कि सीओ के दाहिने पैर में गोली लगी। जांच में पता चला कि सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने दूर रहकर लोगों को हिंसा के लिए उकसाया।

# प्रदेश में मानसून ने किया प्रवेश, भारी बारिश की चेतावनी

- मानसून ने सोनभद्र से ली एंट्री, फिलहाल 30 से अधिक जिलों में सक्रिय रहेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में रहने वालों को अब भारी बारिश को लेकर तैयार हो जाना चाहिए। प्रदेश में मानसून बुधवार को प्रवेश कर गया है। मानसून ने सोनभद्र एंट्री से ली है इसके बाद वाराणसी बारिश से सराबोर होगा। इस बीच मिर्जापुर समेत तराई के कुल 15 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी कर दी है। वहीं, पूर्वी उप्र. के 22 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका भी जतायी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ चुका है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, मानसून के आने से सबसे पहले सोनभद्र, गाजीपुर और वाराणसी जैसे पूर्वी जिलों में बारिश शुरू हो चुकी है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बने दो लो-प्रेशर सिस्टम शीघ्र ही एक साथ मिल सकते हैं जिससे मानसून और अधिक सक्रिय हो जाएगा। यह मानसूनी दौर पूर्वी उप्र. से शुरू होकर तराई, मध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र तक पहुंचेगा और अगले चार से पांच दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। चार साल बाद समय पर मानसून उत्तर प्रदेश में आया है, जो झमाझम बारिश कराएगा। अभी 30 से अधिक जिलों में मानसून सक्रिय रहेगा, कुछ दिन में लखनऊ समेत पूरे प्रदेश को घेर लेगा।

### इन जिलों में होगी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती सहित कई इलाकों में भारी वर्षा की संभावना है। इसके साथ ही 19-20 जून को प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

### यहां ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने प्रयागराज, आजमगढ़, मऊ, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच समेत कुल 22 जिलों के लिए बिजली गिरने और तेज बादल गरजने की चेतावनी देते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी और प्रयागराज जैसे क्षेत्रों में तेज रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है।

# पुलिया से टकरा आग का गोला बनी कार, 5 जिंदा जले

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)



- बदायूं से दिल्ली जाते समय जहांगीराबाद और अनूपशहर के बीच हुआ हादसा
- एक युवती गंभीर रूप से झुलसी, अस्पताल में चल रहा इलाज

**अमृत विचार :** दिल्ली जाते समय बुलंदशहर जिले में चलती कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराकर खंती में जा गिरी और उसमें आग लग गई। कार सवारों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। इस हादसे में कार सवार बच्चे समेत पांच की जलकर मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से झुलस गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकलकर्मियों की मदद से आग बुझाकर सभी को बाहर निकाला। झुलसी युवती का इलाज चल रहा है।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव चमरपुरा निवासी तनजील अहमद उर्फ लल्ला (30) पुत्र तनवीर अहमद दिल्ली में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करते थे। वह अपने परिवार के साथ दिल्ली के मालवीय नगर में रहते थे। 16 जून को तनजील अहमद के चाचा अलीम के निकाह में शामिल होने 15 जून को परिवार के साथ दिल्ली से आए थे। बुधवार सुबह 4 बजे कार से अपनी पत्नी निदा (25), बहन मोमिना (30) व उनके पति गांव खैरपुर खल्ली निवासी जुबैर (30) पुत्र औसाद अली, दो साल के बेटे जैनुल, अविवाहित बहन गुलनाज उर्फ गुल्लो के साथ दिल्ली के लिए निकले थे। बुलंदशहर में जहांगीराबाद से अनूपशहर के बीच जानीपुर तिराहे पर कार अनियंत्रित हो गई और पुलिया से टकराकर पास के खंती में जा गिरी। हादसा देखकर आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे। कार में पीछे की सीट पर बैठी गुलनाज को शीशा तोड़कर निकाला, लेकिन अचानक कार में आग लग गई। तेज लपटें उठने लगीं। लोग दूर भाग गए, जिसके चलते अन्य कार सवार बाहर नहीं निकाले जा सके और कार में ही जिंदा जल गए।

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन कार की तेज लपटों की वजह से किसी ने पास जाने की जहमत नहीं उठाई। दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग बुझाई। कार सवारों को बाहर निकाला गया। तंजीर अहमद, निदा, गुड्डो, जुबैर अली, जैनुल के शव पूरी तरह से जल गए थे। पुलिस ने उनकी परिजनों को सूचना दी।

# आम से भरा वाहन डिवाइडर से टकराकर पलटा, 4 की मौत

आगरा (उत्तर प्रदेश), एजेंसी

- आगरा में हुआ भीषण सड़क हादसा, एक की हालत गंभीर



आगरा में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बुधवार की सुबह आम से भरा एक लोडर वाहन फ्लाईओवर पर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। सहायक पुलिस आयुक्त हेमंत कुमार के अनुसार, दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में हुई।

अधिकारी ने बताया कि फिरोजाबाद से आम लेकर जा रहा लोडर वाहन फ्लाईओवर पर चढ़ते समय नियंत्रण खो बैठा और डिवाइडर से जा टकराया। वाहन किनारे से फिसला और ऊंचाई से नीचे गिर गया। फ्लाईओवर के नीचे तीन लोग - राजेश (65), रामेश्वर (60) और हरिबाबू (63) सुबह की सैर के बाद बैठे थे, वाहन उनके ऊपर गिर गया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# मतदाताओं को अब 15 दिनों के भीतर मिलेंगे पहचान पत्र

**नई दिल्ली/ लखनऊ।** निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता पहचान पत्र अब 15 दिनों के भीतर मतदाताओं तक पहुंचा दिए जाएंगे, इनमें नया नामांकन या मौजूदा मतदाता के किसी विवरण में बदलाव शामिल है।

यह पहल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए ईसीआई द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है। नई प्रणाली में ईआरओ द्वारा एपिक बनाने से लेकर डाक विभाग के माध्यम से मतदाता को एपिक की डिलीवरी तक प्रत्येक चरण की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी।

इस कवायद में मतदाताओं को प्रत्येक चरण पर एसएमएस के माध्यम से सूचनाएं प्राप्त होंगी, जिससे उन्हें उनके मतदाता पहचान पत्र की स्थिति के बारे में जानकारी मिलती रहेगी। इस उद्देश्य के लिए ईसीआई ने अपने हाल ही में लॉन्च किए गए ईसीआईनेट प्लेटफ़ॉर्म पर एक समर्पित आईटी मॉड्यूल पेश किया है।

# 3000 रुपये में एक साल के लिए फास्टैग पास

## निजी गाड़ियां 200 बार टोल क्रॉस कर सकेंगी, सरकार 15 अगस्त से वार्षिक पास करेगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार निजी वाहनों के लिए फास्टैग आधारित वार्षिक पास पेश करेगी, जिसकी कीमत 3,000 रुपये होगी। उन्होंने कहा कि यह 15 अगस्त से प्रभावी होगा जिससे राजमार्गों पर बिना किसी परेशानी के यात्रा करना संभव हो पाएगा।

गडकरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि यह पास चालू होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा के लिए (जो भी पहले हो) वैध होगा। इसे खास तौर पर गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए तैयार किया गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि वार्षिक पास से देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध एवं लागत प्रभावी यात्रा संभव हो सकेगी। इसके लिए एक लिंक जल्द ही राजमार्ग यात्रा एप के साथ-साथ एनएचएआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

### एनएच व राज्य हाईवे में अंतर

जो हाईवे या सड़क एक राज्य से दूसरे राज्य को जोड़ते हैं, वो नेशनल हाईवे कहलाते हैं। इनके माइलस्टोन पर पीले रंग की पट्टी लगी होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क भारत के हर प्रमुख शहर को जोड़ती है। चाहे बंदरगाह, राज्यों की राजधानी हो। जो सड़क राज्य के एक जिले को दूसरे जिले से जोड़े उसे राज्य हाईवे कहते हैं। इनके माइलस्टोन पर हरे रंग की पट्टी होती है। अधिकतर दो लेन में होते हैं।

### लंबे समय से चली आ रही चिंताएं होंगी दूर



गडकरी ने कहा कि यह नीति किमी के दायरे में स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करती है और एकल, किफायती लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सरल बनाती है। प्रतीक्षा समय, भीड़भाड़ कम करके तथा टोल प्लाजा पर विवादों को न्यूनतम करके इस वार्षिक पास का उद्देश्य लाखों निजी वाहन मालिकों को तीव्र एवं सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करना है।

## शहर में आज



☞ गोकुलदास डिग्री कॉलेज में योग शिविर सुबह 8 :00 बजे
☞ दयानंद कॉलेज में योग शिविर सुबह 10 :00 बजे
☞ श्री शिव शक्ति मंदिर रामगंगा विहार फेस प्रथम में पांच दिवसीय श्रीराम कथा का तीसरा दिन शाम 5 :30 बजे

एक कदम सनातन की ओर



श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, शिवपुराण कथा एवं अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संगीतमय एवं भक्तिमय आयोजन किया जाता है।
अपनी श्रद्धा को संगीत और भक्ति से जोड़ें। धार्मिक आयोजनों के लिए आज ही संपर्क करें!
स्थान: गोविंद नगर, ब्लॉक बी, मुरादाबाद - 244001
भागवत आचार्य: श्री शिव कुमार जी
संपर्क करें: 9410478735

### ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब व सार्वजनिक कुएं पर अतिक्रमण हटाने में राजस्व विभाग नहीं दिखा रहा रुचि

# प्राकृतिक जलस्रोत गुम...कागजों में तालाब-कुआं, मौके पर पट गए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्राकृतिक जल स्रोतों के रखरखाव में लापरवाही से आज जल संकट बढ़ता जा रहा है। सब मर्सिबल पंप से भूजल के दोहन से लगातार भूजल स्तर गिरने से पानी का संकट खड़ा हो रहा है।

- **शहर में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कुआं पाट कर कहीं बन गई सड़क, तो किसी पर खुल गई दुकान**

राजस्व विभाग के कागजी रिकॉर्ड में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में कई कुआं व तालाब हैं मगर मौके पर यह पट चुका है या अतिक्रमण कर इस पर भवनों का निर्माण करा लिया गया है। अब कृत्रिम रूप से जलस्रोत बनाने के बाद भी इसकी मॉनीटरिंग न होने से भविष्य की पीढ़ी के लिए पानी का संकट खड़ा होना तय है।



लोको सेड के पास चल रहा अमृत सरोवर का कार्य। ● अमृत विचार

जिले में प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण न होने से जल ही जीवन का संकल्प पूरी तरह साकार नहीं हो रहा है। भीषण गर्मी में महानगर की कॉलोनियों में बहुमंजिली इमारतों में रहने वाले पानी का संकट झेल रहे हैं। लो प्रेशर के चलते पानी ऊपरी तलों पर नहीं पहुंच रहा है। इसका कारण लगातार गिरता भूजल स्तर भी है। शहरी क्षेत्र में भूजल का स्तर निरंतर गिर रहा है तो कई ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब व कुआं पाट कर इस पर निर्माण करा लेने से इंसानों के साथ मवेशियों को भी पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। पक्षियों को भी पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक तालाब व कुआं पर किए गए अतिक्रमण को हटाने में राजस्व कर्मियों की मिलीभगत व लापरवाही भी सामने आ रही है। कई गांव के लोगों के द्वारा शिकायत पर भी राजस्व विभाग की ओर से गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। जबकि राजस्व रिकॉर्ड में कुआं व तालाब दर्ज है। इस पर कहीं रास्ता बन गया है तो कहीं भवन व दुकान बनाकर प्राकृतिक जल स्रोत को पाट लिया गया है। कई तालाबों को कब्जा मुक्त कराने का न्यायालयों के द्वारा दिया गया आदेश भी ठंडे बस्ते में चला जाता है।

### अतिक्रमण न हटने पर मूलस्वरूप में नहीं आ रहा तालाब

महानगर में नगर निगम की ओर से लोकोशेड के पास अमृत सरोवर के लिए तालाब चिह्नित किया गया लेकिन इस पर अतिक्रमण न हट पाने से यह अभी मूल स्वरूप में नहीं आ पा रहा है। वहीं मूंढापांडे में बने अमृत सरोवर की देखरेख में भी लापरवाही हो रही है। जलस्रोतों की अनदेखी से भावी पीढ़ी के लिए जलसंकट बढ़ता ही जाएगा।

### सार्वजनिक तालाब को कब्जा मुक्त कराना प्राथमिकता

डीएम अनुज सिंह का कहना है कि जिले में प्राकृतिक व कृत्रिम जलाशयों को विकसित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है। तालाब पर किए अतिक्रमण को प्राथमिकता पर हटवाया जाएगा। सभी उप जिलाधिकारियों को अपने तहसील क्षेत्र में अतिक्रमण हटवाकर तालाबों का सौंदर्यीकरण कराने के लिए निर्देश दिया है। सार्वजनिक तालाब को कब्जा मुक्त कराना प्राथमिकता है।

## तनाव को कम करता है योग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में चल रहे योग कार्यक्रम में बुधवार को प्राचार्य प्रो. चारू मेहरोत्रा ने तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया। शिविर में सभी को दंडासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, नोकासन, शलभासन आदि आसनों का अभ्यास कराया और इसका महत्व बताया।

प्रो. चारु मेहरोत्रा ने कहा कि योग और प्राणायाम तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। यह एनर्जी के लेवल को बढ़ाने और शरीर को ज्यादा एक्टिव बनाने में भी मददगार है। यह ध्यान केंद्रित करने में सहयोग करता है और इससे नर्वस सिस्टम को आराम मिलता है। इसीलिए सभी को अपनी दिनचर्या में योग ध्यान और प्राणायाम को शामिल करना चाहिए। उप प्राचार्य प्रो. अंजना दास ने कहा कि प्राणायाम से जहां फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है वहीं ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में भी मदद मिलती है। संचालन डॉ. शेफाली अग्रवाल ने किया।

# एक्सरे कराना है तो धैर्य रखें, समय लगेगा

### जिला अस्पताल में एक ही रेडियोलॉजिस्ट के भरोसे जनपद के सैकड़ों मरीज, तीन पद हैं स्वीकृत, हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अगर आप जिला अस्पताल में एक्सरे, अल्ट्रासाउंड या सीटी स्कैन कराने आ रहे हैं तो धैर्य रखें। क्योंकि समय लगना तय है। कारण, यहां केवल एक ही रेडियोलॉजिस्ट हैं। जबकि, रेडियोलॉजिस्ट के तीन पद स्वीकृत हैं। रेडियोलॉजिस्ट की कमी के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ मरीज तो बिना जांच कराए ही वापस लौट रहे हैं।

मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने में कहीं चिकित्सकों की कमी है तो कहीं मशीनों का इंतजार। जिला अस्पताल में बुधवार को एक्सरे कराए आए मरीजों को गर्मी में काफी देर इंतजार करना पड़ा। यह स्थिति एक दिन की नहीं है। जिला अस्पताल की ओपीडी में हर दिन 1500 से अधिक मरीज आते हैं।



जिला अस्पताल में एक्स रे के इंतजार में बैठे मरीज। ● अमृत विचार

अस्पताल में एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन की सुविधा है लेकिन एकमात्र रेडियोलॉजिस्ट के चलते मरीजों को इलाज में देर से गर्मी में परेशान होना पड़ रहा है। एक रेडियोलॉजिस्ट छह घंटे की ड्यूटी में 18 से 24 अल्ट्रासाउंड ही कर सकता है, लेकिन जिला अस्पताल में एक रेडियोलॉजिस्ट 100 से अधिक एक्सरे और 50 से अधिक अल्ट्रासाउंड कर रहे हैं।

जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के पद पर डॉ. निर्मल ओझा की तैनाती है। मेडिको लीगल, मीटिंग, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और एक्सरे की रिपोर्ट प्रतिदिन उन्हें ही तैयार करनी होती है। अस्पताल में भर्ती मरीज, इमरजेंसी वाले मरीजों के अल्ट्रासाउंड उसी दिन करने होते हैं, विभिन्न मुकदमों में न्यायालय के चक्कर काटने पड़ते हैं। सीएचसी-पीएचसी पर एक्सरे की सुविधा न होने के कारण वहां के मरीज भी जिला अस्पताल ही आते हैं।

### पांच साल से नहीं ली एक भी सीएल

डॉ. निर्मल ओझा ने बताया कि काम अधिक होने और स्टाफ की कमी के कारण उन्होंने पांच वर्षों में एक सीएल तक नहीं ली। इस संबंध में कई बार चिकित्साधिकारियों से बात की लेकिन विकल्प न होने के कारण व्यवस्था जस की तस बनी हुई है।

### आठ दिन से लगा रहे चक्कर

बेटे नितीश को दो सप्ताह से लगातार पेट में दर्द हो रहा है। कुछ दिन पहले जिला अस्पताल में डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कहा लेकिन आठ दिनों से नंबर नहीं आया।

– **संतोष देवी**, तीमारदार

### मजबूरी में झेल रहे परेशानी

पांच दिन पहले घर में सीढ़ियों से गिरकर बेटी के हाथ की हड्डी टूट गई थी। शनिवार को जिला अस्पताल में उपचार के लिए आए थे। इसके बाद रविवार को छुट्टी पड़ गई। अब तक नंबर आ सका है।

– **अदनान मंसूरी**, तीमारदार

“मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह सही है कि रेडियोलॉजिस्ट एक ही है। और रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती को लेकर पत्र लिखा गया है।

– **डॉ. राजेंद्र कुमार**, सीएमएस

## सी-वाई टेस्ट बताएगा मरीजों में टीबी के लक्षण

शुभम शर्मा, मुरादाबाद

- **जिला अस्पताल को सी-वाई टेस्ट के लिए मिली 2,000 डोज, अब तक 100 मरीजों का परीक्षण**

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग ने टीबी के मरीजों का पहले से ही पता लगाने के लिए सी-वाई टीबी टेस्ट लॉन्च किया है। इस टेस्ट को शुरू करने से पहले प्रदेश भर में ट्रायल शुरू किए गए हैं। सीवाई-टेस्ट करने के लिए जिला अस्पताल को 2000 डोज मिली हैं। बीते सप्ताह से सी-वाई टेस्ट की शुरुआत की जा चुकी है।

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से शराब का सेवन करने वालों, शुगर, हेल्थ वर्कर, फेफड़े खराब, कुपोषण के शिकार लोगों को पहले कवर किया जाएगा। हाथ में 0.1 एलएल की डोज दी जाएगी। इसके 48 घंटे बाद रीडिंग की जाएगी। अगर पांच एमएम की गांठ बनती है तो उस व्यक्ति में टीबी के लक्षण माने जाएंगे। तीन माह तक परेवेंटिव थेरेपी दी जाएगी ताकि टीबी होने से पहले ही रोका जा सके। एक सप्ताह में एक थेरेपी की जाएगी।

### अब तक बलगम से होती थी जांच

इससे पहले मरीजों को टीबी के लक्षण होने पर बलगम का सैंपल लेकर टीबी की जांच की जाती थी, लेकिन इस टेस्ट के बाद अब पहले ही लोगों में टीबी की जांच की जा सकेगी और टीबी को और फैलने से रोका जा सकेगा। टेस्ट करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिलाया गया है।

वरिष्ठ सांस एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि जिला अस्पताल को टेस्ट करने के लिए दो हजार डोज उपलब्ध कराई गई हैं। जिसमें से 100 संदिग्ध मरीजों का सी-वाई टीबी टेस्ट कर लिया गया है। अगले माह तक दो हजार मरीजों का इस टेस्ट से परीक्षण किया जाना है।

## ई मेल से कराएं परिचय पत्र डाउनलोड की समस्या का समाधान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इग्नू अध्ययन केंद्र हिन्दू कॉलेज में 12 जून से सत्रांत परीक्षाएं चल रही हैं। यहां 2500 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। बुधवार को इग्नू क्षेत्रीय केंद्र नोएडा की टीम ने औचक निरीक्षण किया। टीम में डिप्टी डायरेक्टर डॉ. शीरान मुखर्जी और डॉ. अंजना शामिल रहीं।

अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. एके सिंह ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच चल रही परीक्षा का निरीक्षण करने आई टीम को व्यवस्था ठीक मिली। जिन परीक्षार्थियों के परिचय पत्र डाउनलोड नहीं हो पाए उन्हें डॉ. अंजना ने बताया कि ऐसे परीक्षार्थी नोएडा क्षेत्रीय केंद्र की आधिकारिक वेबसाइट पर ईमेल करके अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने परीक्षा की व्यवस्था देखकर जरूरी निर्देश दिया। इस दौरान हिंदू कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत, सहायक समन्वयक प्रो. जेके पाठक, डॉ. पंकज सिंह, डॉ. अमित पाल सिंह, आरजे यादव, अनुज यादव, संजय शर्मा, संजय आर्य, सौरभ कुमार, देवेंद्र कुमार, संजीव कुमार, नवनीत भटनागर, राजू आदि उपस्थित रहे।

## एमडीए ने सील किया अवैध निर्माण

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अनधिकृत निर्माण और अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एक अवैध निर्माण को सील किया गया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया कि शाहपुर तिगरी 24 मीटर रोड पर अशोक पंडित द्वारा लगभग 140 वर्ग मीटर भूमि पर बिना अनुमति दीवारें खड़ी कर टिनशेड व शटर लगाने का प्रयास किया जा रहा था। मौके पर प्राधिकरण की स्वीकृति पत्र प्रस्तुत न किए जाने पर निर्माण को नियमानुसार सील कर दिया गया।

## गर्मी से राहत के लिए वितरित किया शरबत

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अत्यधिक गर्मी व उमस को देखते हुए दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के कचहरी परिसर में वकीलों ने शरबत वितरित किया। शरमिताभ सिन्हा, सहर, श्वेता, गौहर, रजत आदि ने शरबत वितरित कर साथी वकीलों को गर्मी में राहत प्रदान किया। वकीलों के अलावा वादकारियों आदि ने इसकी सराहना की। इस दौरान अधिवक्ता शरीफ, दीपक, अनिल, सुनील, मुमताज, सुरेश, दीपिका, रमा सहित अन्य मौजूद रहे।

# मिग 27 के लिए जगह देखने आई वायुसेना की टीम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **वार मेमोरियल में स्थापित किया जाएगा एमआईजी-27 एयरक्राफ्ट**

**अमृत विचार :** नगर निगम द्वारा देशभक्ति की भावना को बढ़ाने व भारतीय सेना के अदम्य साहस व पराक्रम को प्रदर्शित करने के लिए बुद्धि विहार में तैयार हो रहे वार मेमोरियल (युद्ध स्मारक) स्थल पर मिग 27 एयरक्राफ्ट स्थापित किया जाएगा। भारतीय वायुसेना के तकनीकी विशेषज्ञों की टीम बुधवार को अम्बाला स्टेशन से मुरादाबाद पहुंची। टीम के सदस्यों ने उस स्थान का निरीक्षण किया जहां इसे इंस्टाल किया जाना है।



निरीक्षण करने अंबाला से पहुंची भारतीय वायु सेना की टीम। ● अमृत विचार

टीम ने इंस्टॉलेशन से जुड़ी सभी तकनीकी आवश्यकताओं को देखा। तकनीकी टीम के मार्गदर्शन और सुझावों के आधार पर शीघ्र ही एयरक्राफ्ट की स्थापना होगी। भारतीय वायुसेना अंबाला स्टेशन द्वारा एमआईजी-27 फाइटर एयरक्राफ्ट डोनेट किया जा रहा है। इसके इंस्टॉलेशन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि वार मेमोरियल परियोजना मुरादाबाद की न केवल शान बनेगी। बल्कि युवाओं में देशप्रेम एवं सैन्य बलों के प्रति सम्मान की भावना भी उत्पन्न करेगी। यह युद्ध स्मारक नागरिकों के लिए गर्व का प्रतीक होगा। इसके माध्यम से देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की जा रही है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
सत्र : 2025–26
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा–डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा–डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स–रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड–243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू हो सकता है खेल छात्रावास



नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में बालक छात्रावास। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में 5.12 करोड़ की धनराशि से तैयार हुआ है हॉस्टल**

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में बना खेल छात्रावास जुलाई के पहले सप्ताह से संचालित हो सकता है। फिलहाल अभी बालक छात्रावास की शुरुआत होगी। छात्रावास के शुरू होने के बाद दूर-दराज से आने वाले खिलाड़ियों को हॉस्टल में रहकर अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा।

शासन ने सोनकपुर स्टेडियम में स्पोर्ट्स हॉस्टल बनाने के लिए 5.12 करोड़ की धनराशि जारी की थी। दो मंजिला हॉस्टल के निर्माण की जिम्मेदारी राज्य निर्माण सहकारी संघ को दी गई थी। कार्यदायी संस्था ने 12 अगस्त 2023 को निर्माण कार्य शुरू किया था। 11 अप्रैल 2025 तक हॉस्टल निर्माण का समय था लेकिन संस्था ने जनवरी में समय से पहले ही निर्माण कार्य पूरा कर लिया। 60 बेड के छात्रावास में 24 बालिका खिलाड़ी और 36 बालक खिलाड़ियों के रुकने की व्यवस्था है। छात्रावास में क्रिकेट, कुश्ती और कबड्डी का कैंप आने की चर्चा हैं।

क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें अभी एक सप्ताह भी नहीं हुआ है। ऐसे में पूरी जानकारी नहीं है। छात्रावास की शुरुआत को लेकर क्या प्रगति चल रही है, इसकी जानकारी करेंगे। में छात्रावास के लिए किस खेल का कैंप स्वीकृत होता है, इसका निर्णय खेल निदेशालय से होगा। कहा कि खिलाड़ियों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता में है। शासन की ओर से हर मंडल में छात्रावास बनाया जा रहा है ताकि जो किसी कारणवश आगे नहीं बढ़ पाते ऐसे खिलाड़ी हॉस्टल में रहकर अपनी प्रतिभा में चार चांद लगा सकें।

## फास्ट टैग आधारित वार्षिक पास महत्वपूर्ण पहल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केंद्र सरकार के द्वारा 15 अगस्त से 3,000 की कीमत वाला फास्ट टैग आधारित वार्षिक पास शुरू करने की पहल की सराहना लोग कर रहे है। यह पास सक्रिय होने की तिथि से एक वर्ष तक या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगा।



अधिवक्ता गौरव गुप्ता।

टैक्स व जीएसटी मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता गौरव गुप्ता ने इस पहल को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह पास केवल गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों (कार, जीप, वैन आदि) के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है और यह देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा को निर्बाध बनाएगा।

बताया कि वार्षिक पास के सक्रियण/नवीनीकरण के लिए जल्द ही राजमार्ग यात्रा ऐप व NHAI / MoRTH की वेबसाइट्स पर लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल और सुगम होगी। इससे टोल प्लाजा पर प्रतीक्षा समय घटाकर, भीड़ कम करने से विवाद भी समाप्त होंगे। वार्षिक पास नीति लाखों निजी वाहन चालकों के लिए सुगम और बेहतर यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी।

## सार-संक्षेप

### जेपी सिंह बने फेयर की रिसेप्शन कमेटी के अध्यक्ष



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पीतल नगरी के प्रमुख निर्यातक और यंग एंटरप्रेन्योर सोसायटी के अध्यक्ष जेपी सिंह को इंडियन फैशन ज्वेलरी एंड एसेसरीज फेयर की रिसेप्शन कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। यह फेयर आगामी 4 जुलाई से ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में आयोजित किया जाएगा। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस फेयर में फैशन एवं कॉस्टयूम ज्वैलरी के उत्पाद एवं एसेसरीज लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे। जेपी सिंह को फेयर रिसेप्शन कमेटी का अध्यक्ष बनने पर हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज विनोद खन्ना, यंग एंटरप्रेन्योर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, नजमुल इस्लाम, गगन दुग्गल, रोहित ढल व तनवीर बारी आदि ने बधाई दी।

### सुभासपा के पदाधिकारियों के साथ जनहित मुद्दों पर चर्चा



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मानसरोवर कॉलोनी स्थिति सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला कार्यालय पर बुधवार को नगर विधायक रितेश गुप्ता पहुंचे। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ और पार्टी की भेंट स्वरूप एक घड़ी देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सामाजिक, संगठनात्मक और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। नगर विधायक ने हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रवि चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष मुरादाबाद मनोज कुमार जाटव, जिला उपाध्यक्ष आशु सिक्का, जिला कोषाध्यक्ष राहुल ठाकुर, महानगर अध्यक्ष दानिश कुरैशी, जिला संगठन मंत्री अमित चौधरी, जिला सलाहाकार मंत्री शम्मी बजाज आदि मौजूद रहे।

**आज का मौसम**

हल्के बादलों के बीच बूंदाबांदी हो सकती है।

34.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 07 : 15

## एक नजर

### जांच कर रही पुलिस के सामने मारपीट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता तुलसी अग्रवाल ने बताया कि रंजिश के चलते उनके भाई को मां-बहन की गालियां देकर उकसाया और विरोध करने पर उनके खिलाफ मकबरा चौकी में झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। उसी प्रकरण की जांच करने के लिए 14 जून को शाम लगभग 6 :30 बजे मकबरा चौकी इंचार्ज उनके घर पहुंचे थे और सीसीटीवी कैमरों की जांच कर ही रहे थे, तभी आरोपी शीशपाल शर्मा, श्याम शर्मा और रुपेश शर्मा ने गाली-गलौच शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते मारपीट की। पीड़िता के अनुसार तीनों आरोपियों ने एकजुट होकर बदसलूकी की। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** बुधवार को दहेज हत्या के अभियोग में एक वांछित आरोपी गिरफ्तार को थाना कांठ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 30 मई को जियाउद्दीन कुरैशी पुत्र स्व. वजीर अहमद निवासी इंदिरा नगर मोहम्मदी चौक हल्द्वानी जनपद नैनीताल निवासी ने पुत्री के पति व सुसरालियों पर दहेज के लिए हत्या कर देने के संबंध में थाना कांठ में तहरीर दी थी। कार्रवाई के क्रम में बुधवार को थाना कांठ पुलिस ने वांछित अभियुक्त मोहम्मद खालिद पुत्र नसीम अहमद उर्फ लड्डन निवासी ग्राम गढ़ी थाना कांठ को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया गया।

### किराएदार पर जेवरात व नगदी चोरी का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइंस पुलिस को दी गई तहरीर में मकान मालकिन गीता सिंह ने बताया कि आरोपी दंपती उनके मकान में किराए पर रह रहे थे। 15 जून को जब उन्होंने अलमारी की जांच की तो उसमें रखा सामान गायब मिला। जिसमें दो सोने की चेन, एक जोड़ी सोने की बालियां, एक सोने की अंगूठी, छह ग्राम का झुमका और लगभग 250000 की नकदी शामिल है। चोरी की जानकारी होने पर जब पीड़िता ने किराएदारों से पूछताछ की तो वह दोनों अलग-अलग बातें करने लगे और सहयोग करने से इंकार कर दिया। इस संबंध में थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### मारपीट कर निकाला, पति पर एफआइआर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित गुलफशावी ने बताया कि उसकी शादी 7 साल पूर्व आकिल निवासी जयंतीपुर से हुई थी। उनके दो छोटे बच्चे हैं, जिसमें बेटा अबूजर (5) और बेटी अफसानूर (3) है। पति आकिल लंबे समय से उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा था। 16 जून की रात लगभग 10 :15 बजे पति आकिल ने मायके से तीन लाख रुपये लाने को कहा। इंकार करने पर उसने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे धक्के मारकर निकाल दिया। घायल अवस्था में वह थाने पहुंची। थाना मझोला की प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि आरोपी पति आकिल पर केस दर्ज कर लिया गया है।

---

कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन, डीएम ने सुनीं शिकायतें

# नहरों में टेल तक पानी न पहुंचने पर डीएम ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस आयोजित किया गया। उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुनकर प्राथमिकता पर निस्तारित करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान में देरी पर उन्होंने बेलवाड़ा व बिलारी चीनी मिल प्रबंधक को चेतावनी दी।

किसानों ने डीएम को गन्ना मूल्य भुगतान न होने, नहरों में पानी की आपूर्ति न करने, छुट्टा पशुओं से फसल की बर्बादी और खाद की आपूर्ति व बिजली वितरण में अव्यवस्था की शिकायतें बताईं। जिले में नहरों में टेल तक पानी न पहुंचने से सिंचाई की समस्या पर डीएम ने नाराजगी जताई। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को गाड़ी लेकर नहर के रूटका मुआयना करने और जहां पानी पहुंचने में अवरोध उत्पन्न हो रहा है वहां अवर अभियंताओं को लगाकर इसो सुचारू कराने का निर्देश दिया। कहा कि सभी नहरों की टेलों तक पानी की पहुंचना हर हाल में सुनिश्चित करें। जिस नहर में पानी की पर्याप्त उपलब्धता न हो इसकी जानकारी लिखित में दें जिससे शासन को भेजी जा सके। सरकारी ट्यूबवेलों के खराब होने की शिकायत पर संबंधित अधिकारी से कह कि सरकारी ट्यूबवेल जो यांत्रिक अथवा बिजली आपूर्ति न होने से संचालन बाधित हो रहा है उसे ठीक कराएं। वहीं गन्ना मूल्य भुगतान में विलंब पर बेलवाड़ा और बिलारी चीनी मिल प्रबंधक से जानकारी ली, चेतावनी दी कि गन्ना मूल्य अतिशीघ्र हो जाना चाहिए। अन्यथा लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।



किसानों की समस्याएं सुनते डीएम अनुज सिंह, साथ में अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

- बेलवाड़ा व बिलारी चीनी मिल प्रबंधक को दी गन्ना मूल्य भुगतान जल्द करने की चेतावनी
- अधिकारियों को किसानों की समस्या का प्राथमिकता पर निस्तारण का दिया निर्देश

**ढीले तार ठीक कराने को कहा**

हाईटेंशन लाइन के ढीले तारों को ठीक कराने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर ठीक कराने के लिए कहा। छुट्टा पशुओं से फसलों के नुकसान पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को कदम उठाने के लिए निर्देश दिया।

**दवा व पशु चिकित्सक न होने की शिकायत**

नारायणपुर देवा व स्योंडारा के पशु चिकित्सालयों में दवा और पशु चिकित्सक के उपलब्ध न होने की शिकायत किसानों ने की। इस पर डीएम ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से इन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था सुधार कराने के लिए कहा। चिकित्सालयों में आयुष्मान कार्ड से इलाज में पैसा मांगने की शिकायत पर मुख्य चिकित्साधिकारी से इसकी जांच कराने के लिए जिलाधिकारी ने कहा।

किसान दिवस में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, सचिव एमडीए अंजुलता, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय, जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह, उप निदेशक कृषि, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी सहित पंचायत राज, सिंचाई, कोआपरेटिव, बिजली, एनएचएआई व अन्य विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### दूसरे दिन पीटीसी पहुंचे 402 प्रशिक्षु आरक्षी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद मंगलवार से प्रशिक्षु आरक्षी जिले में पहुंचने शुरू हो गए है। एक माह के लिए 514 प्रशिक्षु आरक्षी आएंगे। सभी को 19 जून तक पहुंचने के निर्देश दिए है। बुधवार की शाम तक 402 प्रशिक्षु आरक्षी पहुंच गए। रजिस्ट्रेशन के बाद वेतन के लिए बैंक खाता खुलवाया। उधर एसएसपी ने आरटीसी प्रभारी इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार को नियुक्त किया है।

जिले में एक हजार प्रशिक्षु आरक्षी प्रशिक्षण लेंगे। इसके लिए पुलिस लाइंस में पीटीसी (पुलिस प्रशिक्षण केंद्र) तैयार कर लिया गया है। प्रदेश में पुलिस प्रशिक्षण 22 जुलाई से शुरू होगा, लेकिन उससे पहले 17 जून को मुरादाबाद में जनपद सहारनपुर और शामली के 514 प्रशिक्षु आरक्षी आएंगे। यहां इन्हें एक माह रोका जाएगा। क्योंकि इन्हें मुरादाबाद जिले में तैनाती मिल गई है। ऐसे में यह आमद करा रहे हैं। मंगलवार को 200 तो बुधवार को 202 और पहुंचे।

---

# जिले में बनेगी मॉडर्न मछली मंडी, मत्स्य पालन मंत्री ने की घोषणा

मत्स्य पालकों के सम्मेलन में पहुंचे डॉ. संजय निषाद, बोले- खुलेंगे रोजगार के द्वार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के मत्स्य पालन मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि मुरादाबाद मंडल में मत्स्य व्यापार की अपार संभावनाएं हैं। चंदौली जिले में अल्ट्रा मॉडर्न फिश मंडी विकसित की जा रही है, जो एशिया की सबसे बड़ी मछली मंडी होगी।

इसकी तर्ज पर उत्तर प्रदेश के 6 अन्य जनपदों में अल्ट्रा मॉडर्न मछली मंडी स्थापित की जाएगी। उन्होंने मुरादाबाद में मछली मंडी के निर्माण कराने की घोषणा की। कहा कि इस मंडी में थोक, खुदरा बाजार एवं कोल्ड-चेन, प्रशिक्षण सुविधाएं, प्रोसेसिंग यूनिट, सम्मेलन हॉल, रेस्तरां, ठंडा गोदाम इत्यादि सुविधाएं होंगी। मछली मंडी से व्यापारियों को बेहतर मार्केट एक्सेस, अन्य राज्यों और विदेशों में मछली निर्यात, ट्रांसपोर्ट में लागत में कमी, और स्थानीय युवाओं व मत्स्य पालकों के लिए प्रचुर मात्रा में रोजगार उपलब्ध होगा।



मंडलीय मत्स्य सम्मेलन में उपस्थित निषाद समाज के लोग व मत्स्य पालक। ● अमृत विचार

बुधवार को पंचायत भवन सभागार में मंडल के मत्स्य पालकों के सम्मेलन में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (मत्स्य पालन क्षेत्र हेतु) आदि का लाभ लेने के मत्स्य पालकों को मंत्री डॉ. संजय निषाद ने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सघन मत्स्य पालन एरियेशन सिस्टम, निषाद राज बोट योजना, माता सुकेता केज सिस्टम, मत्स्य पालक कल्याण कोष (शिक्षा, चिकित्सा, आवास, विवाह, दैवीय आपदा एवं अन्य) आदि योजनाएं मछुआ समाज व मत्स्य पालकों के कल्याण के लिए संचालित हो रही हैं। प्रदेश सरकार की मंशा है कि मछुआ समुदाय आर्थिक रूप से सशक्त हो और अधिक से अधिक युवा स्वरोजगार से जुड़ें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य मत्स्य पालकों को लाभ पहुंचाना, मत्स्य उत्पादन को बढ़ाना और मत्स्य व्यापार को सुव्यवस्थित एवं आधुनिक बनाना है, जिससे प्रदेश मत्स्य क्षेत्र में देश में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सके।

सम्मेलन में विभाग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मत्स्य गणेश प्रसाद के अलावा बड़ी संख्या में मछुआ समाज के प्रतिनिधि, मत्स्य पालक और निषाद पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता आदि भी मौजूद रहे।

- मछली व्यापार को मिलेगा विश्वस्तरीय बाजार, प्रदेश बनेगा हब
- चंदौली में विकसित हो रही प्रदेश की सबसे बड़ी अल्ट्रा मॉडर्न फिश मंडी



स्टॉल का निरीक्षण करते मत्स्य पालन मंत्री डॉ. संजय निषाद। ● अमृत विचार

**थाई मंगूर का उत्पादन पूर्णतः प्रतिबंधित**

उन्होंने कहा कि थाई मंगूर का उत्पादन पूर्णत: प्रतिबंधित है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि तत्काल प्रभाव से टीम बनाकर प्रतिबंधित थाई मंगूर के उत्पादन को रोका जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बोले, जनहित एवं पर्यावरण की दृष्टि से ऐसे अवैध कार्यों को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जनता के साथ खड़ी पार्टी को खतरा नहीं : डॉ. निषाद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनता के साथ खड़ी होने वाली पार्टी को किसी तरह का कोई खतरा नहीं है। जो जनता के हित में काम करता है जनता उसे स्वीकार करती है। वर्तमान में इसका उदाहरण सभी के सामने है। 2017 में जब निषाद पार्टी ने भाजपा के साथ चुनाव लड़ा तो जनता ने हाथी और पंजे को साफ कर दिया और साइकिल को आधा कर कमल खिलाया। उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी का गठन निषाद, केवट, बिंद, बेलदार, मल्लाह, साहनी, कश्यप, गोंड समुदायों के सशक्तिकरण के लिए किया गया। भाजपा ने इनके हित की सिर्फ बात नहीं की बल्कि अपने वादों को पूरा किया। उसी का परिणाम है कि सरकार सत्ता में है। वहीं, विपक्ष पार्टियों ने इनका शोषण के नाम पर कुछ नहीं किया। यह बातें कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने पंचायत भवन सभागार में मंडलीय संगोष्ठी के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही। स्वामी प्रसाद मौर्या के ऑपरेशन सिंदूर के बयान पर निशाना साधा, कहा कि उनका अब कुछ बोलना, न बोलना बराबर है। पार्टी के साथ जब वह जुड़े हुए थे तो जनता ने उन्हें बोलने के लिए आवाज दी। लेकिन, तब उन्होंने आवाज नहीं खोली। अब जब जनता ने आवाज छीन तो कोई मतलब नहीं है। स्वामी प्रसाद को जिस पार्टी में रस नजर आता है उसी के राग अलापने लगते हैं।

---

# पूरी रात थाने में होता रहा हंगामा सुबह दोनों पक्षों में हो गया समझौता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अभिनेत्री के हाथों सम्मान न मिलने पर मेकअप आर्टिस्टों ने किया था हंगामा

**अमृत विचार :** दिल्ली रोड स्थित एक होटल में आयोजित मेकअप सेमिनार में अभिनेत्री प्रीति झिंगियानी के हाथों से सम्मान नहीं मिलने के बाद मेकअप आर्टिस्ट पूरी रात मझोला थाने में हंगामा करती रही। पुलिस दोनों पक्षों को समझाने में लगी रही। इस दौरान आयोजक ने लिए गए रुपये में से 10 हजार रुपये वापस कर दिए। बाकी रुपये के लिए चार दिन का समय मांग लिया। जिसके बाद सुबह होने तक दोनों में समझौता हो गया और मेकअप आर्टिस्ट बिना कार्रवाई के वापस चली गई।

लखनऊ की गोल्फ सिटी निवासी रिया सिंह मेकअप आर्टिस्ट हैं। उन्होंने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि कटघर क्षेत्र के शिवपुरी निवासी प्रमोद शर्मा ने उनसे 10 अप्रैल सात जुलाई 2024 के बीच 45 हजार रुपये लिए थे। इन्होंने बताया था कि मई या जून माह में लखनऊ में मेकअप सेमिनार होगा, लेकिन रुपये लेने के बाद इन्होंने अपना मोबाइल बंद कर लिया। आरोप है कि गजरौला की नीशू, हापुड़ की नाज से 65-65 हजार रुपये लिए गए। इसके अलावा स्याना की एक महिला से दो लाख रुपये लिए गए हैं। कार्यक्रम में अभिनेत्री प्रीति झंगियानी भी पहुंची थी। बीते मंगलवार की शाम सात बजे तक तब इन मेकअप आर्टिस्ट को मंच पर बुलाकर सम्मानित नहीं कराया। इसी को लेकर उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया था। काफी देर हंगामा होता रहा। पुलिस ने पहुंचकर किसी तरह मामला शांत किया। दोनों पक्षों को पुलिस ने थाने ले गई थी। पुलिस ने कार्रवाई की बात कही तो समझौते के प्रयास शुरू हो गए। पूरी रात थाने में हंगामा चलता रहा। इसी बीच प्रमोद शर्मा ने 10 हजार रुपये मेकअप आर्टिस्ट के वापस कर दिए। साथ ही बाकी रुपये चार दिन में देने का लिखित आश्वासन दिया। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि पूरी रात दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास चलते रहे। सुबह प्रमोद शर्मा ने रुपये वापस कर दिए। इसके बाद मेकअप आर्टिस्ट ने कार्रवाई कराने से इन्कार कर दिया। कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है और दोनों पक्ष चले गए।

### तांत्रिक हत्याकांड में दो आरोपी और गिरफ्तार

**कुंदरकी, अमृत विचार :** बुधवार को कुंदरकी पुलिस ने तांत्रिक के हत्याकांड के दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

कुंदरकी पुलिस ने बताया कि शनिवार की रात ग्राम हरियाना निवासी तांत्रिक गुलाब सिंह(60) की कुछ लोगों द्वारा हत्या कर दी गई थी जिसमें तांत्रिक की पत्नी बूची की शिकायत पर ग्राम संदलपुर थाना मेंनाठेर निवासी संजीव कुमार पुत्र होली लाल और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मुखबिर की सूचना पर आरोपी संजीव को डींगरपुर रोड पेट्रोल पंप से आगे बाग के पास से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया था। पूछताछ में कुलदीप पुत्र छत्रपाल सैनी, विनोद पुत्र कल्लू सैनी निवासी ग्राम संदलपुर थाना मैनाठेर का नाम प्रकाश में आया था जिन्हें पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# 2027 में बनेगी बसपा की सरकार



बैठक को संबोधित करते पश्चिमी उ. प्रदेश के प्रभारी शमसुद्दीन राइन व मंचासीन पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मंडल कार्यालय पर हुई मंडल स्तरीय समीक्षा में बोले पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी

**अमृत विचार :** बसपा के पाकबड़ा स्थित मंडल कार्यालय पर बुधवार को मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इसमें मुख्य अतिथि बसपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी शमसुद्दीन राइन ने मुरादाबाद मंडल की सभी 27 विधानसभाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विधानसभाओं की सेक्टर कमेटी/बूथ कमेटियों का गठन अगर कर लिया गया है तो 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता।

उन्होंने कहा कि दलित/पिछड़ा/गरीब और मुस्लिम वर्ग के लोगों पर जो अत्याचार हो रहा है उसे केवल बसपा सरकार में ही रोका जा सकता है। कार्यकर्ता बहन मायावती को अपना आदर्श मानता है और उन्हें पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है। बैठक में विधानसभा वार सेक्टर व बूथ कमेटियों के बारे में पदाधिकारियों से जानकारी ली।

नगीना के पूर्व सांसद व मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल गिरीशचंद्र, डॉ. रणविजय सिंह एडवोकेट, सतपाल पीपला, जिला प्रभारी अमर सिंह, जिला संयोजक भाईचारा सतपाल कश्यप, ऋषिपाल सिंह प्रधान ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुरादाबाद एडवोकेट निर्मल सिंह सागर, और संचालन जिला महासचिव चंद्रपाल सिंह सैनी ने किया।

---

# मजदूर का फर्जी बैंक खाता खोलकर लाखों की धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आरोप- बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से उसके नाम से खुलवा लिया खाता

**अमृत विचार :** एक मजदूर ने फर्जी तरीके से उसके नाम पर बैंक खाता खोलकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



पीड़ित फिदा हुसैन।

थाना मझोला क्षेत्र के जयंतीपुर निवासी फिदा हुसैन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि एक्सिस बैंक सिविल लाइंस शाखा में एक व्यक्ति ने बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से उसके नाम से खाता खुलवाया, जिसमें पीड़ित की कोई जानकारी या सहमति नहीं थी। आरोप है कि इस खाते में आरोपी का मोबाइल नंबर व ईमेल दर्ज है, साथ ही उसकी पत्नी को नॉमिनी बनाया गया है। पीड़ित ने बताया कि उस खाते में 3,70,000 रुपये और 19 मार्च 2025 को 3,75,000 रुपये किसी अन्य खातों से ट्रांसफर हुए, जिन्हें उसी दिन आरोपी द्वारा बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से निकाल लिया गया। घटना की जानकारी तब हुई जब हरियाणा पुलिस पीड़ित के घर पहुंची। इसके बाद जब फिदा हुसैन एक्सिस बैंक पहुंचा और जानकारी मांगी तो बैंक कर्मचारियों ने कोई जानकारी देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपी जीशान व संबंधित बैंक कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी व साजिश रचने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

### युवक से मारपीट कर दी धमकी, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित महेश ने बताया कि बीते मंगलवार की सुबह लगभग 8:30 बजे वह रेलवे स्टेशन कटघर से काम खत्म कर अपने गांव लौट रहा था।

जैसे ही वह नया गांव और मछरिया गांव के बीच स्थित पुलिया के पास पहुंचा, तभी उसी के गांव के सुखवी, सुरेश और एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे घेर लिया। तीनों ने उसे बुरी तरह पीटा, गाली-गलौच की और हाथ में तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित का कहना है कि आरोपी उसे अधमरी हालत में सड़क पर छोड़कर फरार हो गए। किसी तरह जान बचाकर महेश थाना कटघर पहुंचा और पुलिस को जानकारी दी। थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

कार्रवाई | पीपलसाना में इंटर कॉलेज प्रबंधन समिति ने सरकारी दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर कब्जाई थी जमीन

# ग्राम समाज की एक हेक्टेयर जमीन कब्जा मुक्त कराई

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार :** मुरादाबाद टिहरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीपलसाना बस स्टैंड स्थित ग्राम समाज की एक हेक्टेयर जमीन को राजस्व विभाग की टीम ने जेसीबी से कब्जा मुक्त कर कब्जे में ले लिया। उक्त जमीन रिजवान उल हक मेमोरियल इंटर कॉलेज प्रबंधन समिति ने सरकारी दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर कब्जाई थी। एसडीएम सदर की जांच में फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद यह कार्रवाई की गई।

बुधवार को जिला मजिस्ट्रेट व उप जिला मजिस्ट्रेट सदर के द्वारा गठित राजस्व विभाग की टीम ने पीपलसाना में रिजवान उल हक मेमोरियल इंटर कॉलेज की प्रबंधक कमेटी, प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों को सूचना देकर मौके पर बुलाया। कमेटी का कोई सदस्य नही पहुंचा। इस पर राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम समाज की पैमाइश कर चिन्हित कर पोल गाड़ कर जमीन कब्जे में ले ली। टीम ने कॉलेज की बाउंड्री को जेसीबी से तोड़ दिया।



कॉलेज प्रबंधन समिति द्वारा कब्जाई गई जमीन की पैमाइश करती टीम। ● अमृत विचार

- एसडीएम सदर की जांच में खुला फर्जीवाड़ा, राजस्व विभाग की टीम ने की कार्रवाई

एसडीएम सदर डॉ. राम मोहन मीणा ने 26 अप्रैल 2025 को जिला मजिस्ट्रेट अनुज कुमार को सौंपी जांच रिपोर्ट में कहा था कि रिजवान उल हक मेमोरियल इंटर कॉलेज प्रबंधन समिति ने सरकारी दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर एक हेक्टेयर जमीन पर अवैध रूप से अपने नाम दर्ज कर कब्जा कर लिया लिया था। जांच में फर्जीवाड़ा उजागर होने पर प्रकरण में वाद दायर कर फर्जी प्रविष्टि निरस्त की गई। कब्जा मुक्त कराई गई चार हजार मीटर जमीन में मंडलीय विज्ञान पार्क और इतनी ही जमीन में फायर स्टेशन की स्थापना करने का प्रस्ताव बनाकर डीएम को भेज दिया। संबंधित विभाग जमीन की उपयोगिता एवं स्थितियों का आंकलन कर अगली रूपरेखा तैयार करेंगे। राजस्व टीम में नायब तहसीलदार पल्लवी वानिया, कानुनगो मोहम्मद युनूस, लेखपाल राहुल, मोहित, अलीम, जितेंद्र आदि शामिल रहे।




पीपलसाना में स्थित रिजवान उल हक मेमोरियल इंटर कॉलेज। ● अमृत विचार

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ
व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर,
ऐनल फिसर रेक्टल
पालिप, पाइलोनिडल
साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# आगे निकलने की होड़ में पलटी डग्गामार बस, बालक की मौत, 12 सवारियां घायल

## रास्ते में सवारी बैठाने को लेकर दोनों बस चालकों ने दौड़ानी शुरू कर दी थी बसें

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



जेसीबी से बस को निकलवाती पुलिस व बड़ी संख्या में एकत्र लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद हाईवे पर बस को एक-दूसरे से आगे निकालने की होड़ में हुई दुर्घटना में 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक की मां भी गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं करीब एक दर्जन सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस प्रशासन व फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को निकाल कर उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को हेल्प सेंटर रेफर कर दिया।



मृतक दीपांशु।

बुधवार सुबह 8:30 ठाकुरद्वारा से दोनों डग्गामार बसें सवारी बैठा कर मुरादाबाद के लिए चली। रास्ते की सवारी बैठाने को लेकर दोनों बस चालकों में होड़ हो गई। चालकों ने बसों को तेज गति में दौड़ना शुरू कर दिया जैसे ही एक बस आजाद नगर गांव के निकट पहुंची पहिया गड्ढे में जाकर बस एक के बाद एक कई गोते लेकर पलट गई। बस में बैठे यात्री चीख पुकार मचाने लगे। आसपास के लोगों ने बस को सीधा करने का प्रयास किया लेकिन बस टस से मस नहीं हुई। दुर्घटना में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भरतावाला निवासी दीपांशु(12) पुत्र जोगेंद्र की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। एक दर्जन यात्री गंभीर घायल हो गए। जिनमें से दो को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। शेष घायलों का उपचार किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस व दमकल विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह ग्वाल ने जेसीबी से दुर्घटनाग्रस्त बस को हटवा कर यातायात को सुचारू कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। तहसीलदार प्रवीण कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायज़ा लिया। तहसीलदार ने बताया कि घटना की जांच रिपोर्ट बनाकर परिवहन विभाग व उच्चाधिकारियों को डग्गामार वाहनों की लापरवाही के संबंध में अवगत कराया जाएगा।

### मां के साथ मौसी के घर से लौट रहा था दीपांशु

कोतवाली क्षेत्र के गांव भरत वाला निवासी जोगेंद्र सिंह की पत्नी मुनेश देवी बेटे दीपांशु को साथ लेकर एक दिन पहले उत्तराखंड की कोतवाली काशीपुर के थाना कुंडा के गांव हरिया वाला के निकट स्थित गांव कुदय्यो वाला में बहन से मिलने गई थी। मां-बेटे मुरादाबाद ठाकुरद्वारा काशीपुर से चलने वाली प्राइवेट बस से गांव लौट रहे थे। गांव से करीब 3 किलोमीटर पहले ही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बेटे की मौत के बाद पिता जोगेंद्र सिंह व परिजनों का बुरा हाल है। चाचा राजेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। सूचना पर नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने परिजनों को सांत्वना दी।

### ये हुए घायल

बस में सवार ममता देवी निवासी सरकडा करीम ठाकुरद्वारा, उदल सिंह उस्मानपुर निवासी, चंद्रप्रकाश निवासी हसूपुरा जहांगीरपुर थाना डिलारी, खेम सिंह निवासी ग्राम हसपुरा थाना डिलारी, सोहेब निवासी ग्राम अब्दुल्लापुर लेद थाना ठाकुरद्वारा सहित एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार किया जा रहा है।

### ग्रामीणों में डग्गामार वाहनों के खिलाफ आक्रोश

ग्रामीणों में डग्गामार वाहनों व परिवहन विभाग के खिलाफ़ भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियम कानून ताक पर रख इन बसों का संचालन हो रहा है जिसकी घोर लापरवाही की वजह से आए दिन लोग हादसे का शिकार होते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ज्यादा सवारी भरने के चक्कर में डग्गामार बस चालक गाड़ी को एक दूसरे से आगे निकालने की होड़ मे इस कदर अंधे हो चुके थे कि दुर्घटनाग्रस्त बस ने अनियंत्रित होकर रोड पर कई पलटे लिए।

## अंत्योदय राशन कार्ड का सत्यापन करेंगे सचिव

**बिलारी, अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवों व ग्राम विकास अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर चल रहे कार्य की समीक्षा की साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर अंत्योदय राशन कार्डों के सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को समीक्षा बैठक में खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह ने ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायत अधिकारी प्रत्येक गांव में अंत्योदय राशन कार्डों का सत्यापन करेंगे। उन्होंने मनरेगा से चल रहे विकास कार्य की समीक्षा जानी। पेंशन लाभार्थियों के सत्यापन करने के निर्देश दिए। कहा कि पांच गोशालाओं में डेढ़ सौ पौधे लगाए जाएंगे। खराब हैंडपंपों को तीन दिन में ठीक करने का समय दिया। इस दौरान सभी पंचायतों के सचिव मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर नजर रखें अधिकारी

संवाददाता, बिलारी



तहसील सभागार में बाढ़ नियंत्रण को लेकर बैठक में निर्देश देते एसडीएम विनय सिंह।

● तहसील में बैठक कर एसडीएम ने दिए निर्देश

**अमृत विचार:** वर्षा ऋतु के शुरू होने से नदियों का जल स्तर बढ़ जाता है। जिससे कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति हो जाती है जिसको लेकर सरकार ने प्रशासन को ऐसे क्षेत्र की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। जिसको लेकर एसडीएम ने तहसील क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर बाढ़ क्षेत्र पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं साथ ही बढ़ सामग्री तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं।

बुधवार को एसडीम विनय कुमार सिंह ने तहसील सभागार में बाढ़ नियंत्रण को लेकर तहसील के अधिकारियों के साथ बैठक की बैठक में एसडीएम ने कहा कि बरसात शुरू होने वाली है। जिससे नदियों का जल स्तर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि बिलारी तहसील क्षेत्र में पूर्व के सालों में

जहां नदी का जल स्तर बढ़ जाता है और पानी कृषि भूमि और आबादी में आ जाता है। ऐसे क्षेत्र को चिन्हित करें जहां कृषि भूमि और आबादी में जल आ जाता है साथ ही उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ऐसे बांढ प्रभावित क्षेत्र को चिन्हित करें जहां बाढ़ चौकियां बनाई जानी है। उन्होंने बाढ़ सामग्री तैयार करने निर्देश भी दिए हैं साथ ही चौकियां पर अधिकारियों की तैनाती भी की जाएगी।

# बारिश ने खोल दी विकास कार्यों की पोल

संवाददाता, डिलारी



डिलारी के गजरौला सैद के मुख्य रास्ते में जलभराव के बीच गिरा बाइक सवार।

**अमृत विचार:** ग्रामीण क्षेत्रों को विकसित करने के लिए एक ओर तमाम तरह की घोषणाएं व पैकेज सरकार द्वारा जारी किए जा रहे हैं। लेकिन प्रशासनिक जिम्मेदार, ग्राम प्रधान व ठेकेदार मिलीभगत कर जनता व सरकार दोनों को चूना लगा रहे हैं। ऐसा ही हाल ब्लॉक डिलारी का है। जहाँ विकास कार्यों ने पहली बारिश में ही दम तोड़ दिया।

गांव गजरौला सैद में पहली बारिश होते ही रास्तों ने तालाब का रूप ले लिया। गांव निवासी नईम, फहीम, इकराम, दिलशाद, अहमद हसन, लियाकत, बाबू, सरफराज, जमील अहमद आदि ने बताया कि प्रधानी को 4 साल से अधिक हो चुके हैं। जिस पर विकास कार्य नाम मात्र को हुए हैं प्रधान ने भेदभाव कर चहेतों के घर के सामने नाली और पक्की सड़क का निर्माण कराया है। बाकी रास्ते पक्के नहीं कराए जिससे बारिश होने पर रास्ते जलमग्न हो गए गांव के में रास्ते में 2 फुट से अधिक पानी हो गया है। इस रास्ते से गुजरकर छोटे बच्चे स्कूल को जाते हैं। नमाजियों को मस्जिद तक जाने में काफी परेशानी हो रही है। कई फिसल कर चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने कहा कि भेदभाव के साथ मिली धनराशि को अपने निजी कार्य में लगा लिया है। ग्रामीणों ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## प्रेमी हिरासत में, किशोरी का कराया मेडिकल

**भोजपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को पुलिस ने ग्रामीण की तहरीर पर पड़ोसी युवक राकिब व उसके परिजनों के खिलाफ बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में केस दर्ज किया था। बुधवार को विवेचना कर रहे उप निरीक्षक शराफत अली ने प्रेमी युगल को बस स्टैंड से हिरासत में ले लिया। जो फरार होने के लिए सवारी का इंतजार कर रहे थे। महिला उप निरीक्षक को पूछताछ में किशोरी ने खुद को बालिग बताते हुए स्वेच्छा से प्रेमी के साथ निकाह करने की बात कही। किशोरी के माता-पिता और परिजन इज्जत की दुहाई देकर उसे घर चलने के लिए मनाते रहे पर उसने किसी की नही सुनी। किशोरी प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी हुई है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया कि प्रेमी हिरासत में थाने में है। किशोरी का जिला अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद उसके बालिग और नाबालिग होने की पुष्टि होगी। तब तक किशोरी नारी निकेतन में रहेगी।

## निजीकरण से बेहद महंगी हो जाएगी बिजली

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े वामपंथी दलों अखिल भारतीय किसान सभा व किसान मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं ने एक बैठक की। जिसमें अहमदाबाद विमान हादसे में 2 मिनट मौन धारण कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बुधवार को पूर्वांचल व दक्षिणांचल में विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण को लेकर संयुक्त बैठक का आयोजन साकिर हुसैन की अध्यक्षता में किया गया। अभाकिमस के प्रांतीय अध्यक्ष कामरेड धर्मपाल सिंह व डॉ. सईद सिद्दीकी ने कहा कि बिजली के निजीकरण का फैसला जनता के खिलाफ है। बिजली कर्मचारी भी लंबे समय से इसके खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। निजीकरण से बिजली बेहद महंगी हो जाएगी। बताया कि 24 को सरकार को संबोधित मांग पत्र एसडीएम ठाकुरद्वारा को सौंपा जाएगा इस दौरान वीर सिंह, हर स्वरूप सिंह, दयाराम साहनी, जगदीश सिंह पांडे, सुरेंद्र सिंह, दुर्योधन सिंह, जहांगीर मौजूद रहे।

# प्याऊ तक रहा पानी की राह, कैसे बुझे प्यास

संवाददाता, मूंढापांडे




रौंडा झौंडा में लगा जर्जर प्याऊ।

● मूंढापांडे में रौंडा-झौंडा चौराहे पर लगा प्याऊ जर्जर

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी की तपिश से लोगों का बुरा हाल है। इतना ही नहीं प्यास की शिद्दत और शीतल जल के अभाव में राहगीर बेहाल हैं। पुलिस चौकी के समीप स्थित प्याऊ का नामोनिशान ही नहीं। प्याऊ के नाम पर खोखा रखा जरूर मिल जाएगा। जबकि यहां से कोई दिन नहीं जब जिम्मेदार गुजरते न हो। शायद उनकी नजर इस ओर न गई हो यहीं समझा जाएगा।

मूंढापांडे क्षेत्र के रौंडा-झौंडा चौराहे पर पुलिस चौकी के समीप मरहूम सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान वर्क के सौजन्य से शीतल जल का प्याऊ स्थापित किया गया था। जिससे मुख्य चौराहे से गुजरने वाले और पुलिस चौकी पर फरियाद लाने वाले लोगों को शीतल जल के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। कुछ दिनों के बाद राहगीरों को शीतल जल की व्यवस्था धड़ाम हो गई।

जिसके बाद राहगीरों को छोड़िए इस भीषण गर्मी में प्याऊ खुद पानी की राह ताक रहा है। क्षेत्र के मुख्य चौराहे पर प्याऊ की बदहाली और राहगीरों के लिए शीतल जल की व्यवस्था का बंदोबस्त सालों से नहीं होने से लोग परेशान है। बुधवार को अमृत विचार की पड़ताल में लोगों ने भीषण गर्मी में लोगों ने शीतल जल की व्यवस्था किए जाने की मांग की।



पुलिस चौकी के समीप प्याऊ बंद है। शर्म आनी चाहिए। पानी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं कर सकते। लोगों की मदद क्या करेंगे? - शमशुल मालिक



सोशल मीडिया की राजनीति छोड़ जिम्मेदारों को धरातल पर उतरना चाहिए। क्षेत्र में अनेक नेता है किसी ने ध्यान नहीं दिया। - सोनू कुमार



चौकी के समीप प्याऊ है। यहां समाजसेवियों का आना लगा रहता है। ध्यान न जाना स्वार्थ की राजनीति का संकेत है। - एड. शहनवाज खान



मुख्य अड्डा होने के बावजूद जल की व्यवस्था न होना चिंताजनक है। बंद पड़ा प्याऊ चालू किया जाए। राहगीरों को राहत मिलेगी। - सुशील शर्मा

## सार संक्षेप

### नशीली कोल्ड ड्रिंक पिला सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी महिला ने दर्ज कराए केस में आरोप लगाया कि वह एक निजी फाइनेंस कंपनी में काम करती है। इस कंपनी में ठाकुरद्वारा के बड़ा बाजार निवासी रोहित सैनी, तरुण और डिलारी अब्दुल्लापुर पूर्वी निवासी सुमित कुमार भी काम करते हैं। आरोपी रोहित ने महिला को झांसा दिया कि वह कंपनी में रकम लगा दें। इसमें उसे बड़ा मुनाफा होगा। उसने अपनी, रिश्तेदारों व परिचितों की रकम लगा दी। पीड़िता का कहना है कि वह रोहित और उसके साथियों को करीब एक करोड़ 14 लाख रुपये दे चुकी है। रकम लेने के बाद आरोपियों ने उसे मुनाफा दिया और न ही उसकी मूल रकम वापस की। पीड़िता ने आरोपी पर रकम देने के लिए दबाव बनाया तो आरोपी टाल मटोल करने लगा। पीड़िता का कहना है कि एक दिन आरोपी ने उसे रकम वापस देने के बहाने एक मकान में बुला लिया। यहां आरोपी ने उसे कोल्ड ड्रिंक पिला दी। वह बेहोश हो गई तो तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने होश में आने पर विरोध किया तो आरोपियों ने उसे धमकी देकर भगा दिया। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है

### चालक को गोली मारने के आरोपी समेत दो भेजे जेल

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** सुपरटेक सोसायटी गेट के सामने चालक को गोली मारने के मामले में पाकबड़ा पुलिस ने मुख्य आरोपी पवन और उसके साथी अमित उर्फ नन्हे को गिरफ्तार कर दोनों को बुधवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। घटना रविवार शाम की है, जब माता वाली मिलक निवासी अजीत सुपरटेक सोसायटी के गेट के सामने चाऊमीन पैक करवा रहे थे। इसी दौरान गांव का ही निवासी पवन वहां पहुंचा और अजीत की पीठ में गोली मार दी। हमले के बाद पवन फरार हो गया था। घायल अजीत को पुलिस ने तुरंत दिल्ली रोड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। जांच में सामने आया कि वारदात में पवन के साथ उसका साथी अमित उर्फ नन्हे निवासी माता वाली मिलक भी शामिल था। पुलिस ने मंगलवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

### 2027 में बनने जा रही है सपा सरकार: विधायक

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम सफीलपुर में बुधवार को सेक्टर सफीलपुर के बूथ प्रभारियों के साथ सपा की पीडीए जनपंचायत हुई। जिसमें सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि 2027 में सपा सरकार बनने से सर्वांगीण विकास होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश की विधानसभाओं के सभी सेक्टरों में पीडीए जनपंचायत आयोजित कर पीडीए को मजबूत करने का अभियान जारी है। कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है, प्रदेश सरकार द्वारा नई भर्ती न निकाले जाने से बड़ी संख्या में नौजवान बेरोजगार घूम रहे है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उसमान एड, सेक्टर प्रभारी एपी यादव, सद्दाम सैफी ग्राम प्रधान, मोहर सिंह मौर्य, मेघ सिंह मौर्य, लीलाधर मौर्य, आकाश भटनागर, पृथ्वीराज प्रजापति, सीताराम प्रजापति, रामचरण कश्यप मौजूद रहे।

### कुएं पर मकान बनाकर कब्जे का लगाया आरोप

**कांठ, अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तराखंड लोकसभा प्रभारी जियाउद्दीन कुरैशी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार कांठ योगेश कुमार शर्मा को सौंपा। जिसमें बताया कि तहसील कांठ के ग्राम गढ़ी में ग्राम समाज का सार्वजनिक कुआं बना था, जिस पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर अवैध कब्जा कर लिया है। कई बार शिकायत की गई परंतु कुएं की भूमि से अवैध अतिक्रमण नहीं हटवाया गया है, जिसे लेकर लोगों में आक्रोश है। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कुवैत से अवैध कब्जा हटवाकर कुएं की मरम्मत करा कर उसे दोबारा चालू करने की मांग की है। जिससे लोगों व पशुओं को पेयजल की समस्या न हो। ज्ञापन पर शाहिद हुसैन, फारुख हुसैन, लाल मोहम्मद, शाहबाज कुरेशी आदि के हस्ताक्षर है।

### गंदगी फैलाने पर चालान कर वसूलें जुर्माना

**कांठ, अमृत विचार :** एसडीएम ने वार्डों का निरीक्षण कर गंदगी फैलाने वाले लोगों के विरुद्ध चालान कर जुर्माना वसूलने के निर्देश ईओ नगर पंचायत ऊमरी कलां को दिए हैं। एसडीएम संत दास पवार ने बुधवार को ऊमरी कलां नगर पंचायत में अनेक वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक वार्ड में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए संतोष जाहिर किया। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली की सराहना की। उन्होंने कहा कि मोहर्रम का पर्व बहुत नजदीक आ रहा है, और वर्षा ऋतु भी प्रारंभ होने वाली है इसलिए नालियों में पानी इकट्ठा न होने दें, स्वयं भी श्रमदान करें और नागरिकों को इसके लिए प्रोत्साहित करें। एक दो वार्डों में पत्तों का ढेर दिखने पर नाराजगी जाहिर करते हुए ईओ ऊमरी कलां को चालान कर जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए।

### नैनो यूरिया के प्रयोग के प्रति किया जागरूक

**छजलैट, अमृत विचार :** बुधवार को इफको द्वारा बिक्री केंद्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नैनो यूरिया के लाभ पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण केंद्र मनोहरपुर व छजलैट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. विश्वेन्द्र, अध्यक्ष प्रशिक्षण केंद्र, अन्य क्षेत्र प्रतिनिधि सुरेश मौर्य, शिवम सहित जनपद के 50 बिक्री केंद्र प्रभारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मेहंदी रत्ताज ने की। बिक्री केंद्र प्रभारियों व किसानों को बहुद्देश्यीय खेती करने की सलाह दी बताया कि मुर्गीपालन, जैविक खेती आदि कर किसान आमदनी बढ़ा सकता है। डॉ. विश्वेन्द्र ने खरीफ धान फसल में लगने वाले कीट बीमारी की रोकथाम की जानकारी दी व इफको द्वारा उत्पादित नैनो वर्ग के भविष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उत्पाद ही भविष्य में काम आएंगे। मिट्टी की उर्वरता को बचाने के लिए नैनो उर्वरक जरूरी है। जिनका प्रयोग सीधा पत्ती में जाता है और जमीन में पल रहे लाभकारी जीवाणुओं को कोई नुकसान नहीं होता है। जीवाणु जिंदा रहने से ही मृदा में ऑर्गेनिक कार्बन की वृद्धि होगी।

### 48 महिलाओं ने दी सूक्ष्म सखी परीक्षा

**छजलैट, अमृत विचार :** विकास खंड छजलैट के सभागार में बुधवार को ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सूक्ष्म उद्यम सखी के चयन हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 48 महिलाओं ने प्रतिभाग किया, परीक्षा का आयोजन सहायक विकास अधिकारी आई एस बी सतीश कुमार, खंड विकास अधिकारी निर्मल कुमार द्विवेदी की देखरेख में कराया गया, जिसमें पूर्ण ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई ने भी सहयोग किया। इस मौके पर दिलशाद, मनीष, गोपाल, आदि मौजूद रहे।

### नियमित योगाभ्यास स्वास्थ्य के लिए वरदान

कांठ, **अमृत विचार :** थाना परिसर में बुधवार सुबह योग सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान थाने में नियुक्त सभी पुलिसकर्मियों ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया। बुधवार सुबह कांठ थाने में पुलिसकर्मियों ने योगाभ्यास किया। यहां योग प्रशिक्षक डॉ. अरविंद कुमार बिश्नोई व आचार्य देवेंद्र सिंह ने क्राइम इंस्पेक्टर रामनरेश यादव, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुभाष धनकड़ सहित पुलिस कर्मियों को योग कराते हुए उससे होने वाले लाभों को बताया। क्राइम इंस्पेक्टर रामनरेश यादव ने कहा कि नियमित योगाभ्यास स्वास्थ्य के लिए वरदान है। योग प्रशिक्षकों ने कहा कि योग करने से शरीर में प्रतिरक्षण क्षमता बढ़ती है। वहीं ग्राम पंचायत कुचावली में ग्रामीणें को योग कराया गया, जिसमें एडीओ सूरज नायक ने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान पति ऋषिपाल सिंह, सूरज नायक, बी सी आशीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं कुसुम देवी पत्नी स्व. जय प्रकाश निवासी सूर्य नगर, लाईनपार (निकट गुप्ता सीमेंट स्टोर के पास) थाना मझोला, मुरादाबाद सूचित करती हूं कि मेरा पुत्र अभिषेक कुमार व उसकी पत्नी कंचन प्रजापति गलत संगत में पड़ गये हैं। तथा हमारे कहने में नहीं चलते है और गलत व्यवहार गाली गलौच करता है इससे परेशान होकर मैं अपने पूरे होशों-हवास में अपने पुत्र को बेदखल कर रही हूं। आज से अभिषेक कुमार व पत्नी कंचन से मुझसे व मेरे छोटे पुत्र और परिवार से कोई मतलब नहीं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### वार्ड ब्वाय ने की युवती से छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

रामपुर ,अमृत विचार : जिला अस्पताल में इंजेक्शन लगवाने गई युवती से वार्ड ब्वाय ने छेड़खानी कर दी। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। पीड़िता के मामा ने कोतवाली थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने वार्ड ब्वाय पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गंज थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि उसकी भांजी की तबीयत खराब होने के कारण वह 17 जून को अस्पताल में दवा लेने गई थी।डॉक्टर ने इंजेक्शन लगवाने को कहा। इस दौरान वार्ड ब्याय ने युवती के इंजेक्शन लगाने के दौरान उससे छेड़खानी कर दी। युवती के शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गई। पीड़िता के मामा ने कोतवाली थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बाइक सवार युवक को पीटा, 4 पर केस दर्ज

रामपुर,अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव जटपुरा निवासी बरकत अली का कहना है कि उसका अपने तहेरे भाइयों से जमीन कुरी बंदी होने वाली थी, लेकिन मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसी बाद से उसके रिश्तेदार उससे रंजिश मानते हैं। आरोप है कि 16 जून को उसका बेटा समीर बाइक से कहीं जा रहा था कि रास्ते में आले जहीर, छुट्टन, वशीर,यूनुस ने रास्ते में रोककर उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसको लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बार सभागार में हुई शोकसभा

रामपुर,अमृत विचार : बुधवार को बार सभागार में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता कृपाल सिंह के बेटे का निधन हो जाने पर शोक सभा आहूत की गई। दो मिनट का मौन धारण करके अधिवक्ता के बेटे की आत्मा की शांति के लिए दुआ की गई। इस दौरान बार अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू, महासचिव ठाकुर कौशलेंद्र सिंह, रोहित कुमार, राहुल गुप्ता, अरविंद्र कुमार सैनी, रिजवान अली आदि मौजूद रहे।

### हल्द्वानी पुलिस का विष्णु विहार में छापा,कार चालक को उठाया

रामपुर, अमृत विचार : सोने चांदी के जेवर चोरी होने के मामले में हल्द्वानी पुलिस ने बुधवार को एक घर में छापा मारा। उसके बाद कार चालक को पुलिस अपने साथ लेकर रवाना हो गई। सोना तस्करी से लेकर खुफिया जानकारी पाकिस्तान को बताने में जिला हमेशा से बदनाम होता चला आ रहा है। जिसके चलते दूसरों जिलों की पुलिस आकर टांडा में छानबीन करके चली जाती है,लेकिन अब सिविल लाइन के विष्णु विहार में भी एक चोरी के मामले को लेकर हल्द्वानी पुलिस ने शक के आधार पर बुधवार को एक कार चालक के घर का लोगों से पता किया। लोगों का कहना है कि कुछ महिलाएं कार में बैठकर सोने चांदी के जेवर खरीदने के बहाने वहां पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देती थी। सीसीटीवी कैमरे में कार चालक और महिलाओं की शिनाख्त होने पर पुलिस चालक को पकड़कर ले गई। सिविल लाइन इंस्पेक्टर संजीव कुमार का कहना है कि उनको इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### जिरह पूरी, अगली सुनवाई 7 जुलाई को होगी

रामपुर,अमृत विचार : डूंगरपुर से जुड़े मामले में बुधवार को गवाह प्रिन्स शर्मा कोर्ट में पेश हुए। उनकी जिरह पूरी हो गई। अब इस मामले में 7 जुलाई को सुनवाई होगी। डूंगरपुर में बनी कालोनी में मकानों पर बुलडोजर चलवाकर उनको ध्वस्त कर दिया गया था। इस मामले में सपा नेता आजम खां सहित कई आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने विवेचना करते हुए चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। उसके बाद से इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि गवाह प्रिन्स की सुनवाई पूरी हो गई है। अब इस मामले में 7 जुलाई को होगी। जबकि यतीमखाने से जुड़े मामले में 20 जुलाई को सुनवाई होगी।

# मौसम बदलते ही लाल हुआ टमाटर, रुलाने लगा प्याज

## बरसात होने से सब्जियों की कीमतों में भारी उछाल आया, हरा धनिया भी 100 रुपये किलो, लहसुन के तेवर तल्ख

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


दुकान पर बिकतीं सब्जियां। अमृत विचार

अमृत विचार : मौसम का मिजाज बदलते ही सब्जियों की कीमतों में उछाल आ गया है। कल तक 10 रुपये किलो बिकने वाले टमाटर का भी रंग लाल होने लगा है। 10-15 रुपये किलो बिकने वाली प्याज भी रुलाने लगी है। आलू, प्याज के साथ मुफ्त में मिलने वाला हरा धनिया 100 रुपये किलो हो गया है इसके साथ ही लहसुन के तेवर भी तल्ख हैं।

पिछले सप्ताह तक सब्जियों के दाम ठीक थे लेकिन, रविवार के बाद सब्जियों के दामों बढ़ोतरी हुई है। 40 रुपये किलो बिकने वाली फूल गोभी 80 रुपये किलो हो गई है। हरा धनिया भी 100 रुपये किलो बिक रहा है। इसके अलावा करेला, लौकी और अरबी के दाम भी चढ़े हुए हैं। 40 रुपये किलो बिकने वाली अदरक बाजार में इस समय 60 रुपये किलो बिक रही है। फल एवं सब्जी एसोसिएशन के अध्यक्ष तनवीर गुड्डू बताते हैं कि फुटकर दुकानदारों की मनमानी से दाम बढ़े हैं। जिसके मन में जो आ रहा है उसी हिसाब से सब्जी और मसाले बेच रहा है। प्रशासन यदि सख्ती बरते तो काफी हद तक महंगाई पर अंकुश लग सकता है।

**सब्जियों के बढ़े दाम इस प्रकार हैं**

| सब्जी | पिछले सप्ताह प्रति किलो | इस सप्ताह प्रति किलो |
|---|---|---|
| करेला | 20 रुपये | 40 रुपये |
| गोभी | 50 रुपये | 80 रुपये |
| टमाटर | 10 से 15 रुपये | 40 रुपये |
| हरी मिर्च | 30 से 40 रुपये | 50 रुपये |
| प्याज | 10 से 15 रुपये | 25 से 30 रुपये |
| आलू | 10 से 15 रुपये | 20 से 25 रुपये |

हरी सब्जियों के दाम प्रतिदिन ऊपर नीचे होते रहते हैं। सीजन में सब्जी के साथ हरा धनिया और हरी मिर्च मुफ्त मिलती है। लेकिन, बरसात में उत्पादन कम होने के कारण हरा धनिया समेत तमाम सब्जियों के दाम चढ़ जाते हैं। अदरक कर्नाटक से आ रही है जैसे ही पहाड़ी क्षेत्र से अदरक आएगी इसके दाम नीचे आ जाएंगे।
–मनोज सूरी, मंडी सचिव

**सब्जी के दामों पर कम मुनाफा लें फुटकर विक्रेता :** फल एवं सब्जी एसोसिएशन के सेक्रेट्री मोहम्मद आमिर ने कहा कि सब्जी के फुटकर विक्रेता सब्जियों पर कम मुनाफा लें। ताकि, मध्यम वर्ग को सब्जियों को खरीदने में दिक्कत नहीं आए। मंडी और खुदरा के दामों में जमीन आसमान का अंतर है। कहा कि प्रशासन भी फुटकर विक्रेताओं पर शिकंजा कसे ताकि, बाजार में रेट कंट्रोल हो सकें।

### बोले सब्जी विक्रेता


बरसात के कारण सब्जियों के दाम चढ़ने लगे हैं। आवक कम होने के कारण आलू, प्याज और हरी मिर्च के भी दाम बढ़ गए हैं। – नंद किशोर


बरसात शुरू होते ही हर सब्जी पर 10 से 20 रुपये किलो की तेजी आई है। बरसात के मौसम में सब्जियां महंगी हो जाती हैं। – अरुण सैनी


मौसम बदलते ही सब्जियों के दामों में तेजी आ जाती है। अब अक्टूबर नवंबर में सब्जियों के दाम नीचे आ जाएंगे। इस दौरान सब्जी महंगी रहेगी। – नरेश सैनी


सब्जी महंगी खरीदारी कर सस्ती बेचनी पड़ रही हैं। ग्राहक पुराने दामों पर सब्जी की मांग कर रहा है। सब्जी बेचना मजबूरी है क्योंकि सब्जी बिकी या फिर फिकी। – नन्हू

### पालिकाध्यक्ष ने जगमग रोड का किया उद्घाटन

बिलासपुर,अमृत विचार: रात में जगमगाता शहर बनाने की मुहिम में जुटी मंगलवार रात पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने लोकार्पण किया। सभासदों व गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में चेयरमैन ने बटन दबाया और सभी लाइटें एक साथ जल उठीं। इसके बाद मिष्ठाई बांटी गयी। यह ऑप्टिकल पोल नगर सीमा में हाईवे स्थित पटेल चौक से लेकर केमरी मार्ग पर दूर तक लगाए गए हैं। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत 150 ऑप्टिकल लाइट पोलों को लगाया जाएगा। दूसरे चरण में हाईवे पर अहरो तिराहे से मुख्य चौराहा होते हुए कोतवाली तक तथा हाईवे से बाजार वाली पुलिया को जाने वाले दोनों रास्तों पर बाकी पोल लगाने का काम चल रहा है। अनिल मदान, डा. बलविंदर सिंह, परमजीत कौर पोला, राजू तनेजा, परवेज खां मामू, मोहम्मद नावेद, भूरा खां, दुष्यंत अग्रवाल, नाजिम खां, फैजान खां, मोहसिन खां, कुमारी प्रिया, मोहम्मद इमरान आदि मौजूद रहे।

# बिजली कटौती को लेकर आप ने किया प्रदर्शन

**हंगामा**

- योगी सरकार प्रदेश की जनता को लालटेन काल में ले जा रही
- राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन बिलासपुर एक्सईएन को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



बिजली कटौती को लेकर प्रदर्शन करते आप से जुड़े लोग। अमृत विचार

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश में बदहाल विद्युत व्यवस्था और घंटों पॉवर कट के मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने केमरी बिजली घर पर विरोध प्रदर्शन दर्ज किया। पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और प्रमुख नेताओं ने इकट्ठे होकर योगी सरकार की बिजली कटौती के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन बिलासपुर एक्सईएन को सौंपा।

प्रदेश प्रवक्ता फैसल खान लाला ने कहा कि प्रदेश में लगातार बिजली महंगी हो रही है। बिजली और उस पर घंटों बिजली की कटौती की मार झेल रही प्रदेश की जनता, सरकार से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बिजली कटौती के कारण आम आदमी और किसान बेहद परेशान हैं। कहा कि चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में घंटों बिजली कटौती से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिले में 10 से 12 घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। जिसके चलते आम आदमी को अपने दैनिक जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों का पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है, घरों में पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है और व्यावसायिक गतिविधियां भी ठप हो रही हैं।

जिलाध्यक्ष अंसार अहमद ने कहा कि किसानों को भी बिजली कटौती के कारण अपनी फसलों की सिंचाई करने में परेशानी हो रही है, जिससे उनकी फसलें खराब हो रही हैं। उनकी आय प्रभावित हो रही है। यूपी में बिजली कटौती एक बड़ी समस्या है, लेकिन सरकार इस समस्या से निपटने के बजाए लगातार बिजली की दरों में वृद्धि के काम में लगी हुई है। सरकार द्वारा प्राइवेट कंपनियों को बिजली बिल निकालने का ठेका देने से भी आम आदमी पर फर्जी बिजली बिलों का बोझ बढ़ गया है प्राइवेट कंपनियों द्वारा घरों में जाकर मीटर रीडिंग लेने के बजाय मनमाने तरीके से लोगों की बढ़ी मीटर रीडिंग भरकर जो भ्रष्टाचार का खेल खुलेआम चलाए जा रहा है। उस पर सरकार पूरी तरह मौन है। यह सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार का एक और उदाहरण है। आम आदमी पार्टी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांग की है कि प्रदेश सरकार बिजली कटौती के मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करें। जिससे आम जनता को 24 घंटे बिजली मिल सकें। सरकार फर्जी मीटर रीडिंग को लेकर कंपनियों की चल रही मनमानी पर सख्ती से कदम उठाए और इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

**यह लोग रहे मौजूद**

अंसार अहमद, मोहम्मद जफर, यासीन गुड्डू, रय्यान खान, शारिक परवेज, मोहम्मद वकील, अब्दुल अय्यूब, फैजान सैफी, वकील हैदराबादी, तनवीर खान, नियाज अहमद, फायजा बी, शाहीन बी, अब्दुल कादिर, आसिफ रजा, इकबाल हुसैन, परवेज अली, शाकिर अली, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद वाहिद, जावेद हबीब, मोहम्मद वली, अब्दुल समद, वसी खां, अरहम खां, महेश सैनी, आदित्य शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### स्लोगन व वाद विवाद प्रतियोगिता में मुनज्जा अव्वल


विजयी छात्राओं को पुरस्कार देतीं मुख्य अतिथि। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,रामपुर,अमृत विचार : योग सप्ताह के तहत स्लोगन और वाद विवाद प्रतियोगिता में मुनज्जा अली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर प्रतियोगिताएं आयोजित हुई थी। राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कालेज में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा स्लोगन व वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। छात्राओं ने जागरूकता संदेश लिखकर स्लोगन बनाए। वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्राओं ने योग की जीवन में महत्व पूर्ण भूमिका, पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रतिभागी छात्राओं को कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने चयनित किया। स्लोगन में प्रथम स्थान पर मुनज्जा अली, द्वितीय स्थान पर उनेजा अली तथा अलीना तृतीय स्थान पर रही। वहीं वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मुनज्जा अली और द्वितीय पर अरहमा रहीं। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रभारी डॉ. शहजी अरज्जुम ने सभी को पुरस्कृत किया। बताया कि आयुष विभाग के पोर्टल पर योग संबंधित फोटो अपलोड करने पर प्रदेश स्तर प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में राजीव कुमार एवं अर्चना गुप्ता का सहयोग रहा। इस मौके पर नाजिया खान,खदीजा, अफीका, सुरेंद्र कुमार, राकेश कुमार और नितिन कुमार उपस्थित रहे।

### क्लब फुट कोई लाइलाज बीमारी नहीं


कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि। अमृत विचार

रामपुर,अमृत विचार : जिला चिकित्सालय में क्लब फुट से ग्रसित नवजात शिशुओं को वर्ल्ड क्लब फुट-डे के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आरके वर्मा ने फुट ब्रेस वितरित किए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और अनुष्का फाउंडेशन द्वारा यह कार्यक्रम किया गया। ग्रसित बच्चों के माता-पिता को जागरूक किया कि क्लब फुट कोई ऐसी लाइलाज बीमारी नहीं है। समय रहते इसका इलाज पूर्णतया संभव है और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बिलकुल मुफ्त में जिला चिकित्सालय में प्रत्येक बुधवार में किया जा रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के क्लब फुट से ग्रसित 43 बच्चों का इलाज बिलकुल मुफ्त में किया गया है। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. लखवीर सिंह, डीईआईसी मैनेजर मोहम्मद उवैस, अनुष्का फाउंडेशन से सबाहत अली प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर व क्लब फुट से ग्रसित नवजात शिशुओं के माता-पिता मौजूद रहे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने कर्मचारियों को बांटे हेलमेट


बाइक सवारों को हेलमेट बांटते जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर, अमृत विचार : भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि यदि आप दो पहिया वाहन चला रहे हैं, तो आपके लिए यह ध्यान देने की बात है कि आपके पास हेलमेट अवश्य हो। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के लिए यह संदेश जारी किया है। हेलमेट सिर्फ चालान से बचने के लिए नहीं है, बल्कि जिंदगी और परिवार की खुशियों को भी सुरक्षित करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कार्यालय के कर्मचारियों को हेलमेट वितरित किए। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बुधवार को राम विहार कार्यालय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कार्यालय के सभी सफाई कर्मियों, कंप्यूटर ऑपरेटरों और अन्य कर्मचारियों को हेलमेट वितरित किए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अब कोई भी कर्मचारी बिना हेलमेट के कार्यालय न आएं। हम चाहते हैं कि हमारे कर्मचारी और कार्यकर्ता सुरक्षित रहें। हेलमेट पहनना केवल कानूनी आवश्यकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक होने का प्रतीक है। इसलिए सभी दो पहिया वाहन चालकों को इस बात का ध्यान रखना होगा कि वो जब भी कार्यालय आएंगे, तो हेलमेट जरूर लगाएंगे। जीवन की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। हेलमेट न पहनना केवल नियम का उल्लंघन नहीं, बल्कि स्वयं के जीवन के साथ खिलवाड़ है। सिर्फ दो पहिया वाहन चालक ही नहीं, बल्कि चार पहिया वाहन चालक भी सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि, मोहन कुमार लोधी, अशोक विश्नोई, विक्रम सिंह, अर्जुन रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

### रुक-रुक कर हो रही बारिश से लोगों को राहत

संवाददाता,बिलासपुर,अमृत विचार : क्षेत्र में रुक रुककर हो रही बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। वहीं क्षेत्र के लोगों को भीषण गर्मी से काफी हद तक राहत मिली है। मंगलवार रात और बुधवार सुबह बारिश का क्रम रुक रुक कर जारी रहा। तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी। जबकि दिनभर आसमान में बादल छाए रहे, जिससे मौसम सुहावना रहा। पिछले कुछ दिन से काले बादलों ने आसमान में डेरा डाल रखा है। इसी बीच रात्रि में बारह बजे बिजली की चमक के साथ बादल झूमकर बरसने लगे। बारिश ने मौसम खुशनुमा कर दिया। मानसून आने से पहले पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी पर लगाम लगी और क्षेत्र में झमाझम बारिश होने लगी। क्षेत्र में दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और हवाएं चलती रही जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं, नगर के कुछ मोहल्लों में लोगों को जलभराव की समस्या से भी जूझना पड़ा। सफाई न होने की वजह से नाले नालियां चौक हो गईं। उनका गंदा पानी मकानों तक में घुस गया।नालियों का पानी मकानों में घुसने पर स्थानीय लोग पालिका पर लापरवाही किए जाने का आरोप लगाते नजर आए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था के नाम पर पालिका ने लाखों रुपया खर्च कर दिया। मगर स्थिति वैसी की वैसी बनी हुई है।

# 20 से कम बच्चों वाले परिषदीय स्कूल होंगे मर्ज, सूची तैयार करने को हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: शासन से आदेश मिलने के बाद अब बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से 20 से कम बच्चे वाले स्कूलों की सूची तैयार करने को लेक र बुधवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी बीईओ को सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि बच्चों को लेकर आगे की रणनीति तैयार की जा सके।

बेसिक शिक्षा विभाग को सुधारने के लिए शासन की ओर से कुछ न कुछ नए आदेश बच्चों से लेकर शिक्षकों के लिए जारी किए जाते हैं। ताकि बच्चे आराम से पढ़ सके। बच्चों को मिड-डे मिल से हर प्रकार की सुविधाएं दी जाती हैं। स्कूलों में शिक्षा मित्र से शिक्षक तक पढ़ाने के लिए तैनात किए गए हैं, लेकिन अब सरकारी स्कूलों में बच्चों की कम संख्या को देखते हुए नए फरमान जारी किए गए हैं। जिसमें कहा है कि जिन स्कूलों में 20 से कम बच्चें हैं। उनकी सूची तैयार करके डीएम को उपलब्ध कराई जाए।

जिसके बाद विभाग की ओर से सूची तेजी के साथ तैयार करने को लेकर बुधवार को बीएसए कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें सभी खंड शिक्षाधिकारियों को सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। जिला समन्वयक सुनील कुमार ने बताया कि बैठक के करके अभी सूची बीईओ से मांगी गई है। उसके बाद डीएम कार्यालय में जमा की जाएगी।

# डंडिया और पीपली वन में अवैध कटान की शिकायत

रामपुर, अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन तोमर के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सनजोर अली पाशा ने डीएफओ को दिए ज्ञापन में किसानों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

डीएफओ ने किसानों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन में कहा गया है कि बिलासपुर, रामपुर, मिलक रेंज में किसानों का एक-एक कागज महीनों तक पड़ा रहता है। शिकायत करने पर भी कोई संज्ञान नहीं लिया जाता है। आरोप है अवैध कटान चरम सीमा पर है। पीपली और डंडिया वन में सरकारी लकड़ी को काटा जा रहा है। यदि कोई किसान अपनी जरूरत के कारण सूखा पेड़ भी काट ले तो वन विभाग के अधिकारी उस पर जुर्माना डाल देते हैं। कहा गया है कि ग्राम बीवरा, रवाना, चंदवा में आम के बाग काट दिए गए लेकिन, बिलासपुर रेंज के अधिकारियों ने बाग कटने का संज्ञान नहीं लिया।

# दहेज में कार न मिलने पर दिया तलाक, पति समेत 5 पर केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता,रामपुर अमृत विचार: दहेज में कार नहीं मिलने पर ससुरालियों ने बहु को घर से निकाल दिया। उसके बाद वह मायके आ गई। जहां उसने सारा मामला परिजनों को बताया। सिविल लाइन थाने में पीड़िता ने तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने पति सहित पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव मडैयान शादी निवासी नजराना का कहना है कि उसकी शादी दो साल पहले जिला मुरादाबाद के थाना कुंदरकी के गांव हाथीपुर चित्तु निवासी नदीम से हुई थी। शादी के कुछ समय तक सब कुछ ठीक रहा। उसके बाद ससुरालियों ने उससे दहेज में एक कार की मांग कर दी। मांग पूरी होने पर ससुरालियों ने उसको पीटना शुरू कर दिया। कार नहीं देने पर तलाक की धमकी देते थे। वह मायके चली गई,जहां उसने सारा मामला बताया, उसके कुछ दिनों क बाद फिर से दोनों पक्षों में समझौता हो जाने के बाद महिला अपनी ससुराल आ गई। कुछ दिनों के बाद आरोपियों ने फिर से महिला से कार की मांग कर दी। नहीं होने पर उसको 8 जून को घर से निकाल दिया। उसके बाद से महिला मायके में रह रही थी। पीड़िता ने सिविल लाइन थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने पति सहित 5 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पति सहित 5 पर दहेज हत्या की रिपोर्ट

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : मिलक क्षेत्र के बरा गजेजा में ससुरालियों पर दहेज की खातिर विवाहिता की हत्या का आरोप है। पुलिस ने पति सहित 5 के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्जकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

क्षेत्र के ग्राम परम निवासी राम करन की 24 वर्षीय पुत्री सुमन का विवाह 1 साल पहले क्षेत्र के ग्राम बरा गजेजा निवासी रमाशंकर के बेटे अनिल के साथ हुआ। मंगलवार की देर रात्रि सुमन की मौत हो गई।


सुमन की फाइल फोटो।

बुधवार सुबह करीब 6:30 बजे मृतका के पति अनिल ने मृतका के भाई हरीश को फोन कर बताया कि सुमन की तबीयत खराब है। सूचना पर परिजन मृतका सुमन की ससुराल ग्राम बरा गजेजा पहुंचे तो देखा कि मृतका का शव फर्श पर पड़ा था। तब उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मृतका के भाई हरीश ने बताया कि उनकी बहन सुमन पूर्व में फोन पर कई बार कह चुकी थी कि उसके ससुराल वाले आये दिन दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करते हैं। एक लाख की मांग कर रहे हैं। मृतका के भाई हरीश ने बताया कि हम दहेज की मांग पूरी न करने पर पति अनिल, सास विद्या, ससुर रमाशंकर, देवर अजय व ननद ने मिलकर सुमन की हत्या की है। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत होने की सूचना मिली थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है और तहरीर मिलने के बाद पांच के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

**मौसम** रामपुर, मुरादाबाद, बरेली सहित कई जिलों में भारी बारिश का अनुमान

# तेज बारिश के लिए जारी किया गया येलो अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : गरज-चमक के साथ झमाझम वर्षा के लिए मौसम वैज्ञानिकों ने येलो अलर्ट जारी किया है। रामपुर, मुरादाबाद, बरेली, बिजनौर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, जालौन, हमीरपुर समेत कई जिलो में भारी वर्षा का अनुमान जताया गया है। मंगलवार को आधी रात के बाद गरज-चमक के साथ बारिश हुई और फसलें लहलहा उठी।

मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तेज वर्षा के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम वैज्ञानिकों ने 19 जून तक येलो अलर्ट जारी किया गया है। विशेषज्ञों की माने तो बादल गरजने के साथ वज्रपात, तेज हवा चलने की संभावना है। तेज बारिश और आंधी में इमारतों, कच्चे घरों, दीवारों और झोपड़ियों को नुकसान हो सकता है। इसके अलावा तेज हवा से बागान और खड़ी फसलों को नुकसान हो सकता है। बताया गया है कि तेज बारिश के कारण खड़ी फसलें गिर जाती हैं और जलभराव हो जाता है। जिससे फसलों को नुकसान होता है और पैदावार कम हो जाती है।


आसमान में कुछ इस तरह से छाए रहे बादल। अमृत विचार

19 जून को गरज चमक के साथ तेज बारिश होने का अनुमान है। किसान फसलों में खाद नहीं डालें और सिंचाई भी नहीं करें।
–डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक कृषि विवि मेरठ।

**आर्द्रता 85 प्रतिशत, लोग पसीना-पसीना :** मंगलवार को आधी रात के बाद तेज बारिश से कुछ देर को मौसम खुशगवार हो गया। लेकिन, सुबह होते ही तेज धूप निकल आई इसके बाद आसमान में बादल मंडराने लगे। आर्द्रता 85 प्रतिशत तक पहुंच गई जिसके कारण पूरे दिन लोग पसीना-पसीना होते रहे। रात को बारिश होने से अधिकतम ताप 32 डिग्री सेल्सियस हो गया। लेकिन, वायुमंडल में नमी बढ़ने से उमस बढ़ गई।

# उत्पादन बढ़ाने के लिए जून में जुताई करें किसान : राणा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि ग्रीष्मकालीन जुताई जून में की जाती है। जोकि फसल चक्र, सहफसली खेती, ग्रीष्मकालीन जुताई आदि कम लागत में गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। ग्रीष्मकालीन जुताई का मुख्य उद्देश्य एवं उसके लाभों में ग्रीष्मकालीन जुताई करने से जमीन की संरचना में सुधार होता है और जमीन की जल धारण करने की क्षमता बढ़ती है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि खेत की कठोर परत को तोड़ कर जमीन के विकास के लिए अनुकूल बनाने के लिए ग्रीष्मकालीन जुताई अत्याधिक लाभकारी है। खेत में उगे हुए खरपतवार एवं फसल अवशेष मिट्टी में दबकर सड़ जाते हैं, जिससे जमीन में जीवांश की मात्रा बढ़ती है। मृदा के अंदर छिपे हुए हानिकारक कीड़े मकोड़े उनके अंडे, लार्वा, प्यूपा एवं खरपतवारों के बीज गहरी जुताई के बाद सूर्य ही की तेज किरणों के संपर्क में आने से नष्ट हो जाते हैं। गर्मी की गहरी जुताई के बाद जमीन में पाये जाने वाले हानिकारक जीवाणु, कवक, निमेटोड एवं अन्य हानिकारक सूक्ष्म जीव मर जाते हैं जो फसलों में बीमारी के प्रमुख कारण होते हैं।

# कैंटर की चपेट में आया ई-रिक्शा छात्रा की मौत, 3 की हालत गंभीर

## ई-रिक्शा चालक भी घायल, मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को सीएसची में भर्ती कराया

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचारः** मदरसे से छुट्टी के बाद घर जा रही छात्राओं की ई-रिक्शा में तेज गति से आ रहे कैंटर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें मदरसे की एक छात्रा की मौत हो गई। जबकि ई-रिक्शा चालक एवं तीन छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। वही कैंटर ओर उसके चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है। हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया।

बुधवार दोपहर स्वार बिलासपुर मार्ग नौगजा स्थित मदरसा इस्लामिया फातिमा लील बनाज से छुट्टी के बाद छात्राएं गांव मधुपुरा, मधुपुरी ई-रिक्शा से घर जा रही थी। जैसे ही उनका ई-रिक्शा धनौरी गांव से आगे पहुंची। तभी स्वार दिशा कि ओर से तेज गति से आ रहे कैंटर ने पीछे से ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिसमें मधुपुरा निवासी कक्षा पांच की छात्रा 14 वर्षीय अनम पुत्री गुलाम रसूल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मधुपुरी निवासी 10 वर्षीय छात्रा मायरा 8 वर्षीय छात्रा सिदरा पुत्री इदरीस 10 वर्षीय छात्रा अदीबा पुत्री शफीक एवं नगर के मोहल्ला काशीपुर निवासी ई-रिक्शा चालक फईम खां पुत्र अहमद रजा खां गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर घायलों को सीएचसी भिजवाया। मृतक छात्रा के परिजनों ने किसी भी कार्रवाई से इंकार किया है। दुर्घटना के बाद भाग रहे कैंटर चालक को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। छात्रा की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



बेटी की मौत पर बिलखता पिता।

### भारी वाहन दौड़ने के कारण हो रहे हादसे

स्वार और दढ़ियाल मार्ग पर भारी वाहन दौड़ने के कारण हादसे हो रहे हैं। इन वाहनों पर रोक लगाने के लिए ग्रामीण अधिकारियों से ज्ञापन के माध्यम से कह चुके हैं लेकिन उसके बाद भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। लोगों का अब रोड पर चलना तक दुश्वार हो गया है। इससे पहले भी कई बाइक सवार डंपर और कैंटरों की चपेट में आ जाने के कारण अपनी जान से हाथ तक धो बैठे हैं। उसके बाद भी दिन भर भरी वाहन चलते रहते हैं।

# विद्यालय बंद करने की योजना से ग्रामीणों में नाराजगी

**रामपुर, अमृत विचार :** सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हुई थी। इसका उद्देश्य 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना था। सरकार ने प्रत्येक गांव और मझरे में प्राथमिक विद्यालय तथा प्रत्येक किलोमीटर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय की स्थापना हेतु भवन सहित सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए थे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चरन सिंह के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद शर्मा ने कम व अपर्याप्त छात्र संख्या के आधार पर विद्यालयों को बंद कर, अन्य विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती की योजना बनाई है। जबकि परिवार कल्याण कार्यक्रम के चलते जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आई है, वहीं दूसरी ओर विभाग ने अधो मानक विद्यालयों को मान्यता दे रखी है। कई गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय अब भी अधिकारियों की मिलीभगत से संचालित हो रहे हैं, जिससे सरकारी विद्यालयों में नामांकन घटा है। सरकार का कहना है कि उत्तर प्रदेश में छात्र-शिक्षक अनुपात मानक के अनुरूप है, तो फिर विद्यालयों को बंद करने की आवश्यकता क्यों? यदि शिक्षकों की कमी है, तो नई भर्तियाँ की जानी चाहिए। पूर्व में करीब 20 हजार विद्यालयों का मर्जर कर शिक्षकों की पदोन्नति के अवसर समाप्त कर दिए गए। 2015 से आज तक किसी भी शिक्षक की पदोन्नति नहीं हुई है। इससे न केवल कार्यरत शिक्षकों की तरक्की रुकेगी, बल्कि डीएलएड व बीटीसी पास युवा शिक्षक बनने का सपना भी खो बैठेंगे। मुख्यमंत्री से मांग है कि इस आदेश को तत्काल निरस्त किया जाए। राज्य में यदि शराब की दुकानों की संख्या बढ़े और विद्यालयों की घटे, तो ऐसी नीतियां स्वाभाविक रूप से जनाक्रोश का कारण बनेंगी। ग्रामीणों को जब पता चलेगा कि उनके गांव का विद्यालय शिफ्ट हो रहा है, तो उनका आक्रोश स्वाभाविक है।

## सार-संक्षेप



गोष्ठी के दौरान मौजूद कर्मचारी। अमृत विचार

### आईजीआरएस कर्मियों के साथ हुई गोष्ठी

**रामपुर,अमृत विचार :** पुलिस लाइन में आईजीआरएस कर्मियों के साथ एएसपी अतुल कुमार ने गोष्ठी की। उसके बाद उन्होने सभी कर्मचारियों के समस्याओं को सुना। फिर इनसे संबंधित कर्मचारियों को समस्याओं को निस्तारण करने के निर्देश दिए।

### किसान दिवस में उठा बिजली व विकास का मुद्दा

**रामपुर, अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में बुधवार को किसान दिवस की बैठक में बिजली और विकास से संबंधित मुद्दे उठे। भाकियू टिकैत के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद के नेतृत्व में किसानों ने ग्राम आर्सल पार्सल में ट्रांसफार्मर बदले जाने की मांग की। सूरज पाल गुजर निवासी मिसरीनगर जुनूबी तहसील सदर ने बताया कि अरविंद गुजर का 4 जनवरी 2023 को सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। आज तक कृषक दुर्घटना विमा योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ। ग्राम सराबा तहसील टांडा में लोकनिर्माण द्वारा सीसी रोड डाली जा रही है साथी ही नाली का निर्माण किया जा रहा है। जिससे सड़क तंग हो गई है जब की बराबर में 8 मीटर जगह खाली छोड़ी जा रही है जो की गलत है नियम अनुसार रोड बड़ा कराया जाए। चाकरपुर कदीम तहसील शाहाबाद नलकूप संख्या 102 इसका बोरिंग खराब है सैदनगर ब्लॉक के गगननगला सहरिया जवाहर लालपुर सैदनगर तत्काल नलकूप पूर्ण रूप से ठीक कराए जाए। सिंचाई की ज़मीन चाकू चौराहे के पास में है जिस पर अवैध कब्जा हो रहा है। सीडीओ नंदकिशोर कलाल ने समस्याओं को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सभी राजकीय बीज भंडारों पर धान, उर्द मूंग, का बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। जोकि कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इच्छुक किसान संबंधित विभाग से सम्पर्क कर योजना का लाभ ले सकते हैं। तहसील मिलक ग्राम श्यामपुर के सर्वेश गंगवार ने मक्का की उपज निजी व्यापारियों द्वारा सस्ते दाम पर खरीदने की समस्या से जिला विकास अधिकारी को अवगत कराया। सीडीओ ने किसानों की समस्याओं का जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया।

### योग से जीवन सकारात्मक व संतुलित होता है : डा. नीलिमा

**संवाददाता,बिलासपुर, अमृत विचार :** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। साथ ही आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि योग को अपनाकर हम अपने जीवन को अधिक सकारात्मक और संतुलित बना सकते हैं। बुधवार को गांव कुआंखेड़ा स्थित महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं एकत्र हुए। इसके पश्चात उन्होंने शिक्षकों के साथ योगाभ्यास किया। आयोजित गोष्ठी में कार्यक्रम संयोजिका डॉ. नीलिमा सिंह ने कहा कि आज के आधुनिक जीवन में, हम सभी तनाव, चिंता, और शारीरिक बीमारियों से ग्रस्त हैं। हमारी दिनचर्या अत्यंत व्यस्त हो गई है और हमारे पास अपने स्वास्थ्य के लिए समय निकालना मुश्किल हो गया है। ऐसे में योग एक अद्भुत साधन है, जो हमें शांति और स्वास्थ्य प्रदान कर सकता है। इसके माध्यम से हम शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शांति प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. शिवओम शर्मा ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक लचीलापन, मांसपेशियों की मजबूती और शरीर की समग्र फिटनेस में सुधार होता है। यह विभिन्न बीमारियों, जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों को नियंत्रित करने में सहायक है।

### महात्मा गांधी स्टेडियम में हुआ योगाभ्यास



स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में योगाभ्यास करते लोग।

**रामपुर, अमृत विचार :** इंडियन योग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश एवं क्रीड़ा भारती के स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ विषय पर योग के सिग्नेचर इवेंट के क्रम में कामन योग प्रोटोकाल 2025 का इंडियन योग एसोसिएशन की डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अंतरा यादव के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकाल के अंतर्गत चालन क्रियाएं ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, हलासन, भुजंगासन, वज्रासन, शासकासन एवं अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, प्राणायाम शान्ति पाठ अभ्यास कराया गया। योग सत्र में डॉ .अनूप कुमार सिंह, जिलेश कुमार, डॉ. रामकृष्ण, तुषार शर्मा, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### स्कूल व कॉलेजों में छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर ,अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के स्कूल, कालेजों में छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया। राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को कालेज प्राचार्य डॉ. जागृति मदान ढींगड़ा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। छात्र-छात्राओं ने सर्व प्रथम छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार किया।कॉलेज परिसर में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स एवं प्राध्यापकों ने प्रतिभा किया। एनसीसी प्रभारी डॉ. बिजेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स को बताया कि योग से विद्यार्थियों में एक नई ऊर्जा का संचार होता है और उनकी मानसिक एकाग्रता में वृद्धि होती है। बताया कि योग मनुष्य को निरोगी रखता है। एनसीसी सीनियर अंडर ऑफिसर प्राची राठौर ने सभी छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स को सूर्य नमस्कार के बारह चक्रों का अभ्यास कराया और उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक मुजाहिद अली, डॉ. सोमेंद्र सिंह, डॉ. नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के 11 साल की बताईं उपलब्धियां

संवाददाता,मिलक



कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपा नेता एवं पदाधिकारी। अमृत विचार

- ग्राम भैसोड़ी में प्रधानमंत्री के 11 साल बेमिसाल के संबंध में कार्यक्रम आयोजित
- हर घर जल योजना के तहत 15 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया

**अमृत विचारः** मुख्य अतिथि भाजपा नेता कुमार नरेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने रोटी कपड़ा और मकान के तहत सबसे पहले 140 करोड़ में से 81 करोड़ जनता को निशुल्क राशन देने की व्यवस्था करी उसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना में 4 करोड लोगों के आवास का निर्माण करवाया।

बुधवार को ग्राम भैसोड़ी में सेवा सुशासन जनकल्याण के 11 साल बेमिसाल होने के मौके पर प्रधानमंत्री के कार्यकाल की उपलब्धियां के संबंध में कार्यक्रम में हुआ। भाजपा नेता कुमार नरेंद्र सिंह गंगवार ने कहा कि हर घर जल योजना के तहत 15 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 51 करोड़ लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान किया। उसके बाद प्रधानमंत्री सोने दी योजना के अंतर्गत 68 लाख रहनी पटरी विक्रेता को बिना जमानत के ऋष्ठा उपलब्ध कराया। फसल बीमा योजना के तहत किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 7 करोड़ किसानों को 10 लाख करोड़ की सहायता प्रदान की। किसान सम्मान निधि के रूप में 6000 प्रति किसान अब तक 3.7 लाख करोड़ किसानों को किसान सम्मन निधि से लाभान्वित किया। पीएम फसल योजना एक करोड़ 75 लाख दावे निपटाए 7 करोड़ किसानों को 10 लाख करोड़ की सहायता पहुंचाई। मुद्रा योजना के तहत छोटे उद्योगों को 32 लाख करोड़ 52 करोड़ उपलब्ध कराया। मुसलमानों के लिए तीन तलाक कानून से मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलवाया। लॉकडाउन के दौरान 20 करोड़ महिलाओं को नगद सहायता आदि प्रदान की इस तरह से बहुत सारी योजनाएं शौचालय बनवाए। पूरे देश में विकास की गंगा बहाई। इसी मौके पर राजीव गंगवार ने कहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क बनवाई। इस मौके पर राजीव गंगवार, चंद्रभान मित्तल, शुभम गंगवार, मुकेश गंगवार, दिनेश गंगवार, महेंद्र सिंह गंगवार, सोनू,बसंत कुमार आदि मौजूद रहे।

# शादी से एक दिन पहले युवक की हत्या के मामले में प्रेमिका को राहत

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**फॉलोअप**

- युवती ने कहा -घरवालों की मर्जी से करना चाहती थी शादी, खुद को बताया निर्दोष
- एफआईआर में दर्ज प्रेमिका का नाम हटायेगी पुलिस

**अमृत विचारः** शादी से एक दिन पहले हुई युवक निहाल की हत्या के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। इस मामले में पीड़ित युवती गुलफ्शा ने सामने आकर बयान दिया है कि वह अपने परिवार की मर्जी से शादी करना चाहती थी और उसका इस हत्या से कोई लेना-देना नहीं है। गुलफ्शा के इस बयान के बाद उसके परिजनों ने राहत की सांस ली है। वहीं, पुलिस अब एफआईआर से गुलफ्शा का नाम हटाने की तैयारी कर रही है।

गंज थाना क्षेत्र के फीकरों वाला फाटक निवासी 22 वर्षीय निहाल का 14 जून को अपहरण हो जाने के बाद उसकी 15 जून की रात को एक फरमान की निशानदेही पर रतनपुरा में शव मिला था। उसके बाद पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर मृतक निहाल की मंगेतर गुलफ्शा, उसके प्रेमी सद्दाम अनीस और फरमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। उसके बाद पुलिस ने फरमान को जेल भेज दिया। जबकि युवती के प्रेमी सद्दाम को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था,अब पुलिस और गहनता से जांच कर रही है। अब हत्या में नया मोड़ आया है। जिसमें युवती का सोशल मीडिया के सामने आकर कहा है। वह अपने माता पिता की मर्जी से शादी करती।हत्या में उसका कोई हाथ नहीं है। सद्दाम जबरन उससे प्यार करने के लिए कहता था।वह उसके घर पर कढ़ाई करवाने के लिए आता जाता था। जिसके बाद परिजनों को भी राहत की सांस मिली है, लेकिन पुलिस ने अभी तक इस मामले में क्लीन चिट नहीं दी है। एफआईआर में उसका नाम शामिल है। वहीं पुलिस का कहना है कि सद्दाम से पूछने पर उसने बताया कि निहाल को कपड़े दिलवाने के लिए उसके पिता से फोन करवाया था। उसके बाद वह निहाल को अपने साथ ले गया था।

### हत्या का मुद्दा सोशल मीडिया पर छाया

शादी एक दिन पहले युवक का अपहरण करने के बाद उसकी मंगेतर द्वारा अपने प्रेमी से हत्या करवाने का मुद्दा पूरे प्रदेश भर में छाया है। हर ग्रुप में इस घटना को शेयर किया जा रहा है। इतना ही नहीं इस घटना को सोनम रघुवंशी जैसे कांड से जोड़ा जा रहा है। भोट के गांव धनपुरा में भी लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। पीड़ित वह किसी तरह से पुलिस से बचने की गुहार लगा रहा है कि हमारा इस हत्याकांड से कोई मतलब नहीं है।

# नवीन मंडी में 70 शेड पर चला बुलडोजर



बुधवार की शाम नवीन मंडी में ध्वस्त किए गए आढ़तियों के शेड। अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचारः** डूंगरपुर स्थित नवीन मंडी में बुधवार को 70 शेड पर बुलडोजर गरजा। मंडी सचिव के नेतृत्व में कार्रवाई हुई। इस कार्रवाई से व्यापारियों में आक्रोश है। फल एवं सब्जी एसोसिएशन के अध्यक्ष तनवीर खां उर्फ गुड्डू ने कहा कि आढ़तों पर शेड ध्वस्त कराए जाने से पहले मंडी परिसर में मुनादी कराई जाती। शेड हटाए जाने के लिए प्रशासन की ओर से आढ़तियों को नोटिस दिए जाते। बुधवार को अपराह्न 2 बजे मंडी सचिव मनोज सूरी के नेतृत्व में बुलडोजर नवीन मंडी में पहुंचा और आढ़तियों के शेड तोड़े जाने की कार्रवाई शुरू कर दी। फल एवं सब्जी एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि मंडी में आमिर खां, इकराम उर्फ पप्पू, नूर मोहम्मद, नवीन सैनी, अतहर मियां, इकबाल भाई, खान आढ़ती समेत करीब 70 आढ़तियों के शेड ध्वस्त कर दिए गए हैं। कहा कि आढ़तियों ने व्यापारियों का सौदा धूप और बारिश से बचाने के लिए शेड लगवाए थे। शेड में व्यापारी भी बैठ जाते थे और शेड से किसी को कोई दिक्कत नहीं थी। लेकिन, मंडी सचिव ने बुधवार की दोपहर शेड ध्वस्त करा दिए। कहा कि मंडी सचिव को पहले मंडी परिसर में शेड हटाए जाने के लिए मुनादी कराना चाहिए थी।

> मंडी सचिव ने बिना किसी पूर्व सूचना के आढ़तियों के शेड ध्वस्त करा दिए हैं। बुधवार की देर शाम तक शेड ध्वस्त कराए जाने की कार्रवाई की गई है। ध्वस्त कराने से पहले आढ़तियों को सूचना दी जाना चाहिए थी।
>
> **-आमिर खां,** महामंत्री फल एवं सब्जी एसोसिएशन।

# बारिश के पानी से 12वीं बार कटा कारसेवा से बना बांध

संवाददाता, बिलासपुर



बारिश के पानी से कटा बांध। अमृत विचार

अमृत विचारः खजुरिया क्षेत्र के सीमांत बरेली बार्डर स्थित खमरिया बैगुल नदी पर कारसेवा के माध्यम से बनाएं बांध पर बारिश के पानी का जल स्तर बढ़ने के कारण कट गया। किसानों ने बांध कटने से किसी का कोई नुकसान होना नहीं बताया। वहीं एसडीएम ने बांध पर पहुंचकर निरीक्षण किया। खमरिया बैगुल नदी पर पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार के नेतृत्व में किसानों ने कारसेवा के माध्यम से 12 वीं बार बांध बनाया गया था जोकि बारिश के पानी का जलस्तर बढ़ने के कारण सोमवार की रात कट गया। पूर्व विधायक ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा विजयनगर पिपलिया में पूरब दिशा में धौरी नदी पर कलवर्ट पुल का निर्माण कार्य हुआ है। जिस धौरी नदी का पानी निकलने के लिए एक वैकल्पिक रास्ता बना दी थी। जिससे पानी की निकासी पूरी तरह से नहीं हो सकी।अगर पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी दो दिन पहले पानी के निकासी के रास्ते को बढ़ा देते तब किसानों द्वारा कारसेवा से बांधा गया बांध नहीं कटता। सरकारी कर्मचारियों का इंतजार करते करते खजुरिया थाना प्रभारी राजीव कुमार की मौजूदगी में तमाम किसानों के सहयोग से धौरी नदी पर पानी की निकासी का रास्ता बढ़ाने का कार्य किया। किन्तु पानी का जलस्तर काफी अधिक था। इसलिए बांध कटने से नहीं रुक सका। सूचना पर एसडीएम अरुण कुमार ने कटे हुए बांध पर पहुंचकर पूरे बांध क्षेत्र का भौतिक निरीक्षण किया।

# शहर में कहीं बरसे बदरा तो कहीं रहा सूखा





शहर में रजा डिग्री कॉलेज रोड पर बारिश में भीगते हुए जाते लोग। अमृत विचार

**रामपुर,अमृत विचारः** बुधवार की शाम को शहर में कहीं बदरा बरसे तो सिविल लाइंस क्षेत्र सहित कई जगहों पर सूखा रहा। शहर में कुछ देर बारिश होने के बाद थम गई, इसके बाद उमस से लोग बेहाल हो गए। घरों और कार्यालयों में गर्मी से बेहाल रहे। बारिश होने से तापमान में कमी तो आई है लेकिन उमस काफी बढ़ गई है। इसके अलावा बिजली की आंख मिचौली ने लोगों को परेशान किया।उपकेन्द्र रजा इंटर कॉलेज के 33/11 केवीए से क्षेत्र के मिस्टनगंज में 18 जून की रात 12 बजे से बिजली आपूर्ति ठप है। सोशल एक्टिविस्ट राकिम खां ने बताया कि रात 12 बजे से बिजली ठप होने के कारण 8000 से अधिक उपभोक्ताओं गर्मी की मार रात भर झेलते रहे। रजा बिजली घर के जेई विजय पाल सिंह ने बताया कि रात 12 से लाइन में फाल्ट आने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी।

# दुष्कर्म के आरोपियों की तलाश में हिमाचल पुलिस ने दबिश दी

**बिलासपुर :** हिमाचल प्रदेश पुलिस ने दुष्कर्म के तीन आरोपियों की तलाश में स्थानीय पुलिस के साथ जगह-जगह छापेमारी की। हालांकि छापेमारी के दौरान कोई भी आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग सका। पुलिस की छापामार कार्रवाई के दौरान खलबली मची रही। बुधवार की दोपहर हिमाचल प्रदेश के थाना न्यू शिमला महिला थाना में तैनात महिला उपनिरीक्षक कमला, हेड कांस्टेबल विपिन आदि पुलिसकर्मियों के साथ स्थानीय कोतवाली पहुंचकर आमद कराई। बाद में उन्होंने प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात की। इस दौरान हिमाचल पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक को बताया कि 12 जून को नाबालिग किशोरी साथ दुष्कर्म के मामले में प्राथमिक दर्ज की गई थी। इस मामले में शामिल तीन आरोपी बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के नगर के अलग-अलग मुहल्लों तथा गांव में रहते हैं। जिनकी तलाश में हिमाचल पुलिस आई है। इसके पश्चात हिमाचल पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ आरोपियों की तलाश में दबिशें दी। लेकिन पुलिस के हाथ कोई आरोपी नहीं लग सका। इस पर कस्बा चौकी प्रभारी ललित कुमार ने बताया किन्ही आरोपियों की तलाश में हिमाचल पुलिस आई थी। हालांकि वह पुलिस को नहीं मिल पाये ।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

Website:
www.ner.indianrailways.gov.in
ई-मेलः dycmmiznd@gmail.com
मु०कार्याधि० / स्था०क्रय०
आई०डी०: choslpiznd@gmail.com
सी०यू०जी० 09794840782
Fax No.: 0581-2518138
Website: http://www.ireps.gov.in
निविदा सूचना सं. 02
दिनांक 17.06.2025
ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक / पूर्वोत्तर रेलवे / इज्जतनगर कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **क्र.सं. 1: निविदा सं०:** 40255083B **खुलने की तिथि:** 14.07.2025; **सामग्री का विवरण:** सप्लाई इन्स्टालेशन एण्ड कमीशनिंग ऑफ नॉन सीएनसी हाइड्रोलिक प्रेस ब्रेक मशीन कैपेसिटी 200 टन एस पर स्पेशीफिकेशन; **मात्राः** 1 अदद; **बयाना राशि (₹):** 1,52,700/-; **1.** उपरोक्त निविदा आईआरईपीएस के साइट **www.ireps.gov.in** पर स्थित है। जो प्रतिष्ठान इलेक्ट्रॉनिकली पंजीकृत हैं वे ई-टेण्डर में सम्मिलित हो सकते हैं। जो प्रतिष्ठान डिजिटल सर्टिफिकेट नहीं प्राप्त किये हैं वे अधिकृत एजेन्सी जो भारत सरकार के द्वारा अधिकार पत्र आईटी अधिनियम 2000 से अधिकृत हैं उनसे प्राप्त कर सकते हैं। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। **2.** उप मुख्य सामग्री प्रबंधक /पूर्वोत्तर रेलवे /इज्जतनगर कार्यालय से जारी विज्ञापित निविदा एवं बुलेटिन निविदाएं केवल ईपीएस (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से खोली जा रही हैं। उप मुख्य सामग्री प्रबंधक / पूर्वोत्तर रेलवे / इज्जतनगर कार्यालय से जारी निविदा में भाग लेने के इच्छुक निविदाकार, उन्हें डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट प्राप्त करना होगा एवं अपने प्रतिष्ठान को क्रिश / न्यू दिल्ली में पंजीकृत कराना होगा। **3.** निविदा सूचना के अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रकाशन में भिन्नता होने की तिथि में अंग्रेजी प्रकाशन मान्य होगा। **4.** एलोकेशन शीर्ष निविदा प्रपत्र, जमानती धनराशि का 00844519 है।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक
मुजाधि / एस-20 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें

**आयोजन** कांग्रेसियों के संगठन सृजन अभियान के तहत स्वार और मसवासी में हुई बैठक

# युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए जनसंपर्क अभियान जरूरी

संवाददाता, स्वार/मसवासी





बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष । अमृत विचार

**अमृत विचारः** संगठन सृजन अभियान के तहत स्वार विधानसभा क्षेत्र के मसवासी, नरपत नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गईं। जिनमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर कांग्रेस से जुड़ने की इच्छा जाहिर की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा ने कहा कि युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए जनसंपर्क अभियान जरूरी है।

मसवासी नगर के सभासद मोहसिन अंसारी और नरपत नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा शाहनवाज अंसारी एडवोकेट के निवास पर तथा स्वार नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा सैयद मुकर्रम मियां के निवास पर हुआ। इन बैठकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा उर्फ निक्कू पंडित ने पदाधिकारियों को संगठन सृजन अभियान को सफल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। कहा कि संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए पदाधिकारियों को ब्लॉक, जिला और प्रदेश स्तर पर कांग्रेस संगठन को प्रभावशाली और सक्रिय बनाने के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए। पदाधिकारियों को अपने कार्यकर्ताओं को राजनीतिक दृष्टि से प्रशिक्षित करने, नेतृत्व कौशल और संवाद क्षमता बढ़ाने के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना और सामाजिक आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी करना पार्टी के जनसंपर्क को और अधिक सशक्त बनाएगा। जनसंपर्क और सोशल मीडिया जैसे प्रचार-प्रसार के माध्यम से पार्टी की नीतियों और गतिविधियों को आम लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए, जिससे कांग्रेस की जनपक्षधर छवि और मजबूत हो सके। संगठन के भीतर लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रोत्साहित करते हुए निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और सभी सदस्यों की भागीदारी तय करना अनिवार्य है। यदि कार्यकर्ता इन विचारों को आत्मसात करें और निष्ठा से कार्य करें, तो कांग्रेस संगठन को मजबूत और प्रभावी बनाया जा सकता है।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग, मची भगदड़

**संवाददाता मसवासी,अमृत विचारः** क्षेत्र के बिजारखाता में तकनीकी खराबी के कारण ट्रांसफार्मर में धमाके के साथ आग लग गई। उसके बाद ट्रांसफार्मर धूं-धूं कर जलता रहा। तेज धमाके के साथ फट गया। जिससे बैंक चौराहे पर भगदड़ मच गई। लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। बुधवार शाम बिजारखाता में जिला सहकारी बैंक शाखा के निकट रखा 100 केवी का ट्रांसफार्मर की चिंगारी जलने से धीरे-धीरे आग की लपटों में बदल गया। देर तक उसमें आग की लपटे उठती रही। धूं-धूं कर जलता रहा। कुछ देर के बाद उसमें तेज धमाका हुआ। आग की लपटों और तेज हो गई। जिससे चाय के होटल पर बैठे लोगों में भगदड़ मच गई। स्वार बाजपुर मार्ग पर वाहनों का आवागमन भी थम गया। बताया जाता है कि ट्रांसफार्मर पर अत्यधिक लोड के कारण आए दिन आज की लपटें उठती रहती है। बिजली व्यवस्था चौपट हो जाती है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली कर्मी मामूली तकनीकी खराबी को दूर करने में जानबूझकर विलंब करते हैं जिस ट्रांसफार्मर आज की भेंट चढ़ जाते हैं। कार्यवाहक अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने के कारण हो गया है शीघ्र ही बदल जाएगा।



मसवासी के गांव बिजारखाता में आग लगने के बाद धूं-धूं कर जलता ट्रांसफार्मर।

# पुलिस चौकी के पीछे होटल पर छापा, युवक-युवती पकड़े

## सिटी मजिस्ट्रेट ने चौधरी सराय में होटल सील किया, 5 युवती और 4 युवक पकड़े गए

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में चौधरी सराय पुलिस चौकी के पीछे अवैध ओयो होटल पर सिटी मजिस्ट्रेट ने छापेमारी की तो पांच कमरों में युवक और युवतियां आपत्तिजनक हालत में मिले। मौके से पुलिस ने 5 युवतियों और 4 युवकों को हिरासत में ले लिया। एक युवक चकमा देकर भाग गया। होटल का सराय एक्ट में पंजीकरण नहीं था और न ही किसी विभाग से एनओसी ली गई थी। सिटी मजिस्ट्रेट ने होटल को सील करा दिया। सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर और दस्तावेज कब्जे में ले लिए।

प्रशासन को काफी समय से चौधरी सराय पुलिस चौकी के पीछे ओयो नाम से होटल संचालित होने की शिकायत मिल रही थी। बुधवार को दोपहर सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने उस होटल पर टीम और पुलिस बल के साथ छापेमारी की। भवन के प्रथम तल पर 9 कमरे नजर आए। कमरों को खुलवाया गया तो उनमें युवक-युवतियां आपत्तिजनक हालत में मिले। एक युवक चकमा देकर भाग गया। पकड़े गए युवक-युवतियों से पूछताछ करने पर पहले तो पति-पत्नी का रिश्ता बताकर गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन जब आईडी देखी गई तो सच्चाई सामने आ गई। होटल के मैनेजर से जानकारी ली गई तो बताया कि संभल के एक व्यक्ति का भवन है। जिसमें बुलंदशहर


होटल में सिटी मजिस्ट्रेट की छापेमारी में पकडे गये युवक व युवतियां। • अमृत विचार

- 5 कमरों में आपत्तिजनक हालत में मिले युवक- युवतियां, एक युवक चकमा देकर भागा

के डिबाई क्षेत्र का व्यक्ति होटल का संचालन कर रहा है। दस्तावेज मांगे गए लेकिन नहीं दिखाए जा सके। होटल का न तो सराय एक्ट में पंजीकरण था और न ही किसी भी विभाग की एनओसी ली गई थी। जिसके बाद होटल को अवैध मानते हुए सील करा दिया गया। सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर पुलिस ने पकड़े गए युवकों और युवतियों को हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले गई।

### 6 महीने से चल रहा था होटल

चौधरी सराय में जिस स्थान पर होटल पर कार्रवाई हुई है उसके पास में ही पुलिस चौकी भी है। सिटी मजिस्ट्रेट ने भी बताया कि होटल 6-7 सात महीने से चल रहा था। ऐसे में सवाल यह है कि पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई क्यों नहीं की। होटल संचालन को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। बहरहाल, होटल से सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर और दस्तावेज कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### न सराय एक्ट में पंजीकरण न ही किसी विभाग की एनओसी

सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि पुलिस चौकी के पीछे होटल में छापेमारी की गई। पांच कमरों में लड़के और लड़कियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले। पहले तो रिश्ता पति-पत्नी का बताया लेकिन जब आईडी चेक की गई तो झूठ सामने आ गया। प्रथम दृष्टया सभी को पुलिस की हिरासत में कोतवाली भेज दिया गया। होटल को सील कर दिया गया। होटल से दस्तावेज और डीवीआर कब्जे में लिया गया। यह होटल सराय एक्ट के तहत पंजीकृत नहीं है और किसी भी विभाग की एनओसी नहीं है।

## एक नजर

### सफाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**संभल/ओबरी अमृत विचार :** गांव टांडा कोठी के ग्रामीणों ने बुधवार को प्रदर्शन करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थानों के आसपास सफाई व्यवस्था चौपट है। मुख्य रास्तों की तो हालत बद से बदतर है। सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है। जिस कारण संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा है। नन्हें सिंह, जागेश सिंह, रुमाल सिंह, अरुण शंकर, हरद्वारी लाल, विनोद कुमार, कपिल, संजय सिंह, बंटी, लोकेश कुमार, अंकुश, ओमवीर सिंह,अशोक कुमार आदि रहे।

### जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**कुढफतेहगढ़/ चंदौसी, अमृत विचार :** छाबड़ा मंडल के गांव बिचैटा में पदाधिकारियों ने चौपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां दीं। मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव, मंडल महामंत्री विवेक कुमार मिश्रा, जेके शर्मा, मुनेन्द्र यादव, रिंकू सिंह, संजीव यादव, रामाशंकर मौर्या आदि मौजूद रहे। वहीं गुरसरी, मल्हपुर में भी भाजपा पदाधिकारियों द्वारा सरकार की उपलब्धियां गिनाई गईं।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बुधवार को दिन निकलते ही दुकानें ढहाईं, हो रहा विरोध

# तीन दुकानें ढहाईं, 7 दुकानें खुद तोड़ रहे व्यापारी

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** बहजोई में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बुधवार को दिन निकलते ही हाईवे किनारे तीन दुकानों को बुलडोजर ने ध्वस्त कर दिया। सात दुकानों को दुकानदार खुद तोड़ने में जुटे हैं। सोशल मीडिया पर अतिक्रमण हटाने के अभियान को लेकर नेताओं के खिलाफ लोगों का गुस्सा नजर आ रहा है।

मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर गांधी पार्क में सरकारी भूमि पर बनी दर्जन भर से अधिक दुकानों को मंगलवार को पालिका व प्रशासन की टीमों ने बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया था। देर शाम तीन दुकानें टूटने से बच गई थीं। बुधवार सुबह नगर पालिका की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची तो पहले उन तीनों दुकानों को ध्वस्त किया। देर शाम तक मलवा हटाने की कार्रवाई चलती रही। बुधवार के अभियान में एसडीएम विनय मिश्रा मौजूद नहीं थे। अन्य सात दुकानों को दुकानों के स्वामी खुद तोड़ते रहे।


बहजोई में दुकानें तोड़ने के बाद मलबा हटाती जेसीबी। • अमृत विचार

### सोशल मीडिया पर गुस्सा निकाल रहे लोग

दर्जन भर से अधिक दुकानों पर बुलडोजर चला और मंदिर हटाया गया तो सोशल मीडिया पर अतिक्रमण हटाओ अभियान छा गया। प्रशासन के सामने तो कोई नहीं बोल पाया लेकिन सोशल मीडिया पर जमकर विरोध किया गया। मंदिर हटाने को लेकर खासकर पोस्ट डाली गईं। नेताओं पर भी टीका टिप्पणी की गई। कहा गया खुद को कद्दावर नेता कहने वाले अब कहां हैं।

### अपनी दुकानों को खुद तोड़ने में जुटे व्यापारी

मंडी तिराहे पर जिन 6 से अधिक दुकानों पर निशान लगाए गए थे। मंगलवार को एसडीएम ने उन दुकानदारों को दुकान खाली तो खुद ही मलवा हटाने की चेतावनी दी थी। बुधवार को व्यापारियों ने दुकान खाली कर दीं। वहीं हथौड़े से दुकानों को तोड़ने में जुटे थे। अब डर यह है कि जैसे ही एसडीएम आएंगे तो इस्लामनगर रोड पर दो दर्जन से अधिक दुकानों की नापतोल हुई है वह भी बुलडोजर से ध्वस्त की जाएंगी।


अपनी दुकानें खुद तोड़ता व्यापारी। • अमृत विचार

# रजा-ए-मुस्तफा मस्जिद खुद ही तोड़ने लगा प्रबंधन


लक्ष्मणगंज स्थित नगर पालिका की भूमि का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** लक्ष्मण गंज में पालिका की साढ़े छह बीघा भूमि पर अवैध रूप से मस्जिद व 34 घर बना लिए गए। उक्त भूमि को खाली कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मस्जिद कमेटी की ओर से स्वयं ही मस्जिद को ध्वस्त करने का कार्य आरंभ कर दिया गया। बुधवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने उक्त भूमि का निरीक्षण किया। 34 अवैध मकानों को लेकर फिलहाल मामला विचाराधीन है जिस पर बाद में फैसला लिया जाएगा।

नगर पालिका ने दावा किया कि लक्ष्मणगंज में साढ़े छह बीघा भूमि पर अवैध रुप से रजा-ए-मुस्तफा मस्जिद व 34 मकान बना लिए गए। सभी को नोटिस दिए जा चुके हैं। मस्जिद कमेटी ने अनुरोध किया था कि बुधवार को मस्जिद को ध्वस्त करने का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

- नगर पालिका की भूमि पर बनी मस्जिद व 34 मकानों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

इसके बाद बुधवार सुबह से मजदूरों द्वारा मस्जिद को ध्वस्त करने का कार्य आरंभ कर दिया गया। दोपहर दो बजे जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने पालिका की भूमि के अलावा आसपास का निरीक्षण किया। अवैध मकानों के मालिकों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि अभियान चलाकर विद्युत चेकिंग की जाए। एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, तहसीलदार रवि सोनकर, अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम आदि सहित काफी संख्या में पुलिसबल मौजूद रहा। ईओ, नगर पालिका धर्मराज राम ने कहा कि नोटिस के बाद मस्जिद को स्वयं तोड़ने का कार्य शुरू कर दिया गया। मकानों को लेकर मामला विचाराधीन है। शीघ्र ही निर्णय लेकर कार्रवाई की जायेगी।


तिरपाल डाल मस्जिद का हो रहा ध्वस्तीकरण। • अमृत विचार

# सीकरी गेट व कबीर गली में ढहाया गया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** प्रशासन ने दो स्थानों पर नाले के ऊपर अवैध अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। एसडीएम व नगर पालिका की टीम की निगरानी में अभियान चलाया गया। कुछ स्थानों पर स्वयं अतिक्रमण हटाने की बात कहने पर टीम आगे बढ़ गई।

बुधवार की सुबह 11 बजे सीकरी गेट सलीम की पुलिया के पास नाले के ऊपर स्थायी अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरु की गई। एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, नगर पालिका ईओ धर्मराज राम टीम व पुलिस बल के साथ पहुंचे। जेसीबी से अतिक्रमण तोड़ने के बाद नाले के ऊपर बनी स्लेप, चबूतरा आदि तोड़ा गया। सीकरी गेट पर अतिक्रमण की जद मकान का कुछ हिस्सा आने पर मकान स्वामी ने ही अतिक्रमण ध्वस्त करने की गुहार लगाई। एसडीएम ने शीघ्र अतिक्रमण हटाने को कहा। इसके बाद मकान स्वामी परिवार के साथ अतिक्रमण ध्वस्त करने में जुट गया। कबीर गली में अतिक्रमण ध्वस्त करने के लिए जेसीबी चालक को काफी मशक्कत करनी पड़ी। एक सफाई कर्मचारी ने पक्का अतिक्रमण कर रखा था। उसे बुलाया तो काफी देर बाद बाहर आया। उसने ईओ को पहचानने से ही इंकार कर दिया। उक्त कर्मचारी के विशाल भवन देख एसडीएम ने कागज व नक्शा दिखाने को कहा। साथ ही उसका अतिक्रमण ध्वस्त करा दिया गया।


कबीर गली में नाले के ऊपर अतिक्रमण ढहाती जेसीबी। • अमृत विचार

# यूरिया की कालाबाजारी पर चार दुकानों के लाइसेंस निरस्त

संवाददाता बहजोई

**अमृत विचार:** जनपद में उर्वरक विक्रेताओं की मनमानी अनियमितता कार्रवाई प्रारंभ हो गई है। 20 दुकानों पर यूरिया की अनियमितता पाई गई तो शासन स्तर से हुई समीक्षा में जनपद के नौ किसानों को 40 कट्टे से अधिक यूरिया बेची गई। इसके बाद ही अनियमितता में शामिल चार यूरिया की दुकानों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं।

जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा ने जांच के बाद कार्रवाई करते हुए भोला खाद भंडार फरीदपुर खास, आमिर हुसैन खाद भंडार, किसान सेवा केंद्र लखोरी जलालपुर और चौधरी खाद भंडार एंड सीडस असमोली के लाइसेंस निरस्त कर दिये हैं। इससे अलग उज्ज्वल फर्टिलाइजर औरंगाबाद,

- अन्य कई प्रतिष्ठानों को निगरानी में रखा गया

किसान सेवा केंद्र भवानीपुर, शिव खाद भंडार, शोध शिवसागर ट्रेडर्स रजपुरा, सहकारी गंगा विकास असमोली और जीएसएस ज्योतिपाठ व अन्य प्रतिष्ठान निगरानी में हैं। इन दुकानों को लेकर रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। कृषि विभाग का कहना है कि यूरिया जैसी जरूरी खाद की जमाखोरी और कालाबाजारी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग के अनुसार, वैज्ञानिकों की संस्तुति के मुताबिक एक हेक्टेयर धान की खेती में 120 किग्रा नाइट्रोजन, 60 किग्रा फास्फोरस और 60 किग्रा पोटाश की आवश्यकता होती है। इसलिए किसानों को उनकी जोत के अनुसार ही खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

## आजमगढ़ मामले को लेकर अभियंताओं ने किया प्रदर्शन

**बहजोई, अमृत विचार:** अभियंताओं ने कलेक्ट्रेट पर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर सौंपा।

उत्तर प्रदेश इंजीनियर संगठन से जुड़े अभियंताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा कि अभियंताओं की गरिमा की रक्षा की जाए। दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्हें शासन द्वारा निर्धारित बैठकों में ही बुलाया जाए और वीडियोग्राफी कराई जाए। आजमगढ़ में अधिशासी अभियंता के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट से अभियंताओं में रोष है। उन्होंने आजमगढ़ के डीएम को बर्खास्त कर मुकदमा दर्ज करने और पूर्व कार्यकाल की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। राजीव कुमार, सुनील प्रकाश, देवेंद्र सिंह, निधि चौधरी, समीर अहमद, महेंद्र कुमार, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# समस्याएं हल करने में सरकार विफल

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सम्मेलन में मुख्य वक्ता पर्यवेक्षक राजेश तिवारी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसानों, मजदूरों और आम जनता की समस्याओं को हल करने में विफल रही है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकार आम जनता का ध्यान ज्वलंत समस्याओं से हटाकर भाईचारा को खत्म करने में लगाए है।

नगर के मोहल्ला कोट गर्वी में पूर्व सांसद मौलाना इसहाक संभली के आवास पर हुए जिला सम्मेलन में सदस्य राज्य कौंसिल लखनऊ नरेश चंद्रा ने प्रदेश में युवा बेरोजगारी झेल रहे हैं। लाखों पद खाली पड़े हैं। प्रदेश सरकार ने 8 वर्ष में 60 हजार पुलिस कर्मियों को नौकरी दी जबकि प्रतिवर्ष 1 लाख नौकरी देने का वादा किया था। प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं। जिला मंत्री रामकिशोर



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सम्मेलन में बोलते वक्ता। • अमृत विचार

- भाकपा जिला सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों को लेकर रखे विचार

रस्तोगी ने कहा कि सरकार ने हमेशा जनता से झूठे वादे किए। जिला मंत्री शाहिद खान ने कहा कि इस सरकार में भेदभाव ज्यादा है।

जिला सहायक सचिव हस्सान संभली ने कहा कि लोग राशन के लिए परेशान रहते हैं। राशन कार्ड नहीं बन रहे। बाबर रिजवी एडवोकेट ने कहा कि सरकार शिक्षा बढ़ाने में नाकाम है। इस दौरान विनोद कुमार, राव वसीम अहमद, मेहनाज, फरमान, अंसार, अशफाक खां, मोहम्मद यामीन, मीर शाह हुसैन आरिफ, मुफीस, रामौतार, गंगाराम आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### साइकिल मैराथन से दिया स्वस्थ रहने का संदेश



**बहजोई,अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के स्वागत में आयोजित योग सप्ताह की श्रृंखला में जिला प्रशासन व आयुष विभाग के तत्वावधान में साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन का शुभारंभ सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, बीएमबीएल जैन कॉलेज के निदेशक सम्भव जैन,आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. अभय शर्मा व जिला खेल अधिकारी प्रमिला भारती ने किया। सीडीओ ने कहा, कि योग और साइकिलिंग दोनों ही शरीर को स्वस्थ रखने के बेहतरीन साधन हैं। डॉ. अनुज शर्मा, डॉ. योगेश गौर, चैतन्य कुमार सिंह, सुरेश कुमार, राजीव वार्ष्णेय, अनुज जैन, अवनेश सर्राफ, राजू यादव, गोविंद, अनुराग, मयंक कुमार, डॉ. दिलीप वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### जायन्ट्स के संस्थापक के जन्मदिन पर किया पौधरोपण



**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ सखी सहेली की ओर से गोशाला रोड पर जायन्ट्स इंटरनेशल के संस्थापक नाना चूड़ास्मा का जन्मदिन पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान पीपल के पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान ग्रुप पदाधिकारियों ने भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत दिलाने के लिए जलजीरा वितरित किया गया। सुभाष रुस्तगी, सीमा वर्मा, अंजू राजपूत, अनीता सक्सेना, सरोज शर्मा, कंचन वाला, सरोज वार्ष्णेय, संगीता अग्रवाल, करुणा दुआ, दीप्ति दुबे आदि मौजूद रहे।

### डीआईजी ने प्रशिक्षण केंद्रों का किया निरीक्षण



**बहजोई, अमृत विचार :** डीआईजी मुनिराज जी ने आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण के लिए रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटरों का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण की गुणवत्ता और कौशल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए ।डीआईजी सबसे पहले पुलिस लाइन पहुंचे। जहां 142 महिला रिक्रूट आरक्षी प्रशिक्षण ले रही हैं। इसके बाद ईश्वर दास टेक्निकल इंस्टिट्यूट में 568 पुरुष रिक्रूटमेंट आरक्षियों के प्रशिक्षण केंद्र पहुंचे। दोनों ट्रेनिंग सेंटरों पर रिक्रूट आरक्षियों के लिए शारीरिक प्रशिक्षण के साथ कानूनी और पुलिस की बुनियादी प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षण दिए जाने की बात कही। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई, एएसपी लाइन आलोक कुमार, सीओ यातायात डॉ. प्रदीप कुमार, प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार, प्रभारी आरटीसी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### बिना हेलमेट वालों को तेल न दें पेट्रोल पंप



**संभल, अमृत विचार :** सिटी मजिस्ट्रेट ने संभल में पेट्रोल पंपों पर छापेमारी करते हुए बिना हेलमेट तेल को लेकर पड़ताल की। तीन पेट्रोल पंपों पर तमाम लोग बिना हेलमेट के ही तेल लेते नजर आए। सिटी मजिस्ट्रेट ने पेट्रोप पंप संचालकों को हिदायत दी कि किसी भी हाल में बिना हेलमेट के तेल नहीं दिया जाए। इससे संबंधित बड़ी फ्लैक्सी भी लगवाएं। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार बुधवार को चंदौसी चौराहा के पास रिलाइंस पेट्रोल पंप पर पहुंचे तो कई लोग बिना हेलमेट के तेल लेते नजर आए। एक बाइक पर किशोर और किशोरी भी मिली। किशोर से डीएल के बारे में पूछा तो जवाब नहीं दे सका। सेल्समैनों को हिदायत दी कि बिना हेलमेट किसी को तेल नहीं दिया जाए। संचालक को संबंधित फ्लैक्सी लगवाने को कहा। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप पर पहुंचे। वहां भी बिना हेलमेट के लोग तेल लेते मिले। सिटी मजिस्ट्रेट ने सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए। जनता पेट्रोल पंप पर भी नियम की अनदेखी होती मिली। पंप संचालक से साफ कहा कि किसी भी हाल में बिना हेलमेट के लोगों को तेल नहीं दिया जाए। अगर कोई व्यक्ति विवाद करे तो सूचना दी। उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### किसानों ने प्रशासन पर लगाया संवेदनहीनता का आरोप

**बहजोई,अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की जिला स्तरीय मासिक पंचायत में प्रशासन पर किसानों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर संवेदनहीनता का आरोप लगाया गया। भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की बैठक में जिलाध्यक्ष शंकर सिंह यादव ने कहा कि मक्का की फसल तैयार है लेकिन शासन स्तर से जिले में सरकारी खरीद के लिए केवल 6 केंद्र स्थापित किए हैं। वर्तमान सीजन के लिए सरकार द्वारा मक्का का समर्थन मूल्य 2400 प्रति कुंतल घोषित किया था। सरकार ने चालाकी करते हुए मक्का को रवि और खरीफ में वर्गीकृत करके मौजूद खरीद को रवि की फसल मानते हुए 2225 रुपए प्रति कुंतल में खरीद का निर्णय लिया जो धोखा है। मंडी समितियां में बरसात के पानी के निकास की कोई व्यवस्था नहीं है। हल्की बरसात होने पर बहजोई मंडी जलमग्न हो जाती है। जिला महासचिव शिशुपाल सिंह, युवा जिलाध्यक्ष किशनपाल राणा, रोहित सिंह, लोकपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, शिशुपाल सिंह, सत्यवीर सिंह, केपी राणा, पंकज यादव, सत्यभान सिंह, शंकर सिंह आर्य, दिनेश यादव आदि मौजूद रहे।

### लिवर और किडनी की समस्या में लाभकारी योगासन कराए



**संभल,अमृत विचार :** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति व नगर पालिका परिषद संभल के संयुक्त तत्वाधान में शंकर इंटर कॉलेज में चल रहे योग शिविर में योग शिक्षक राज्य संगठन मंत्री कुलदीप ऐरन, कृष्ण ग्रेवाल, संजय देवल ने योगासन कराए। कुलदीप ऐरन ने बताया कि लिवर और किडनी की समस्याओं में मंडूकासन, शशकासन, योगमुद्रासन, वक्रासन, अर्ध मत्स्येंद्रासन, गोमुखासन, पवनमुक्तासन, उत्तानपादासन, नौकासन और पादांगुष्ठासन जैसे योगासन बहुत लाभकारी हैं। इसके अतिरिक्त कपालभाति, भस्त्रिका और अनुलोम विलोम जैसे प्राणायाम भी इन अंगों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। डॉ. प्रदीप त्यागी, विकेश शर्मा व रेनू वार्ष्णेय , डॉ. मूलचंद दालभ, अवधेश वार्ष्णेय, अरविंद चौधरी एडवोकेट, हरवीर सिंह, प्रधानाचार्य नरेंद्र वर्तवाल, संजय टंडन, विकास वर्मा, महीपाल सिंह, बीनू अग्रवाल, राहुल वर्मा, प्रमोद गिरि, हरनाम सिंह, मुदिता गुप्ता, माही, अपूर्वी, सिद्धि, पारूल रस्तोगी, रुचि अग्रवाल, नमिता अग्रवाल, ऋतु रस्तोगी, रितु, गीता सिंह, पूनम गर्ग, शैली, साधना पूठिया, स्नेहलता चौधरी, रेखा त्यागी, नीलम यादव, अंजलि यादव आदि रहे।

आपदर्थे धनं रक्षेद् दारान् रक्षेद् धनैरपि।
आत्मानं सततं रक्षेद् दारैरपि धनैरपि ॥

विपत्ति के समय के लिए धन की रक्षा करनी चाहिए। धन से अधिक रक्षा पत्नी की करनी चाहिए। किन्तु अपनी रक्षा का प्रश्न सम्मुख आने पर धन और पत्नी का बलिदान भी करना पड़े तो नहीं चूकना चाहिए।

## संपादकीय

# नया मोड़

इजराइल और ईरान के युद्ध ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है। दोनों ओर से लगातार हमले जारी हैं। संघर्ष ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया जब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका और इजराइल को लेकर चेतावनी दी कि युद्ध शुरू होता है। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान से बिना शर्त समर्पण की मांग के बाद आया। ईरान की ओर से बुधवार को इजराइल के ऊपर हाइपरसोनिक मिसाइल से हमला किया गया। ट्रंप के बयान ने ईरान के साथ-साथ वैश्विक नेताओं के बीच भी खलबली मचा दी। खामेनेई की नई टिप्पणियों से क्षेत्रीय चिंताएं और बढ़ने की संभावना है। इस युद्ध की वजह से ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौता अधर में लटक गया है और परमाणु संकट के कूटनीतिक समाधान की संभावना लगभग समाप्त हो गई। इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी और ऑपरेशन राइजिंग लॉयन तब तक जारी रहेगा, जब तक कि यह अपने उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर लेता। मीडिया के अनुसार, अमेरिका मध्य पूर्व में अपने और अधिक लड़ाकू विमानों की तैनाती कर रहा है और पहले से तैनात विमानों की तैनाती की अवधि को बढ़ा रहा है। ट्रंप प्रशासन अब ईरान के भूमिगत परमाणु हथियारों को निष्क्रिय करने के सभी विकल्पों पर विचार कर रहा है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाने की बातें करते रहे हैं। 2000 के दशक की शुरुआत से ही ईरान का परमाणु कार्यक्रम इजराइल की सामरिक चिंता का विषय रहा है। अब जबकि इस क्षेत्र का सबसे लंबे समय से चला आ रहा टकराव इस तरह से बढ़ता जा रहा है, तो इससे पूरे मध्य पूर्व की प्रगति, समृद्धि, और साझेदारियां खतरे में पड़ गई हैं। बड़े पैमाने पर युद्ध की आशंका बढ़ रही है जो पूरे मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकती है और वैश्विक भू-राजनीतिक संतुलन को अस्थिर कर सकती है। यानी यह संघर्ष पश्चिम एशिया को एक गंभीर युद्ध की ओर धकेल सकता है। ट्रंप इजरायल-ईरान संघर्ष में सहभागिता पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। हालांकि इस पर ट्रंप के करीबी सलाहकारों के बीच पूरी तरह से सहमति नहीं बन पाई है। अब युद्ध में अमेरिका के शामिल होने का जोखिम बढ़ गया है। ऐसे में यदि ईरान फारस की खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों पर कार्रवाई करता है, तो इससे सुरक्षा और आर्थिक तबाही मच सकती है। इसलिए ईरान एवं इजराइल के बीच युद्ध विराम की तत्काल जरूरत है।

# जियोपॉलिटिक्स में उलझ गई विरल धातु की आपूर्ति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

कहने में संकोच नहीं कि विरल धातुओं के बारे में जिस तरीके से अन्य देशों द्वारा की गई रिसर्च संबंधी जानकारी यूरोपियन और अमरीकन जर्नल्स से ऑनलाइन उपलब्ध है वैसी किसी भारतीय स्रोत से तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाती।

भारत को विरल धातुओं की आपूर्ति में चीन द्वारा रोक लगाने से पैदा हुई संकटपूर्ण स्थिति को हम वरदान में क्यों नहीं बदल पा रहे हैं? तकनीकी विकास के मामले में वेस्टर्न इंस्टिट्यूशंस और ऑटोमोबाइल मैन्युफेक्चर करने वालों की रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर ही हम कब तक निर्भर रहते रहेंगे? क्या हमारा तकनीक तंत्र वैकल्पिक तकनीकों का आविष्कार और विकास करने में सक्षम नहीं है? मनुष्य द्वारा की गई प्रौद्योगिकी प्रगति का बड़ा अंश कंपोजिट्स और विरल धातुओं के बढ़ते इस्तेमाल पर टिका हुआ है जिसके कारण मौजूदा हालात भू-राजननीतिक हितों को लेकर प्रतियोगी हो चुके हैं। इन्हें पृथ्वी के आर्कटिक क्षेत्र, निकट के ग्रहों और एस्टेरॉयड्स से प्राप्त करने के लिए तकनीकी कौशल विकसित करने की बात एक अरसे से चल रही है। विरल धातुओं की खोज तो मुश्किल नहीं, लेकिन इनके एक्सट्रैक्शन और प्यूरिफिकेशन के लिए विशेष इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है।

अबुधाबी स्थित इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी के मुख्यालय द्वारा सन 2025 में प्रकाशित रिपोर्ट जियोपॉलिटिक्स ऑफ़ द एनर्जी ट्रांजीशनः क्रिटिकल मैटेरियल्स, में कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से दस विरल भू-पदार्थों के बारे में चर्चा है। इसमें ट्रेड, सिक्यूरिटी एंड इंटरडिपेंडेंस अध्याय में आशंका व्यक्त की गई है विरल धातुओं को लेकर आपूर्तिकारों और खरीदारों के बीच विवाद और सामरिक टकराव भी हो सकता है।

कहने में संकोच नहीं कि विरल धातुओं के बारे में जिस तरीके से अन्य देशों द्वारा की गई रिसर्च संबंधी जानकारी यूरोपियन और अमरीकन जर्नल्स से ऑनलाइन उपलब्ध है वैसी किसी भारतीय स्रोत से तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाती। अमरीकन नेशनल एकेडमी ऑफ़ साइंसेज की प्रोसीडिंग्स के 19 मई 2015 के अंक में प्रकाशित पर्चा -ऑन द मटेरियल बेसिस ऑफ मॉडर्न सोसाइटी, विरल धातुओं पर मानव की निर्भरता के बारे में उपयोगी जानकारी देता है लेकिन भारत की किसी भी स्रोत से ऐसी जानकारी फ्री या पब्लिक डोमेन में नहीं है। नेचर और साइंस पत्रिका में इस बारे में ऐतिहासिक रूप से पिछले 100 वर्षों का डाटा उपलब्ध है। बेंगलुरु स्थित इंडियन एकेडेमी ऑफ़ साइंसेज की पत्रिका करंट साइंस में भी कुछ समीक्षा पर्चे और शोध-पत्र उपलब्ध हैं, लेकिन संख्या कम है। विरल धातुओं पर शोध में अग्रणी इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के वैज्ञानिकों ने भी सैंकड़ों पर्चों का प्रकाशन किया है जिन्हें संबंधित संस्थान की वेबसाइट से एक्सेस किया जा सकता है। विरल धातुओं पर रिसर्च और डेवलपमेंट संबंधी पर्चों के प्रकाशन के मामले में वैश्विक स्तर पर भारत का सातवां स्थान होने के बावजूद संकट क्यों हैं?

दुनिया में दूसरे विश्वयुद्ध के समय जर्मनी ने जिन टेक्नोलॉजीज का विकास किया इन पर पश्चिम की शक्तियों ने अपना कब्ज़ा कर लिया था। इसके बाद सेमी-कंडक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स का आगाज़ होने से पहले की जो टेक्नोलॉजी हैं वह जर्मन आधारित ही है, बेशक यह किसी भी फील्ड में है।

सीएसआईआर के तिरुअनंतपुरम स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर इंटरडिसिप्लिनरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विज्ञानियों आरएस विष्णुमाया, पी. निशि और एस मिनी ने वेब ऑफ साइंस पर उपलब्ध सन 1987 से 2013 के दौरान इस एकल विषय के आधार पर भारत में दुर्लभ पृथ्वी अनुसंधान के विकास और वृद्धि के पर्चों का संख्यात्मक विश्लेषण करके एक अध्ययन साइंटोमीट्रिक्स ऑफ़ रेयर अर्थ्स रिसर्च इन इंडिया, प्रस्तुत किया है जिसे करंट साइंस जर्नल ने 10 अप्रैल 2016 के अंक में प्रकाशित किया। भारत के नामी शोध संस्थानों से जिन दसेक टॉप ऑथर्स के नाम इस लेख में दिए गए हैं उनके ऑथर्स ने न्यूनतम 51 से लेकर 102 तक पर्चों का प्रकाशन इस अवधि में किया जो पर्याप्त संकेत दे रहा है कि भारत में शोध के मामले में प्रतिभा की कमी नहीं है। विरल धातुओं के व्यवहार को अनेक स्थितियों और परिस्थितियों में अनेक पहलुओं से परखा-तौला जाता है। विरल धातुओं की इंडस्ट्रियल प्रोसेसिंग करने के लिए केरल स्थित रेयर अर्थ्स लिमिटेड रिसर्च सेण्टर अग्रणी संस्था है। रेयर अर्थ मिनरल्स की एक्सट्रैक्शन और प्रोसेसिंग विधियों पर भारत में सन 1950 में तब काम शुरू हुआ जब प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने केरल के अलवाए में इंडियन रेयर अर्थ्स फैक्ट्री का उद्घाटन किया था। यूनिवर्सिटीज के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट्स और नेशनल केमिकल लेबोरेटरी, पूना का भी रिसर्च में योगदान रहा है। चीन से भी पहले काम शुरू करने वाला भारत विरल धातुओं के खनन और एक्सट्रैक्शन के मामले में कैसे पीछे छूट गया, इस पर आश्चर्य होता है।

दुनिया में दूसरे विश्वयुद्ध के समय जर्मनी ने जिन टेक्नोलॉजीज का विकास किया इन पर पश्चिम की शक्तियों ने अपना कब्ज़ा कर लिया था। इसके बाद सेमी-कंडक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स का आगाज़ होने से पहले की जो टेक्नोलॉजी हैं वह जर्मन आधारित ही है, बेशक यह किसी भी फील्ड में है। अगर वेस्टर्न वर्ल्ड ने समानांतर टेक्नोलॉजीज का विकास किया भी तो, इनमें से अन्वेषण किए जाने के बाद अनेक जर्मन टेक्नोलॉजीज से आइडियाज लेकर काम किया गया था। टेक्नोलॉजी के मामले में चीन नवनीत टेक्नोलॉजीज तो बना पा रहा है लेकिन इसके नाम कितनी इन्वेंशन और डिस्कवरी दर्ज हैं? इसकी ज्यादातर टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट्स हाइब्रिड हैं जिनके सूत्र पश्चिमी देशों की एडवांस्ड लैबोरेट्रीज और जनसाहित्य से चुराए गए हैं। लेकिन नियति ऐसी है कि एडवांस्ड रिसर्च और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए कच्चा माल चीन सप्लाई करता है जिसमें विरल एलिमेंट्स पर उसका एकाधिकार है। विरल धातुओं की ट्रेडिंग को चीन अब कूटनीतिक अस्त्र के रूप में इस्तेमाल करता है। चीन का इरादा विरल धातुओं के ड्यूएल या स्ट्रेटेजिक यूज़ को काफी हद तक रोकना है।

इंटैलिजेंस टैलेंट का इस्तेमाल करके प्रोडक्ट डेवलपमेंट में चीन अगर दुनिया का लीडर बन सकता है तो भारत क्यों नहीं? रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बारे में हमारे इंटेलिजेंस एंड इनफार्मेशन गैदरिंग कमतर नहीं है। हमारी इंडस्ट्री ने इस क्षेत्र में सन 1960 के बाद निवेश नहीं किया और न ही भारत के इंडस्ट्रियल रिसर्च एंड डेवलपमेंट के क्षेत्र में अव्वल संस्थाओं द्वारा उपलब्ध टेलेंट का इस्तेमाल हुआ। इसीलिए प्रतिभा पलायन भी हुआ।

यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सिस्टम तो इसलिए अलग-थलग पड़ रहा क्योंकि इसे सन 1995 तक बड़ी रिसर्च परियोजनाओं के लिए सपोर्ट नहीं मिला। यूनिवर्सिटी सिस्टम में जिसने भी रेयर अर्थ्स को लेकर रिसर्च किया वह सिर्फ व्यक्तिगत रूचि के कारण ही। इस क्षेत्र सब कुछ सीएसआईआर ही करना चाहता था, इसलिए साइंटिफिक और इंडस्ट्रियल रिसर्च के सरकारी फंडिंग का बड़ा हिस्सा शिक्षा मंत्रालय को न मिलकर डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी को मिलता रहा। विरल धातुओं के लिए चीन पर निर्भरता हटाने के लिए इनकी आपूर्ति अन्यत्र से किए जाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। वैकल्पिक टेक्नोलॉजी के विकास के मामले में रूस से सबक लेना चाहिए जिसकी कोई भी टेक्नोलॉजी और डिजाईन वेस्टर्न टेक्नोलॉजी और डिजाईन से मेल नहीं खाती जैसे कि उनके नवीनतम फाइटर जेट्स का ऑपरेशनल कोड अमरीका के एफ-35 से बिलकुल अलग तरीके का हो सकता है, बेशक दोनों का फंक्शन एक जैसा है।

चीन द्वारा भारत को विरल पदार्थों की आपूर्ति बंद किए जाने के प्रतिकार स्वरुप केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने स्थायी चुम्बकों, वोल्टेज ट्रांसफार्मरों और सुपर कैपेसिटर सहित महत्वपूर्ण घटकों की एक मसौदा सूची तैयार की है, जिनके स्थानीय विनिर्माण के लिए एक पालिसी फ्लोट की गयी है। चुनौती का जवाव देने के लिए सीईए ने उद्योग के स्टेकहोल्डर्स अथवा हितधारकों से उन क्षेत्रों की पहचान करने को कहा है, जिनके लिए भारत वर्तमान में विरल धातुओं का आयात करता है। यह एक एडमिनिस्ट्रेटिव पहल है। सीईए की छोटे स्तर की कार्रवाई से ऊंचा उठकर भारत को दीर्घकालिक कार्रवाई करने की जरूरत है। रेयर अर्थ एलिमेंट्स के महत्व को सन 1980 में ही आंकना चाहिए था जब रिसर्च से उपजी जानकारी का इस्तेमाल प्रोडक्ट बनाने में होने लगा था।

## प्रसंगवश

# बच्चों और युवाओं में तेज़ी से बढ़ता बहरापन



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

जीवनशैली में नित-नए आ रहे बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिए ऑनलाइन रहने की दलील ने बच्चों को मोबाइल-लेपटॉप-ईयरफोन का आदी बना दिया है। तेज आवाज का संगीत व तरह-तरह के कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है।

आंकड़ों की बात करें तो पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं। यह दुनिया की एक भयावह एवं चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर बढ़ने का संकेत है, एक पूरी पीढ़ी के बहरे होने की चुनौती को खड़ा कर रहा है। जिस तरह से आजकल के युवा एवं बच्चे हेडफोन और इयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे उनके कान तेज आवाज के संपर्क में लगातार रहते हैं और इससे कान की नाजुक मांसपेशियों को नुकसान पहुंच रहा है एवं बहरेपन की समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

एक्सपर्ट के मुताबिक, घंटों तक हेडफोन लगाए रखना और म्यूजिक सुनना कानों के साथ-साथ दिल के लिए भी बिल्कुल अच्छा नहीं है। इससे न केवल दिल की धड़कन तेज हो जाती है, बल्कि दिल को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। हेडफोन या ईयरफोन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव दिमाग पर बुरा प्रभाव डालती हैं। इसकी वजह से सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या पैदा हो जाती है। बहुत से लोग नींद में बाधा, नींद न आना, अनिद्रा या यहां तक कि स्लीप एपनिया से भी पीड़ित हो जाते हैं। इयरफोन सीधे कान में लगाया जाता है, जो एयर पैसेज में बाधा डालता है। ये बाधा बैक्टीरिया के विकास सहित अलग-अलग तरह के कानों के इन्फेक्शन का कारण बन सकती है। हेडफोन का लंबे समय तक इस्तेमाल किसी व्यक्ति की सोशल लाइफ और मेंटल हेल्थ की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। कई बार ज्यादा चिंता और तनाव का भी कारण बन सकता है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप की नसीहत पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। प्रयास किया जाए कि न टाले जा सकने वाले कार्यक्रमों को कम आवाज के साथ सुना जाए। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। आधुनिक सुनने के उपकरणों एवं तेज़ आवाज़ से कान की नसों और हियरिंग सेल्स को नुकसान हो सकता है, जिससे बहरापन भी हो सकता है। एक समय था जब कम सुनाई देने की शिक़ायत बुजुर्ग किया करते थे, लेकिन बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र में भी लोगों में यह समस्या होने लगी है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से सुनने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है।

# ऊर्जा सुरक्षा के लिए रणनीति से काम लेना होगा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

भारत ईरान का पारंपरिक सहयोगी रहा है और 2018 तक भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता था।

वर्तमान वैश्विक राजनीति में अमेरिका की परमाणु हथियारों पर नियंत्रण की रणनीति, केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अमेरिका के भू-राजनीतिक प्रभुत्व और आर्थिक हितों को भी सुरक्षित रखने का माध्यम है। अमेरिका ने हमेशा यह प्रयास किया है कि अन्य देश, विशेषकर पश्चिम एशिया जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में, परमाणु हथियारों की दिशा में न बढ़ें। इसी रणनीति के तहत अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने की हर संभव कोशिश कर रहा है।

2024 में अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बार फिर ईरान पर आरोप लगाए कि वह शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के नाम पर हथियार निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार अमेरिका के पास वर्तमान में करीब 5,244 परमाणु हथियार हैं, जिनमें से लगभग 1,744 हथियार तैनात अवस्था में हैं। इसके मुकाबले ईरान अभी तक केवल उच्च संवर्धित यूरेनियम के स्तर पर पहुंचा है।

ईरान का परमाणु कार्यक्रम अमेरिका और विशेषकर इज़राइल के लिए बड़ा सिरदर्द है। इज़राइल जो खुद एक अनौपचारिक परमाणु शक्ति है, ईरान को क्षेत्रीय संतुलन के लिए खतरा मानता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ईरान ने बीते वर्षों में लेबनान की हिज़्बुल्लाह, यमन के हूथी विद्रोहियों और गाजा के हमास को हथियार और वित्तीय सहायता दी है। यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होंगे, तो इज़राइल की सुरक्षा और पश्चिम एशिया की स्थिरता दोनों पर बड़ा खतरा मंडराएगा।

अमेरिका के लिए ईरान को रोकना सिर्फ सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि इससे अमेरिका को आर्थिक और सामरिक लाभ भी होते हैं। पहला लाभ यह है कि अमेरिकी रक्षा उद्योग को इसका सीधा फायदा मिलता है। वर्ष 2023 में अमेरिका ने सऊदी अरब को 3.5 बिलियन डालर का एयर डिफेंस सिस्टम बेचा। इससे लॉकहीड मार्टिन, रेथॉन, जनरल डायनेमिक्स जैसी कंपनियों की आय में भारी बढ़ोतरी हुई। दूसरी बात यह है कि अमेरिका अब विश्व का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बन गया है। ऐसे में जैसे ही पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ता है, वैश्विक तेल और गैस की कीमतें ऊपर जाती हैं, जिससे अमेरिकी ऊर्जा कंपनियों को जबरदस्त लाभ होता है। तीसरा लाभ यह है कि वैश्विक अस्थिरता की स्थिति में निवेशक अमेरिकी डॉलर को 'सेफ हेवन' मानते हैं, जिससे डॉलर मजबूत होता है और अमेरिकी बांड की मांग में वृद्धि होती है।

अब सवाल उठता है कि भारत पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है। भारत ईरान का पारंपरिक सहयोगी रहा है और 2018 तक भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता था। ईरान भारत को रियायती दर पर तेल देता था, जिसमें लंबा क्रेडिट पीरियड और सस्ता ट्रांसपोर्ट शुल्क शामिल होता था। लेकिन 2019 के बाद से अमेरिकी प्रतिबंधों के दबाव में भारत ने ईरान से आयात बंद कर दिया। इससे भारत को दोहरा नुकसान हुआ-एक ओर ऊर्जा की लागत बढ़ी, दूसरी ओर भारत की चाबहार पोर्ट परियोजना की गति धीमी पड़ गई। यह पोर्ट भारत की अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधी पहुंच का एक रणनीतिक माध्यम था।

भारत, जो अपनी 85 प्रतिशत ऊर्जा ज़रूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, उसके लिए स्थिति बेहद चिंताजनक हो सकती है। इसका असर महंगाई, चालू खाता घाटा, रुपये की विनिमय दर और सरकार के वित्तीय घाटे पर पड़ सकता है। महंगे तेल से परिवहन लागत में वृद्धि होगी, जिससे खाद्य पदार्थों और निर्माण सामग्रियों की कीमतें बढ़ेंगी। इससे रिज़र्व बैंक को ब्याज दरों में कटौती करने में हिचक होगी और मुद्रास्फीति काबू से बाहर हो सकती है। दूसरी ओर, रुपये की कमजोरी से आयात और महंगा हो जाएगा। इससे सरकार पर सब्सिडी देने का दबाव बढ़ेगा और राजकोषीय घाटा बढ़ेगा।

भारत को चाहिए कि कूटनीतिक रूप से संतुलन बनाकर अमेरिका, इज़राइल और ईरान तीनों के साथ संवाद बनाए रखना ताकि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता सुरक्षित रह सके।वह संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे मंचों पर इस विषय पर संतुलित और शांतिपूर्ण समाधान की पैरवी करे। इसके साथ ही ऊर्जा की वैकल्पिक रणनीतियों जैसे हाइड्रोजन, सोलर और ग्रीन गैस की दिशा में निवेश को तेज़ करना होगा ताकि दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारत को इस जटिल स्थिति में सूझबूझ और रणनीति से काम लेना होगा ताकि वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और वैश्विक भूमिका को संतुलित कर सके।

## सोशल फोरम

# वर्तमान राष्ट्र राज्य का मुद्दा



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

जब हम अपना निर्धारित काम पूरी योग्यता और निष्ठा से करने के बजाय अगले चुनाव के मद्देनज़र संबंधित लोगों को ख़ुश करने और ख़ुश रखने की नीयत से काम करने लगते हैं। तब समष्टि का अहित होता है। होते होते पूरी व्यवस्था चरमरा जाती है। व्यवस्था चरमराने पर सबसे अधिक पीड़ित होते हैं ग़रीब और कमज़ोर। और समष्टि का सबसे बड़ा हिस्सा वही बनाते हैं। यह तो निरंकुश व्यष्टिवाद है, न राष्ट्रवाद है, न समाजवाद। तब हम राष्ट्रवादी नहीं, तत्वतः राष्ट्र के दुश्मन हैं। समाजवादी नहीं, तत्वतः पूंजीवाद के चाकर पेटी बूर्जुआ हैं। समष्टि का उत्थान उसकी हर इकाई के उत्थान के बिना असंभव है। और सब का समंजित उत्थान ही राष्ट्र का उत्थान है।

ऐसा उत्थान तब तक नहीं हो सकता जब तक वंचितों के उत्थान को प्राथमिकता न दी जाए। और आर्थिक रूप से समर्थ तबक़ा तब तक समर्थ नहीं रह सकता जब तक उसे वंचितों के श्रम का न्यायपूर्ण सहयोग न प्राप्त हो। श्रम का न्यायपूर्ण सहयोग तभी प्राप्त हो सकता है जब उसका उचित मूल्य मिले। और इस तरह सृजित सरप्लस का उपयोग अधिक से अधिक वंचितों को श्रम का अवसर प्रदान करने में, उद्योग की नई-नई इकाइयां लगाने में हो। आर्थिक उपक्रमों का विस्तार समर्थ और वंचित दोनों तबक़ों के समुचित लाभ और उसके एक अंश के समुचित निवेश के बिना असंभव है। इस तरह दोनों तबक़ों की ऊर्ध्वमुखी और क्षैतिज दोनों तरह की प्रगति सबके न्यायपूर्ण सहयोग से ही संभव है। सबकी प्रगति में ही समष्टि की प्रगति निहित है। यही लोकतांत्रिक समाजवाद है।

इस तरह संतुलित राष्ट्रवाद और संतुलित समाजवाद में कोई अंतर्विरोध नहीं। दोनों परस्पर पूरक हैं। किंतु दोनों ऐसे दुश्मन का पीछा करते हैं जिसका अस्तित्व ही नहीं। शायद इसलिए कि असली मुद्दे का सामना करने की कुव्वत दोनों में से किसी में नहीं है। असली मुद्दा क्या है? समष्टि की हर इकाई का संतुलित विकास और सामंजस्यपूर्ण, सस्टेनेबल खुशहाली। क्या यह एक यूटोपिया है? अगर यूटोपिया है तो फ़िलहाल कुछ नहीं हो सकता। जो जैसे चल रहा है, वैसे ही चलता रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# अंग्रेजों ने 137 वर्ष पूर्व बना दी थी नैनीताल के लिए रोप-वे की योजना



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

कर्नल बैरन ने अपने पत्र में लिखा कि नैनीताल के 'बड़े फायदे' के लिए उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। इस मामले में लंबी लिखा-पढ़ी हुई।

अंग्रेजों के प्रकृति प्रेम एवं औपनिवेशिक शासकों की तात्कालिक आवश्यकताओं के चलते आज से करीब 182 साल पहले कुछ यूरोपीय नागरिकों की स्वतंत्र पहल से नैनीताल नामक वर्तमान नगर की बसावट शुरू हुई। नैनीताल को एक आदर्श हिल स्टेशन के रूप में आबाद और विकसित करने के पीछे अंग्रेजों का प्रकृति प्रेम के साथ लालच भी था और जरूरत भी। इसमें कोई दो राय नहीं कि नैनीताल के प्रति अंग्रेजों के मन में एक विशेष आत्मीयता का भाव था। आत्मीयता के इस रिश्ते को उन्होंने नैनीताल के साथ ईमानदारी से निभाया भी।

नैनीताल को अंग्रेजों ने एक निश्चित जनसंख्या के लिए बसाया। अंग्रेज नैनीताल के भंगुर पर्यावरण से बखूबी वाकिफ थे। उनकी हरेक योजनाएं दीर्घकालिक नजरिए से बनती थीं। अंग्रेजों ने आज से 137 साल पहले नैनीताल को रोप-वे से जोड़ने के बारे में सोच लिया था।

प्रारंभिक काल में नैनीताल आने-जाने के लिए सबसे बड़ी समस्या रास्तों की थी। आवागमन की समस्या से निजात पाने के लिए मई,1887 में मिस्टर हन्ना नामक एक अंग्रेज ने यातायात और सामान लाने, ले जाने के लिए नैनीताल से कालाढूंगी की ओर तीन हजार फीट लंबे रोप-वे के निर्माण का सुझाव दिया। ब्रिटिश प्रशासन ने इस प्रस्ताव पर अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी। इस कार्य को संपादित करने के लिए 1888 के प्रारंभिक दिनों में 'नैनीताल रोप -वे कंपनी लिमिटेड' बन गई। अगस्त,1888 में मिस्टर हन्ना ने रोप-वे के लिए 9900 रुपये की शुरुआती योजना बना ली थी। योजना के सभी पक्षों की जांच-परख के बाद नगर पालिका की सार्वजनिक निर्माण समिति ने इस योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके बाद नगर पालिका के अधिकारियों ने प्रस्तावित संपूर्ण रोप-वे मार्ग का स्वयं स्थलीय मुआयना किया। 8 अक्टूबर,1888 को नगर पालिका कमेटी की बैठक में भी इस योजना को स्वीकृति दे दी गई। अंतिम स्वीकृति के लिए योजना को कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक कमिश्नर को भेज दिया गया।

प्रस्तावित रोप-वे के तार स्लीपी हॉल एवं लौंगडेल से होते हुए जाने थे। 30 नवंबर, 1888 को नगर पालिका, नैनीताल के तत्कालीन उपाध्यक्ष जे. ओकशॉट ने कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक आयुक्त को रोप-वे के तारों को ले जाने के लिए स्लीपी हॉल और लौंगडेल की जमीन के निश्चित हिस्सों को 'अनिवार्य अधिग्रहण एक्ट-एक्स-1870' की धारा-12 के अंतर्गत 650/-में अधिगृहित करने का प्रस्ताव भेजा।

इधर नगर पालिका ने मिस्टर हन्ना से कहा कि वे इस योजना का ठेका दस हजार रुपये में खुद ही ले लें। नगर पालिका ने मिस्टर हन्ना को योजना की लागत राशि का अग्रिम भुगतान करने की भी पेशकश कर दी। नगर पालिका का तर्क था कि दार्जिलिंग में दस हजार रुपये की लागत से एक हजार फीट लंबी रोप-वे लाइन डाली गई है, जबकि मिस्टर हन्ना उतनी ही राशि में तीन हजार फीट लंबी रोप-वे बनाने जा रहे हैं। नगर पालिका ने रोप-वे योजना के लिए सरकार से नारायण नगर, चोरखेत और सडियाताल में जमीन मांगी। इसी दरम्यान पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता एफ.बी.हेंसलोव ने मिस्टर हन्ना की रोप-वे योजना पर अपनी विस्तृत आख्या दी थी।

अभी यह प्रस्ताव कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक आयुक्त के विचाराधीन था। प्रस्ताव के अनुमोदन के बाद जमीन पर काम शुरू हो पाता कि 6 मई,1888 को हरमिटेज, स्लीपी हॉल और क्रेग कॉटेज के तत्कालीन स्वामी कर्नल डब्ल्यू. बैरन और लौंगडेल के तत्कालीन मालिक कुंवर रणजीत सिंह ने इस योजना पर अपनी आपत्ति दर्ज करा दी। कर्नल डब्ल्यू. बैरन का कहना था कि उन्होंने हाल ही में हरमिटेज को दोमंजिला किया है। प्रस्तावित रोप-वे उनके बरामदे से दृष्टिगोचर होगी,जिससे उनकी निजता भंग होने की आशंका है।

कर्नल बैरन ने अपने पत्र में लिखा कि नैनीताल के 'बड़े फायदे' के लिए उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। इस मामले में लंबी लिखा-पढ़ी हुई। अंततः यह मामला नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर के दरबार तक जा पहुंचा। प्रोविंसेज के गवर्नर ने कर्नल डब्ल्यू. बैरन और कुंवर रणजीत सिंह की आपत्तियों का संज्ञान लिया। इस बारे में नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज एंड अवध के सचिव आर. स्मीटन ने 18 मई,1888 को कुमाऊं के कमिश्नर को पत्र भेजा। पत्र में कहा गया कि लेफ्टिनेंट गवर्नर किसी भी नागरिक के निजी अधिकारों के हनन के पक्ष में नहीं हैं। कर्नल डब्ल्यू. बैरन और कुंवर रणजीत सिंह की आपत्तियों के मद्देनजर रोप-वे के लिए वैकल्पिक मार्ग खोजा जाए। जिसमें किसी की निजी भूमि नहीं आ रही हो या किसी को भी कम से कम नुकसान हो। इसके बाद रोप -वे की यह योजना हवा में ही अटक कर रह गई। 1947 में अंग्रेज अपने वतन लौट गए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# दौलतपुर में बवाल: घर में घुसकर लगाई आग, तोड़फोड़, मारपीट

## बाइक से कार टकराने के बाद गुस्साए लोगों ने किया बवाल, एसपी के साथ तीन थानों की पुलिस ने संभाले हालात

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** पत्नी को ससुराल से लेने आए युवक की कार बाइक से टकरा गई। बाइक सवार युवकों ने कार में तोड़फोड़ कर युवक के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं हमलावर घर में घुस गए और कारखाने में आग लगा दी। इसके बाद घर में तोड़फोड़ कर परिवार के साथ मारपीट की। मामला दो समुदायों का होने के कारण पुलिस में हड़कंप मच गया। मौके पर एसपी, एएसपी सहित तीन थानों की पुलिस पहुंच गई। बमुश्किल हालात संभाले। देर रात तक पुलिस गांव में डटी रही।

थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव दौलतपुर के के रहने वाले इब्ने हसन ने 10 जून को अपनी बेटी शबाना की शादी डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी जावेद के साथ की थी। तीन दिन से शबाना मायके आई हुई है। बुधवार को जावेद पत्नी शबाना को लेने के लिए ससुराल कार से आ रहा था। गांव में रास्ता तंग होने के कारण गांव निवासी बब्लू सिंह की बाइक से कार की टक्कर हो गई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में हुई कहासुनी ने देखते ही देखते संघर्ष का रूप ले लिया।

आरोप है कि बाइक सवार बब्लू सिंह और उसने दोस्त ने जावेद के साथ मारपीट करते हुए कार में तोड़फोड़ कर दी। वहां से भागा जावेद सीधे अपनी ससुराल पहुंच गया। थोड़ी देर में कुछ युवक इब्ने हसन के घर में घुस गए और परिवार के लोगों को पीटना शुरू कर दिया। हमलवारों से खुद को बचाने के लिए इब्ने हसन समेत परिवार के अन्य लोगों को घर से भागना पड़ा। इस दौरान गुस्साई भीड़ में शामिल कुछ युवकों ने घर और कारखाने में आग लगा दी। इसके बाद आरोपियों ने वाहनों में भी तोड़फोड़ की। हमलावरों पर पीड़ित परिवार ने नकदी, जेवरात व मोबाइल भी लूटने का आरोप लगाया है।

एएसपी, सीओ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित परिवार के साथ ग्रामीणों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। इसके बाद तीन थानों की पुलिस और पहुंची। तब हालात संभले। बाद में एसपी अमित कुमार आनंद ने भी घटनास्थल पहुंचकर हालात जाने। परिजनों को हर संभव कार्रवाई का भरोसा दिलाया। सुरक्षा के लिहाज से गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।


कार में की गई तोड़फोड़। ● अमृत विचार


पीड़ित परिवार से जानकारी लेते एसपी अमित आनंद। ● अमृत विचार


आग बुझाती फायर ब्रिगेड टीम। ● अमृत विचार


घर के अंदर कारखाने में उठतीं लपटें। ● अमृत विचार

### जिंदा जले दो मवेशी

घर में घुसे आरोपियों ने कारखाने में आग लगा दी। लोग इधर उधर भागने लगे। अग्निकांड में घर व कारखाने में रखा सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने बमुश्किल हालात पर काबू पाया। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पाया। तब तक दो मवेशियों की भी जिंदा जलने से मौत हो चुकी थी।

"बाइक और कार में टक्कर के बाद लेकर विवाद हुआ था। बाद में आरोपियों ने घर व कारखाने में आग लगा दी। मारपीट कर तोड़फोड़ की। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। शांति व्यवस्था कायम है। गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।
**– अमित कुमार आंनद**, एसपी

## एक नजर

### नाबालिग की शादी कराने के मामले में दी तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ला निवासी युवक ने अपने नाबालिक बेटे की जबरदस्ती शादी कराने के मामले में पत्नी सहित दो रिश्तेदारों पर आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। नगर के मोहल्ला कायस्थान में निवासी छोटा पुत्र अफसर राईन का आरोप है उसकी पत्नी, साढू व साली ने बुधवार 17 जून को उसके नाबालिक बेटे की शादी मोहल्ले की ही एक लड़की से कर दी है। विरोध करने पर उसे गालियां देते हुए मारपीट की। पीड़ित कोतवाली पहुंचा और आरोपी दोनों रिश्तेदारों व पत्नी के खिलाफ कोतवाली में नामजद तहरीर दी है।

### सोलर पैनल चोरी करते पकड़ा

**हसनपुर,अमृत विचार :** नलकूप में चोरी कर रहे चोर को पकड़ लिया। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर में मंगलवार की देर रात इंदर पुत्र छुट्टन सिंह अपने दामाद नेपाल के साथ नलकूप पर सो रहे थे। इस दौरान चोरों ने नलकूप की कोठरी का ताला तोड़कर वहां से इनवर्टर बैटरा स्टार्टर चोरी कर ले गये। बाद में चोर नलकूप की कोठरी की छत पर लगे सोलर पैनल को खोल रहे थे। आहट सुनकर दोनों की आंख खुल गई, उन्होंने चार चोरों में से एक को पकड़ लिया। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस चोर के साथ पीड़ित को भी पकड़ कर कोतवाली ले आई। बुधवार की सुबह राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया। वह पकड़े गए चोर को भी पुलिस ने छोड़ दिया।

### वाहन की टक्कर से गोवंशीय पशु की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार की सुबह बाईपास मार्ग स्थित ग्रीन सिटी के समीप वाहन ने गौवंशीय पशु में टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ देर के बाद नगर पालिका की टीम भी घटना स्थल पर आ गई। बाद में नगर पालिका की जेसीबी मंगवाकर गौवंशीय पशु को दबा दिया गया।

### सीएचसी में गर्मी से बिलबिलाए मरीज

**गजरौला, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में सीएचसी में भर्ती मरीज बिलबिला उठे। वार्ड में लगे पंखे हवा भी गर्म हवा दे रहे थे। वार्ड में छह पंखे लगे हैं, जिनमें से दो पंखों का ही कनेक्शन इनवर्टर से है बाकी चार पंखे बिजली से ही चलते हैं। बिजली गुल होने पर चारों पंखे बंद हो जाते हैं।

# वन विभाग की भूमि कब्जा मुक्त कराने की मांग


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू अम्बावता के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

● **भाकियू अम्बावता ने उप जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अम्बावता ने वन विभाग की हजारों बीघा भूमि को कब्जा मुक्त कराये जाने की मांग को लेकर उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि गांव सिमथला में वन विभाग की 100 बीघा जमीन पर अवैध निर्माण हो गये हैं। वन विभाग की 300 बीघा जमीन पर खेती हो रही है। गांव दोरारा में वन विभाग की भूमि पर सड़क किनारे आवास व दुकानें बना ली गई है। वन विभाग की 200 बीघा जमीन पर आबादी में कृषि कार्य हो रहे हैं। गांव भीमा ठीकरी, लुहारी खादर, ख्यालीपुर, खुगावली, बाटूपुरा में आवास व कृषि कार्य के लिए जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है। भाकियू का ने कहा कि दर्जनों गांवो में हजारों बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। कुछ स्थानों पर वन विभाग जमीन पर कब्जा करने वाले माफियाओं के साथ मिले हुए है। युवा मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, जयवीर सिंह, लोकेश सिंह, अंकित, जितेंद्र, हिरदेश कुमार, शकील, खुर्शीद खान, शमशेर सैफी, अजब सिंह, सतपाल सिंह आदि मौजूद थे।

### किसानों ने सड़क, बिजली, पानी की समस्याएं रखीं

**अमरोहा, अमृत विचार :** सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों ने एक-एक करके बिजली, पानी, सड़क, नलकूप, गन्ना भुगतान सहित अन्य संबंधित शिकायतों को मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष रखा। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिए की बैंक से संबंधित किसान भाइयों की जो भी समस्या है उनका निराकरण उचित प्रकार करें। कहा कि जो भी सरकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं उनकी जानकारी किसानों को मिले और उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। प्रतिनिधि जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी किसान भाइयों का गन्ना भुगतान जो रहे गया है उसे समय के साथ भुगतान पूरा कर दिया जाये। किसान भाइयों ने विद्युत सम्बन्धित समस्याओं में ट्रान्स्फार्मर खराब होने, बिजली के मार टूट जाने और गले हुये खम्भों के बारे में मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष रखा। किसानों के समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ मिलें।

### वकील के भाई को दी श्रद्धांजलि

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के सदस्य देशराज सिंह चौहान एडवोकेट के बड़े भाई नौरंग सिंह चौहान का ब्रेन हेमरेज के कारण आकस्मिक निधन हो गया था। तहसील बार एसोसिएशन के द्वारा बुधवार को शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष ओमपाल सिंह, महासचिव मदन खडगवंशी, पूर्व अध्यक्ष नरेशपाल सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह, सुनील भटनागर, पूर्व महासचिव सुरमित कुमार गुप्त, आफताब आलम,फतेह सिंह खड़कवंशी, विनोद कुमार त्यागी, कपिल देव गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, नंदराम सागर, विशाल शर्मा, सुहैल अब्बास,महताब आलम , महावीर सिंह, वीर सिंह, संजय चौहान, संजीव कुमार, देवेन्द्र कुमार, महीपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# योग को दिनचर्या में शामिल करें: डीएम


योगाभ्यास करतीं डीएम निधि गुप्ता, सीडीओ अश्वनी कुमार व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● **डीएम सहित अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में किया योगाभ्यास**

**अमृत विचार :** 21 जून तक चल रहे योग सप्ताह के तहत डीएम निधि गुप्ता वत्स सहित सीडीओ व अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में एक साथ योगाभ्यास किया। डीएम ने योग के फायदे भी बताए।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योग सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता के निर्देश योगाभ्यास आयुष विभाग के मास्टर योग ट्रेनर योगाचार्य डॉ.नितीश भारद्वाज द्वारा कराया गया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर योग किया एवं योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया की योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। योग से व्यक्ति निरोग रह सकता है। योगाचार्य नितीश भारद्वाज ने बताया कि योग की उत्पत्ति भारत में हुई है। भारत में योग का अभ्यास लगभग 5000 वर्षों से किया जा रहा है। हर व्यक्ति योग के बारे में बहुत पहले से जानता है, लोग इसके लाभों को जानते हैं, और इसे दुनिया में लोकप्रिय होने से पहले ही किया जाता रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया गुरुवार को कलेक्ट्रेट से एक साईकिल योग संदेश यात्रा निकलेगी। जो कि जे एस हिन्दू पी जी कॉलेज मे 7:30 तक समाप्त होंगी। उसके बाद वही पर 45 मिनट के कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जायेगा। उन्होंने सभी जनपद वासियो से संदेश यात्रा मे शामिल होने की अपील की।

### भीषण गर्मी में बिजली गुल, परेशान रहे लाग

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं में भीषण गर्मी में चरमराई बिजली आपूर्ति से उपभोक्ताओं का पसीना छूट रहा है। मंगलवार को आधी रात तक बिजली आपूर्ति गुल रही। बुधवार को भी दिनभर बिजली आपूर्ति बाधित हुई। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बीते दो दिन से भीषण गर्मी पड़ रही है। सुबह दिन निकलते ही भीषण गर्मी शुरू हो जा रही है। चिलचिलाती धूप में लोग घरों में कैद होने के लिए मजबूर हैं। बुधवार को दिनभर भीषण गर्मी रही। तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। लू चली तो दोपहर 12 बजे के बाद ज्यादातर लोग घरों में कैद हो गए। शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। शाम चार बजे से लोग घरों में कैद हो गए। जरूरी कामों से भी लोग गर्मी से बचाव के पूरे इंतजाम करने के बाद ही घरों से बाहर निकले।

# मोहब्बत के वादे भुला क्यों रहे हो, ...दगा तो न दोगे


कलाम पेश करते कव्वाल। ● अमृत विचार

संवाददाता, उझारी

● **शेख दाऊद बंदगी के उर्स में फैजान अजमेरी कव्वाल ने दी प्रस्तुति**

**अमृत विचार :** हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स में जायरीनों का तांता लगा हुआ है। लोग तबर्रुक एवं चादरपोशी करके मन्नते मांग रहे हैं।

सिद्ध कव्वाल फैजान अजमेरी ने हउर्स में अपनी प्रस्तुति दी। उन्हें सुनने के लिए युवाओं की भारी भीड़ मौजूद रही। फैजान अजमेरी के कलाम पर लोग झूमते हुए नजर आए। उन्होंने पढ़ा- मोहब्बत के वादे भुला क्यों रहे हो, कहीं दोस्त बनकर दग़ा तो न दोगे को लोगों ने बार-बार सुना। मुख्य रूप से सदर हकीम चमन, फहीमुददीन महल, इफ्तिखार उल हसन, मास्टर असद, मो० आदिल, मौ० आमिर, शाकिर मसऊदी, आफाक पठान, शहाबुद्दीन सैफी, हाजी बब्बन, अलाउद्दीन सैफी, डॉ० शहरोज मुख्तार, वहाबुद्दीन, कुंवर अदनान महल, कोकब इकतेदार, राशिद अली, अबसार अहमद, फहीम वारिस, शम्स तबरेज ,चौधरी अब्दुल कादिर, शबाहत हुसैन, आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आसिफ पहलवान ने जीती 51 हजार की कुश्ती


दंगल में हाथ मिलाते पहलवान। ● अमृत विचार

संवाददाता, उझारी

**अमृत विचार :** शेख दाऊद बंदगी के उर्स में विशाल दाऊदिया दंगल का समापन हो गया।

अंतिम दिन टाइगर पहलवान ने मौसम अली, रीहान पहलवान हरियाणा ने वीर बहादुर, फैज पहलवान संभल ने राहुल को, अयान पहलवान सिकरोटा ने बॉबी, लकी थापा पहलवान नेपाल ने शमशेर सिंह राजस्थान को, जग्गा पहलवान राजस्थान ने लकी थापा पहलवान नेपाल को पराजित किया। सबसे बड़ी कुश्ती आसिफ पहलवान जलालाबाद एवं गौरव पहलवान दिल्ली के बीच हुई। जिस पर 51,000 का पुरस्कार था। आसिफ ने गौरव को चित कर दिया। हकीम चमन, डॉक्टर शहरोज, कुंवर अदनान महल, मौ० कासिम, शादाब मंसूर, हाजी कल्लन, अलाउददीन सैफ़ी, आफाक पठान, कोकब इक्तेदार, मौ. वसीम, डॉ. जफर कमाली आदि मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधान के भाई पर किया जानलेवा हमला

**गजरौला, अमृत विचार :** पुराने विवाद के चलते युवकों ने पूर्व प्रधान के भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की थी। कोई कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने वीडियो बनाकर वायरल किया है।

क्षेत्र के गांव नबादा निवासी पूर्व प्रधान का भाई अंकित रविवार की शाम अपने घर के बाहर खड़ा था। आरोप है कि इस दौरान उनके ही गांव के युवकों ने पुराने विवाद के चलते जानलेवा हमला कर दिया। शोर-शराबा होने पर आसपास लोग दौड़े तो आरोपी अंकित को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की थी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 25-25 हजार के इनामी ठगों को पुलिस ने दबोचा, कोर्ट में पेश किया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** दर्जनों लोगों से ठगी करने वाले दो 25-25 हजार के इनामी ठगों को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर दिया।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव उकावली निवासी आरती लाल व उसका भाई राजकुमार पुत्र सोमपाल 2019 से सीधे-साधे लोगों को अपने झांसे में लेकर ठगी कर रहे थे। आरोपी समूह बनाकर ग्रामीणों को तरह-तरह के लालच देकर उनके साथ ठगी करते थे। जनपद अमरोहा के अलावा दोनों सगे भाई मुरादाबाद जिले में भी ठगी का कार्य बखूबी कर रहे थे। ठग भाइयों का शिकार होने के बाद पीड़ितों ने पुलिस से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी।


ठगों के बारे में जानकारी देते पुलिस क्षेत्राधिकारी। ● अमृत विचार

● **समूह बनाकर ग्रामीणों को तरह-तरह का लालच देकर करते थे ठगी**

दोनों भाइयों पर जनपद मुरादाबाद के थाना मझोला,थाना रहरा के अलावा थाना सैदनगली,थाना हसनपुर में भी ठगी करने के मुकदमे दोनों पर दर्ज है। दोनों भाइयों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया था। रहरा पुलिस एवं एसओजी व सर्विलांस टीम दोनों शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करने में लगी हुई थी। पुलिस ने दोनों बदमाशों को गंगा तट बांध से गिरफ्तार कर लिया। सीओ दीप कुमार पंत ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि दोनों ठग सगे भाई हैं। समूह बनाकर वह लोगों के साथ ठगी करते थे। दोनों बदमाशों का पुलिस ने चालान करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया।

## सार-संक्षेप

### केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाएं बताईं



**हसनपुर,अमृत विचार :** सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष अभियान के तहत ब्रह्माबाद शक्ति केंद्र के ग्राम बेगपुर मुंडा चौराहे पर बुधवार को चौपाल में कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने सड़क, सुरक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, सिंचाई से लेकर बिजली, शौचालय निर्माण, प्रधान मंत्री आवास योजना आदि अनेकों योजनाओं पर कार्य करते हुए सबका साथ सबका विकास , सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति के साथ आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक स्तर पर प्रगति की है। गांव, गरीब और किसान के कल्याण के लिए कार्य किया गया है। क्षेत्र वासियों ने मध्य गंगा नहर में अति शीघ्र पानी छोड़े जाने की मांग रखी। शक्ति केंद्र संयोजक मुनिदेव सैनी, कार्यक्रम संयोजक धर्मवीर सिंह, आशाराम पाल , मुकेश त्यागी, वीर पाल सिंह, शिवनरेश, अजीत सैनी, लोकेंद्र सैनी, मनोज चौधरी, भूरे सिंह, ब्रज पाल सिंह मनीष कुमार जगराम सिंह कुंवर पाल, धर्म सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्लोगन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**हसनपुर,अमृत विचार :** एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय के अंतर्गत बुधवार को झम्मनलाल पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर नीति शर्मा ने स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रथम स्थान शिवांश शर्मा, द्वितीय स्थान तुषार और तृतीय स्थान गोविंद ने प्राप्त किया। अर्थशास्त्र विभाग से बबिता त्यागी ने कहा कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योगासन बहुत जरूरी है। अपनी व्यस्ततम दिनचर्या से कुछ समय निकालकर योग अवश्य करें बच्चे मोबाइल को ज्यादा महत्व दे रहे हैं एक दिन मोबाइल छोड़कर प्राणायाम करें। स्वयं को अच्छा महसूस करेंगे। प्राचार्या डॉ. शमा परवीन ने विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। समाजशास्त्र के विभाग अध्यक्ष डॉ. विपिन, स्वयं सेवी नेहा, महेंद्री, गीता, अनीता, कृष्णा, छाया, प्रिया, छाया रानी आदि उपस्थित रहे।

### पटाखा फैक्ट्री विस्फोट: पीड़ित परिवारों से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल, मुआवजे की मांग

**अमरोहा,अमृत विचार :** पटाखा फैक्टरी विस्फोट में मृतक महिलाओं के परिवार से कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। शोक संवेदनाएं प्रकट की। योगी सरकार से पीड़ित परिवार को 30 लाख रुपये मुआवजा की मांग की। 16 जून को अतरासी के जंगल में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोटक हो जाने के कारण फैक्ट्री में काम कर रही चार महिला मजदूरों की मृत्यु हो गई थी और 9 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिला कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के नेतृत्व में ग्राम रजबपुर एवं पपसरा पहुंचा। ग्राम अतरासी मे मृतक रुकसाना एवं शहनाज के घर पहुंच कर एवं ग्राम पपसरा में मृतक हुई उमा देवी एवं सर्वेश देवी के परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। कहा की कांग्रेस पार्टी हर पीड़ित के साथ खड़ी है। प्रतिनिधिमंडल जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचा और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उप जिला अधिकारी चंद्रकांता को सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने मृतकों के परिजनों को 30-30 लाख रुपए और घायलों को 15-15 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की। पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी सुखराज सिंह, तारीख मोहम्मद खान, पूर्व शहर अध्यक्ष फ़ैज़ आलम रायनी, आसीम हुसैन साबरी, राजकुमार अरुण, मोहम्मद शाहिद खेड़ी, मयंक कुमार गुर्जर, अली इमाम रिजवी, मेराजुल जफर, मनोज कटारिया, जयपाल सिंह जाटव, इकबाल अंसारी आदि रहे।

### तेंदुआ ने आम के बाग में कुत्ते को बनाया निवाला

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले में तेंदुए का आतंक बढ़ता जा रहा है। अब रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव पीठखेड़ा में तेंदुए ने आम के बाग में घुसकर एक पालतू कुत्ते को मार डाला। बुधवार को वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगवाया। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव पीठखेड़ा में रामवीर सिंह ने ज्ञानेंद्र सिंह से यह बाग ठेके पर लिया है। घटना के समय रामवीर और उनका बेटा विपिन कुमार बाग की रखवाली कर रहे थे। मंगलवार रात करीब 10 बजे तेंदुए ने आम के बाग में घुसकर एक पालतू कुत्ते पर हमला किया। कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई। पिता-पुत्र ने शोर मचाया और ग्रामीणों को सूचना दी। बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। शोर-शराबा सुनकर तेंदुआ गन्ने के खेत में छिप गया। कुत्ते के अवशेष बाग से कुछ दूरी पर मिले। सूचना मिलते वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने काफी देर तक कॉम्बिंग की, लेकिन तेंदुआ नहीं मिला। बुधवार को वन विभाग टीम ने जंगल में पिंजरा लगाया है। पिंजरे में बकरी को चारा बनाकर रखा गया है।

### बाइक से गिरकर घायल महिला की अस्पताल में मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव से बेटे के साथ दावत खाने जा रही महिला अचानक बाइक से गिरकर घायल हो गई। मेरठ में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव करन खाल निवासी सर्वेश पत्नी स्वर्गीय बालमुकुंद सोमवार को अपने बेटे के साथ रिश्तेदारी में दावत खाने जा रही थी।जैसे ही गांव के निकट स्थित पुल के नजदीक पहुंची तो अचानक वह बाइक से गिर गई। जिससे वह घायल हो गई। महिला के सिर में चोट आई तो बेटे के द्वारा घायल महिला को नगर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया ।हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया। जहां बुधवार की दोपहर उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया ।

## एक नजर

### बारिश से मिली उमस भरी गर्मी से राहत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** आधे घंटे की बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत दिलाई है। बारिश होने से कुछ स्थानों पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल बने थे। गर्मी से लोगों को घर व बाहर कहीं भी आराम नहीं मिल रहा था। बुधवार की सुबह ही आसमान में काले बादल छाने लगे। शाम साढ़े पांच बजे हल्की बूंदाबादी के बाद शाम 6 बजे तेज बारिश शुरू हो गई, जो आधे घंटे तक होती रही। बारिश से स्टेशन रोड, पंचशील कॉलोनी, विकास नगर, मुंसिफ रोड, आवास-विकास सहित अन्य स्थानों पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** बिजनौर के मंडावर थाना क्षेत्र के चन्दक में बुधवार को एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। शाहबाजपुर निवासी 20 वर्षीय शिवम कश्यप बाइक से जा रहा था। तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। शिवम की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है। मंडावर प्रभारी निरीक्षक के अनुसार चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### समिति की जिला मंत्री बनीं बबीता

**संभल, अमृत विचार :** जितेंद्र वर्मा समाज कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने मोहल्ला हल्लू सराय की बबीता भारद्वाज को जिला मंत्री नियुक्त किया है। उन्हें लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान कराने के कहा गया है।

# 6 माह से बेरोजगार हैं संभल गेट के दुकानदार

## अतिक्रमण अभियान के दौरान नगर पालिका की 10 दुकानों को तोड़ा गया था, अभी तक आवंटन नहीं

- राज्यमंत्री व अधिकारियों के चक्कर लगाकर थक चुके हैं दुकानदार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर पालिका ने संभल गेट में बीएमजी इंटर कॉलेज के बाहर बनीं 10 दुकानों को अतिक्रमण अभियान के दौरान ध्वस्त कर दिया था। दुकानदारों से अन्य स्थानों पर दुकानें देने की बात कही गई थी। मगर दुकानें ध्वस्तीकरण को 6 माह का समय बीत चुका है। दुकानदार दुकानें नहीं मिलने से खाली बैठे हैं। परिवार के पालन-पोषण में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

6 माह पूर्व शहर में नगर पालिका की ओर से अतिक्रमण अभियान चलाया गया था। जिसमें नाले के ऊपर बने स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई थी। इसी दौरान संभल गेट स्थित बीएमजी इंटर कॉलेज के बाहर बनीं 10 दुकानों को भी नाले के ऊपर अतिक्रमण होने पर ध्वस्त किया गया था। तब दुकानदारों से अन्य स्थानों पर दुकानें देने की बात कही गई थी। फव्वारा चौक सहित अन्य स्थानों पर दुकानों के ध्वस्त होने के बाद उन दुकानदारों को तो दुकानें मिल गईं। मगर संभल गेट पर ध्वस्त हुई दुकानों के स्वामियों को दुकानों को आवंटन नहीं किया गया। इसको लेकर दुकानदारों ने राज्यमंत्री गुलाब देवी, संपूर्ण समाधान दिवस में गुहार लगाई। प्रदर्शन भी किया गया, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। पिछले 6 माह से दुकानदार खाली बैठे है। जिससे अब उनके सामने परिवार के पालन-पोषण की समस्या खड़ी होने लगी है।



अभियान के दौरान तोड़ी गईं संभल गेट की दुकानें। ● अमृत विचार



संभल गेट में मेरी जनरल स्टोर थोक की दुकान थी। जब से दुकान ध्वस्त हुई है, तभी से बेरोजगार बैठे हैं। अन्य स्थान पर भी दुकान नगर पालिका की ओर से नहीं मिली है। जिससे जीवन-यापन में दिक्कत आने लगी है।

-परमेश राणा



संभल गेट में मेरी पेंटर की दुकान थी। दुकानों के ध्वस्तीकरण के समय अन्य स्थान पर दुकानें देने की बात कही गई थी। काफी प्रयास के बाद भी कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। समझ में नहीं आता करें तो क्या करें।

-राजू कुमार

> जिनकी दुकानें अभियान दौरान ध्वस्त हुई थी। उन दुकानदारों को शीघ्र ही दुकानें आवंटित की जायेंगी।
>
> -धर्मराज राम, ईओ, नगर पालिका परिषद

# भूमि पैमाइश के दौरान मारपीट पथराव, पिता और पुत्र घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी

**अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर लेखपाल द्वारा पैमाइश किए जाने के दौरान मारपीट और पथराव हो गया। पिता और दो पुत्र घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव अख्तियारपुर चौबे के संजीव यादव ने डीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर मकान बना लिया। बुधवार को दोपहर लेखपाल ने पैमाइश शुरू कराई। दूसरे पक्ष लोगों ने विरोध करते हुए मारपीट शुरु कर दी। पथराव भी किया। जिसमें जगन्नाथ यादव, इसके बेटे संजीव यादव और सुनील यादव घायल हो गए। पुलिस पहुंच गई। इस बीच आरोपी भाग गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा। संजीव यादव ने चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि की पैमाइश के दौरान मारपीट की घटना हुई है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# फोरलेन के लिए भूमि नहीं देंगे किसान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति की ग्राम असालतपुर जारई में संपन्न पंचायत में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्रशासन गंभीरता से नहीं ले रहा है। चन्दौसी-शाहबाद मार्ग पर 160 बीघा भूमि पर प्लाटिंग की जा रही है। व्यवसायी को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से किसानों की भूमि को बर्बाद करने की नियत से फोर लेन सड़क बनाने की योजना है। 5 मीटर चौड़ी कच्ची सड़क को जो बनियाठेर हाइवे से जुड़ी हुई है, उस कच्ची सड़क के बीच को केंद्र बिंदू न मानकर किसानों की भूमि को नापा जा रहा है। किसानों ने स्पष्ट कहा कि कच्ची सड़क के केंद्र बिंदू से नाप की जाए। किसान फोर लेन को अपनी भूमि नहीं देंगे। कहा कि शीघ्र ही किसानों का प्रतिनिधि मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपेगा। मुख्यमंत्री से मिलने का भी समय मांगा जाएगा। वीरेंद्र तोमर, पप्पू तोमर, राहुल कश्यप, शानू शर्मा, अमर पाल सिंह, पप्पू तोमर, मनोज तोमर, सुदेश तोमर, चीनू जैन, रामपाल, करन सिंह, प्रतिपाल आदि मौजूद रहे।



पंचायत करते राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारी व किसान।

- कच्ची सड़क के बीचोबीच से जमीन की पैमाइश की मांग


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, रामपुर

पत्रांक: 1034/HO दिनांक: 18.06.2025

### सार्वजनिक ठेकाजात नीलाम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि हेतु नगर पालिका परिषद रामपुर के राजस्व ठेको का पुन: सार्वजनिक नीलाम दिनांक 30.06.2025 को अपरान्ह 12 बजे नगर पालिका के सभागार में किया जायेगा। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को ठेको के सम्मुख लिखे गये अंकन रूपयों की जमानत धनराशि नगर पालिका परिषद रामपुर के बैंक ऑफ इंडिया के खाता सं- 692020100001091 IFSC Code BKID0006920 में RTGS/NEFT/Online Payment के माध्यम से या बैंक ड्राफ्ट द्वारा नगर पालिका परिषद रामपुर के कोष में जमा करना होगा। ठेकों की अन्य जानकारी व शर्तों के लिए किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। पालिका का कोई भी बकायेदार उक्त नीलामी में भाग नहीं ले सकेगा।

| क्र. | ठेकों के नाम | जमानत धनराशि |
|---|---|---|
| 01 | ठेका पनवडिया साप्ताहिक बाजार | रू. 100,000/- (एक लाख) |
| 02 | ठेका लकड़ी ट्रैक्टर ट्राली | रू. 200,000/- (दो लाख) |
| 03 | ठेका कैन्टीन अम्बेडकर पार्क | रू. 100,000/- (एक लाख) |
| 04 | ठेका हड्डी मुर्दा खाल | रू. 25,000/- (पच्चीस हजार) |
| 05 | ठेका पार्किंग नगर पालिका परिसर | रू. 25,000/- (पच्चीस हजार) |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, रामपुर


# किसानों को नहीं मिलेगा एक बार में तीन बोरी से अधिक उर्वरक

कार्यालय संवाददाता, संभल

- उर्वरक पर शासनादेश को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

**अमृत विचार :** उर्वरक नियंत्रण के लिए शासनादेश को लेकर डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने आदेश जारी करते हुए कहा कि टॉप 20 वायर्स में जिस खुदरा विक्रेता का नाम परिलक्षित होगा उसके साथ थोक विक्रेता का भी उर्वरक प्राधिकार पत्र निरस्त किया जाएगा। प्रत्येक विक्रेता किसी भी हाल में एक बार तीन बोरी से अधिक उर्वरक किसानों को नहीं देगा। किसानों को उर्वरक उनकी फसल की उर्वरक संसुति एवं खतौनी के क्षेत्रफल के अनुसार दिया जाएगा।

डीएम ने उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश देते हुए कहा कि अगर किसान बटाई पर खेती कर रहा है, तब भी पॉस मशीन पर मूल भू स्वामी का ही अंगूठा लगाया जाए। बटाईदार के अंगूठे के आधार पर पॉस मशीन के उर्वरक को खारिज न किया जाए। अगर भविष्य में ऐसा पाया जाता है और वह विक्रेता टॉप 20 की सूची में भी शामिल है तो उसके उर्वरक प्राधिकार पत्र को निरस्त करने के साथ ही एफआईआर भी की जाएगी। उर्वरक बेचने के लिए भी किसानों का खसरा खतौनी का विवरण लेना होगा। सहकारी समितियों में जो किसान सदस्य हैं उन्हें उर्वरक क्रय करते समय खतौनी, खसरा उपलब्ध कराने की आवश्यकता नहीं है लेकिन किसान अपने क्षेत्र की सहकारी समिति को छोड़कर अन्य जगह से उर्वरक क्रय करता है तो उसे अपना विवरण उपलब्ध कराना होगा।

वहीं भाकियू असली के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी ने कहा कि इस तरह किसान खेती नहीं कर पाएंगे। जब किसानों की मांग के अनुसार उर्वरक नहीं मिलेगा तो खेती कैसे की जाएगी। इसे लेकर आवाज उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# गन्ने के खेत में कीटनाशक छिड़कने पहुंचा मजदूर बेहोश

**अफजलगढ़, अमृत विचार:** अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मद अलीपुर चौहड़ निवासी शहजाद अहमद ने बताया कि उसने गांव बिरला फार्म में स्थित एक गन्ना का खेत ठेके पर ले रखा है। बुधवार की सुबह 11 बजे के करीब उसने गांव भागीजोत निवासी हरि सिंह को मजदूरी पर गन्ने के खेत पर कीटनाशक दवाइयां छिड़काव करने के लिए कहा था। जैसे ही उसने गन्ने के खेत में कीटनाशक छिड़काव करना शुरू किया वह बेहोश होकर गिर गया। उसे सीएचसी अफजलगढ़ ले जाया गया जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद रिलीव कर दिया गया।

## सार-संक्षेप

### चलती कार में लगी भीषण आग, चालक कूदा



**बिजनौर, अमृत विचार :** जनपद बिजनौर के मंडावर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक चलती वैगनआर कार में अचानक आग लग गई। घटना गांव गीदड़पूरा के पास हुई। कार में आग लगते ही चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। देखते ही देखते पूरी कार आग की चपेट में आ गई। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** हल्दौर थाना क्षेत्र में नूरपुर रोड पर एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान आशु के रूप में हुई है, जो बाटपूरा का निवासी था। घटना नवादा तुल्ला नहर के पास हुई। आशु बाइक पर सवार होकर जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हल्दौर थाना राजेश कुमार चौहान प्रभारी ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस वाहन की पहचान और चालक की तलाश में जुटी है।

### एसबीआई की नवीनीकृत शाखा का उद्घाटन



**चन्दौसी, अमृत विचार :** रामस्वरुप रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक की नव-नवीनीकृत शाखा का लखनऊ सर्कल नेटवर्क-1 के महाप्रबंधक अनिल कुमार ने उद्घाटन किया। रामपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार, चन्दौसी शाखा के मुख्य प्रबंधक संदीप कुमार ने उद्योगपति विपिन गुप्ता, संजय रस्तोगी, भुवनेश वार्ष्णेय, उत्कर्ष वार्ष्णेय, विकास गुप्ता, गिरीश कुमार, डॉ. केके तोमर को सम्मानित किया। बैंक के गिरीन्द्र अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ ग्राहक सेवा के लिए सम्मानित किया गया। तूलिका बरनवाल, रजत, विपिन कुमार, विपिन गंगवार, ॠषभ सक्सेना, पवन सिंह, मयंक कसेरा, दिनेश पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### युवक का शव पेड़ से लटका मिला

**बिजनौर, अमृत विचार :** बिजनौर में नगीना रोड स्थित छोईया पुल के पास जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान मुजफ्फरनगर के थाना शाहपुर के गांव घनायान निवासी मोनू (25) के रूप में हुई। वह बृजेश का पुत्र था। मोनू काफी समय से बिजनौर में रहकर फेरी का काम करता था। पुलिस ने शव को पेड़ से उतारा। शहर कोतवाल उदय प्रताप सिंह ने बताया कि आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### किसानों ने समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सिंह आर्य के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पंवासा सीएचसी पर समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। कहा कि गांव घोसीपुरा के जंगल में सोत नदी के आसपास से अवैध खनन किया जा रहा है। क्षेत्र में छुट्टा गोवंश पशुओं का आतंक है। जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत के कार्य अधूरे पड़े हैं। गांव धुरैटा में चकबंदी अधिकारियों की मिलीभगत से खेती की जमीन पर किसान जबरदस्ती चाहरदीवारी और मकान का निर्माण कर रहे हैं। एडीएम प्रदीप वर्मा को ज्ञापन सौंपा। श्यामपाल यादव, जसवीर सिंह, मुलायम सिंह यादव, विपिन कुमार, ओम प्रकाश, चिरंजी लाल, जुगेंद्र सिंह, अजयपाल, श्रीपाल सिंह, रविंद्र राघव, वीरपाल, दिनेश कुमार आदि रहे।

### सफाई कर्मचारी से अभद्रता, भड़के जनक्रांति कार्यकर्ता

**संभल, अमृत विचार :** बिजली विभाग के एक्सईएन दफ्तर में महिला बाबू द्वारा सफाई कर्मी को अपमानित करने पर जनक्रांति के कार्यकर्ता भड़क गए। बुधवार को एक्सईएन नहीं मिले तो बाबू को जानकारी दी। कहा कि मोहल्ला हौज भदेसराय का आयुष भंडारी कार्यालय में सफाई करता है। महिला बाबू द्वारा सफाई कर्मी से जातिसूचक कहते हुए अपमानित किया और हटाने की धमकी दी। अध्यक्ष एडवोकेट अनुज राजौरिया, महासचिव एडवोकेट अमरजीत सिंह, अभिषेक विक्रमा, सुमित विक्रमा, आकाश विक्रमा, सुमन्त सरसौदे, रोहित सिंह, विनीत दिलौर, सनी कुमार, एडवोकेट सय्यद कैफ, रंजीत सिंह, अवधेश कुमार आदि रहे।

### लक्ष्य के सापेक्ष 44.52 प्रतिशत हुई गेहूं खरीद

**संभल, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के निर्देश पर संभल जिले में 15 जून तक गेहूं की खरीद हुई। जो लक्ष्य सरकार से मिला था उसके सापेक्ष 44 .52 प्रतिशत गेहूं खरीदा गया। प्रदेश सरकार के निर्देश पर संभल जिले में 17 मार्च से 71 क्रय केंद्र खोले गए थे। जिले को 48 हजार एमटी गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला था। शुरुआत में गेहूं खरीद धीमी रही लेकिन अप्रैल के महीने में क्रय केंद्रों पर अच्छी रौनक दिखाई दी। 15 जून तक गेहूं की खरीद गई। डिप्टी आरएमओ संजीव कुमार राय ने बताया कि गेहूं खरीद में प्रदर्शन अच्छा रहा। प्रदेश में जनपद संभल 14वें स्थान पर आया।

### प्रथम निमंत्रण गणपति के चरणों में अर्पित किया



**चन्दौसी, अमृत विचार :** मेला गणेश चौथ के शुरू करने के लिए एसडीएम ने प्रथम निमंत्रण भगवान गणेश के चरणों में अर्पित किया। बुधवार रात 9 बजे करीब एसडीएम विनय कुमार मिश्रा सीता रोड स्थित गणेश मंदिर पहुंचे। पूजन व आरती की गई। इसके बाद प्रथम निमंत्रण पत्र को उनके की उनके चरणों में अर्पित किया गया। मेला कमेटी के पदाधिकारी मनोज गुप्ता मीनू ने बताया कि इस वर्ष मेला 25 अगस्त से शुरु होकर 14 सितंबर तक रहेगा। 27 अगस्त को गणेश पूजन होगा। दोपहर में रथयात्रा निकलेगी। ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविन्द्र कुमार रुपी आदि काफी संख्या में कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# रेलवे लाइन के पास मोर्टार सेल मिलने से मची खलबली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा, किया निष्क्रिय
- काफी पुराना है मोर्टार सेल, पुलिस और सेना कर रही है जांच

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में रामगंगा के पास रेलवे लाइन किनारे मोर्टार सेल मिलने से खलबली मच गई। सूचना पर पुलिस और सेना की यूनिट मौके पर पहुंची। सेना के बम निरोधक दस्ते ने मोर्टार सेल को निष्क्रिय कर दिया है। छानबीन की जा रही है कि मोर्टार सेल यहां तक कैसे पहुंचा। रेलवे लाइन से कुछ दूरी पर ही सैन्य क्षेत्र भी है।

दो दिन पहले भारी बारिश के दौरान कई स्थानों पर रेलवे लाइन की मिट्टी धंस गई है। इन स्थानों पर जेसीबी के जरिए मिट्टी डालने का काम किया जा रहा है। मंगलवार रात 1 बजे सुभाषनगर में लाइन के किनारे मिट्टी डालने का काम किया जा रहा था। श्रमिकों को मिट्टी के ढेर में संदिग्ध वस्तु मिली और पुलिस को सूचना दी गई। एसपी सिटी मानुष पारीक और सुभाषनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने देखा कि मोर्टार सेल है। रात में ही सेना की यूनिट को सूचना दी गई। सेना का बम निरोधक दस्ता भी मौके पर आ गया। दस्ते ने मोर्टार सेल को निष्क्रिय कर दिया। मोर्टार काफी पुराना है। माना जा रहा है कि मोर्टार मिस फायर होने के बाद मिट्टी में दबा दिया गया होगा। रेलवे लाइन के किनारे डालने के लिए मिट्टी दूसरे स्थान से लाई जा रही है। ऐसे में यह मोर्टार मिट्टी के साथ यहां पहुंच गया होगा। पुलिस और सेना की टीमें जांच कर रही है कि मोर्टार सेल कहां से और किस यूनिट के लिए जारी किया गया होगा।

> रेलवे लाइन किनारे मिट्टी में मोर्टार सेल मिला है। पुलिस और सेना की यूनिट ने उसे निष्क्रिय किया। मिट्टी जहां से आई है वहां भी टीम जांच कर रही है।
>
> -अनुराग आर्य, एसएसपी


Admission Open
Session 2025-26
BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने जारी की परीक्षा की समय सारिणी

अमृत विचार, लखनऊ : नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केंद्रों पर संचालित डिप्लोमा एवं प्रशिक्षण की वार्षिक लिखित मुख्य परीक्षाएं आगामी सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में होंगी। इसके लिए छात्र-छात्राओं को अगस्त के तीसरे सप्ताह में प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे। मुख्य परीक्षाओं संबन्धित विवरण उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव ने बुधवार को जारी कर दिया है, परीक्षा की समय सारणी अगस्त के दूसरे सप्ताह जारी की जाएगी। सचिव डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि सितम्बर 2025 के प्रथम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं, दूसरे सप्ताह में लिखित परीक्षाएं होंगी। इसके बाद नवम्बर 2025 के दूसरे सप्ताह में परीक्षाफल घोषित कर दिए जाएंगे।

### 29.15 लाख से रायबरेली के झारखंडेश्वर मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार प्रदेश के सभी जिलों में कम ख्याति वाले धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण तथा पर्यटकों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में रायबरेली के जगतपुर विकासखंड स्थित टांघन गांव के झारखंडेश्वर शिव मंदिर को 29.15 लाख रुपये की लागत से सजाया-संवारा जा रहा है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत मंदिर परिसर का समग्र विकास किया जाएगा, जिसमें पर्यटकों की सुविधाओं में बढ़ोतरी, मूलभूत ढांचागत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्य शामिल हैं। झारखंडेश्वर महादेव मंदिर 100 वर्षों से भी अधिक पुराना है।

### अनुकूल रहेगा मौसम खरीफ फसलों की उत्पादकता बढ़ाने की सलाह

अमृत विचार, लखनऊ : कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय सभागार में खरीफ मौसम में कृषि उत्पादन संबंधी एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि खरीफ मौसम में अनुकूल मौसम रहने की संभावना है, जिसका लाभ उठाते हुए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को व्यापक तैयारी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कृषि उत्पादन में वृद्धि करके प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान दिया जाए, ताकि मुख्यमंत्री के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिल सके। बैठक में खाद्यान्न, दलहन और तिलहन उत्पादन में वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया, जिसमें खासकर दलहन और तिलहन फसलों की उत्पादकता बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई। कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उर्वरकों और कीटनाशकों की पर्याप्त व्यवस्था पर भी बात की गई।

# केशव प्रसाद मौर्य बनाए जा सकते हैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गृह मंत्री अमित शाह ने लखनऊ दौरे में योगी से कराई मौर्य की सुलह
- दिल्ली में योगी के प्रस्ताव पर मौर्य को मिल सकती कमान





**अमृत विचार :** मेरे मित्र केशव प्रसाद मौर्य..., पहली बार गृहमंत्री अमित शाह की ओर से उप मुख्यमंत्री के लिए लखनऊ में इस संबोधन का असली मर्म अब सामने आने वाला है। केशव प्रसाद मौर्य भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी और केशव प्रसाद में सुलह हो गई है। योगी ने खुद ही केशव का नाम केंद्र संगठन को प्रस्तावित किया है।

गृह मंत्री के अमित शाह 15 जून के लखनऊ दौरे पर थे। बताते हैं कि इसी दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का सितारा चमकने की नींव रखी गई। हालांकि नव नियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र वितरण के भव्य समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने सीएम योगी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत सभी नेताओं का नाम उनके पदानुसार बोला। लेकिन सिर्फ केशव प्रसाद का नाम लेते समय व्यक्तिगत अनुराग प्रदर्शित करते हुए मेरे मित्र का संबोधन करके सबको चौंका दिया था। इसे लेकर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा था कि मेरे लिए तो वह गुरु समान हैं। यह अमित शाह का बड़प्पन है कि उन्होंने उन्हें अपना मित्र बताया। कहा कि उन्होंने जो कुछ भी सियासत में सीखा है वो, अमित शाह के मार्गदर्शन में ही सीखा है। सूत्रों का कहना है कि पीएम मोदी समेत संघ को काफी दिनों से राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए आए नामों के पैनल में किसी एक पर मुहर लगाना मुश्किल हो रहा था। विपक्ष भी भाजपा अध्यक्ष नियुक्त न करने पर सवाल करने लगा था। दलित और पिछड़ा वर्ग को ही कमान देने पर सहमति पहले ही बन गई थी। लेकिन संघ ने एक बड़ी शर्त जोड़ी कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का बैक ग्राउंड संघ से जुड़ा हो। इसपर मौर्य पूरी तरह खरा उतरते दिख रहे हैं। उनका पूरा जीवन संघ और अनुषांगिक संगठन विहिप, बजरंग दल, गो रक्षा और पिछड़ों को संगठित करने में खपा है। राममंदिर आंदोलन में उनकी संगठन क्षमता का संघ नेतृत्व कायल था। उनके प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने संसदीय चुनाव जो जीत यूपी में दर्ज की, वह रिकार्ड अभी नहीं टूटा है। सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2019 के चुनाव में मुख्यमंत्री बनने से चूक गए केशव को राष्ट्रीय संगठन का मुखिया बनाने पर सहमति बनती दिख रही है।

सूत्रों के मुताबिक, योगी और केशव प्रसाद में सुलह हो गई है और योगी ने खुद ही केशव का नाम केंद्र संगठन को प्रस्तावित किया है। बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को दिल्ली दौरे पर हैं। राष्ट्रपति से मिलने के बाद वे राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष से मुलाकात कर मौर्य की ताजपोशी का रास्ता साफ होगा।

### ब्रजेश पाठक करेंगे बीएल संतोष से मुलाकात

सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बोम्माराबेट्टू लक्ष्मीजनार्दन संतोष से मुलाकात करेंगे। ब्रजेश पाठक के अलावा केशव प्रसाद मौर्य के भी दिल्ली जाने की खबर है।

### अलग-अलग जिलों में 53 मंत्री भी करेंगे योगाभ्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार इस बार योग दिवस को पर्व की तरह मनाने जा रही है। विविध स्थानों पर बकायदा आयोजन के रूप में योगाभ्यास पूरे एक सप्ताह तक चलेंगे। इस दौरान प्रदेश के 53 मंत्री भी अलग-अलग जिलों में 21 जून की सुबह योग करेंगे। इस क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज तो वहीं ब्रजेश पाठक लखनऊ में योगाभ्यास करेंगे। इसके अलावा 22 जिलों में आईएएस अफसरों को नोडल प्रभारी भी बनाया गया है। शासन की ओर से इन मंत्रियों और बड़े अफसरों की सूची जारी कर दी गई है।

# राष्ट्रपति को आयुष विवि के लोकार्पण का न्योता

## दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने की द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात, 30 को गोरखपुर आएंगी राष्ट्रपति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोरखपुर में खुल रहा है राज्य का पहला आयुष विश्वविद्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात कर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के लिए आमंत्रित किया। राष्ट्रपति ने 30 जून को आने पर मुहर लगा दी है। इसी के साथ अधूरे बचे कार्य को युद्धस्तर पर पूरा करने में शासन जुट गया है।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार को जनता दर्शन करने के बाद दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। वे 11.45 बजे यूपी सदन पहुंचे। जहां से राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करके 30 जून को महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण का निमंत्रण दिया। यह विवि भटहट के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में बन रहा है। इसका शिलान्यास 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। आयुष विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है। शिलान्यास के बाद वह यहां आकर कई बार निर्माण कार्य का जायजा ले चुके हैं। अब इसका निर्माण लगभग पूरा हो चुका है।

**प्रदेश के 97 आयुष कॉलेज विश्वविद्यालय से हैं संबद्ध :** आयुष विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने से पहले आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा,



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

योग, सिद्धा की चिकित्सा पद्धति के लिए अलग-अलग संस्थाएं रही हैं। सत्र 2021-22 से प्रदेश के सभी राजकीय और निजी आयुष कॉलेजों का नियमन अब आयुष विश्वविद्यालय से ही होता है। वर्तमान सत्र 2024-25 में प्रदेश के 97 आयुष शिक्षण (आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी) के कॉलेज व संस्थान इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। इस सत्र में इन सभी कॉलेजों में कुल मिलाकर स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के करीब सात हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके सिंह बताते हैं कि स्नातक और परास्नातक के साथ मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप समयानुकूल कई और रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। पाठ्यक्रमों को लेकर आयुष विश्वविद्यालय ने जो आगामी कार्ययोजना बनाई है, उसमें पीएचडी, बीएससी नर्सिंग आयुर्वेद, बी फार्मा आयुर्वेद, बी फार्मा होम्योपैथ, बी फार्मा यूनानी, पंचकर्म असिस्टेंट डिप्लोमा, पंचकर्म थेरेपिस्ट डिप्लोमा, विदेशी छात्रों के लिए डिप्लोमा, क्षारसूत्र डिप्लोमा, अग्निकर्म डिप्लोमा, उत्तरवस्ति डिप्लोमा और योग नेचुरोपैथी डिप्लोमा शामिल है।

# अब किसानों को गुमराह करना नहीं होगा आसान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजस्व परिषद आधुनिक तकनीक से भूमि संबंधी प्रकरणों को बनाएगा त्रुटिहीन

**अमृत विचार :** राजस्व विभाग के कथित चुनिंदा भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी अब किसानों को गुमराह कर उनकी जमीन की कागजी हेराफेरी नहीं कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशन में राजस्व परिषद अब प्रदेश के किसानों को तमाम सुविधाओं का अधिकारी बनाने जा रहा है।

इस कवायद के तहत राजस्व विभाग किसानों को उनकी भूमि पर अधिकार सम्बन्धी अभिलेख खतौनी त्रुटि रहित उपलब्ध कराने, बैनामे के बाद स्वतः म्यूटेशन कर अभिलेखों को अद्यतन करने, गाटों को आधुनिक उपकरण के माध्यम से अविलंब पैमाइश कराने और मानचित्रों को शुद्धता के साथ गूगल मानचित्र की तरह उपलब्ध कराने जैसी अनेक प्रकार की सुविधाएं शीघ्र ही उपलब्ध करायेगा।

यह जानकारी अध्यक्ष, राजस्व परिषद, अनिल कुमार ने साझा की। अनिल कुमार राजस्व परिषद कार्यालय स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार में मंगलवार को प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के वर्ष 2023 बैच के लगभग 50 प्रशासनिक अधिकारियों (प्रशिक्षु) को संबोधित कर रहे थे। राजस्व परिषद अध्यक्ष ने प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारियों को आधुनिक तकनीक को अंगीकृत करने की सलाह दी।

# 6 जिलों में ड्रोन से शुरू हुई फसलों की सुरक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य के किसान ड्रोन तकनीक से फसल सुरक्षा कर रहे हैं। राजधानी लखनऊ समेत छह जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत ड्रोन से नैनो यूरिया और कीटनाशकों का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। इस पहल से एक घंटे में तीन से बारह एकड़ तक के क्षेत्रफल में फसलों पर प्रभावी ढंग से छिड़काव किया जा रहा है। इससे न केवल फसल उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों को कम समय में अधिक लाभ मिलेगा।

योगी सरकार आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना और एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) जैसी योजनाओं के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ाने के प्रयास कर रही है। फिलहाल प्रदेश में कुल नौ ड्रोन प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं। इनमें गोरखपुर, बहराइच और मुजफ्फरनगर में दो-दो, जबकि लखनऊ, गाजियाबाद और कानपुर नगर में एक-एक प्रोजेक्ट की शुरुआत हो चुकी है। ड्रोन के माध्यम से किसानों को टेक्निकल ट्रेनिंग भी दी जा रही है, जिससे वे आधुनिक कृषि पद्धतियों को सहजता से अपना सकें। योगी सरकार की योजना है कि इस प्रणाली को जल्द ही अन्य जिलों में भी लागू किया जाए।

### नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम पर मायावती ने उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में होने वाली पुलिस सिपाही भर्ती पर गृह मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर, बसपा प्रमुख मायावती ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सिपाही भर्ती को लेकर ऐसा प्रचारित किया गया जैसे यह कोई नई बात हो, जबकि रूटीन कार्य है, ताकि बैकलाग की बुराई पुलिस विभाग में भी न आए। किन्तु इस भर्ती में सर्वसमाज को सही हक मिला या नहीं व उनकी ट्रेनिंग का क्या है। कहा कि बीएसपी सरकार में न्याय-युक्त माहौल स्थापित करने के लिए एकमुश्त 1.20 लाख नए पद सृजित करके पुलिस भर्ती को ईमानदार बनाया गया।

# सूरीनाम में यूपी के प्रशिक्षित युवाओं की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सूरीनाम के राजदूत सुभाष पी. गुप्ता ने किया उप्र. कौशल विकास मिशन का दौरा
- वर्चुअल कोर्स के जरिए कौशल विकास को सुलभ बनाने का दिया सुझाव

**अमृत विचार :** सूरीनाम में भारत के राजदूत सुभाष पी. गुप्ता अपने उप्र. दौरे के दौरान बुधवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) मुख्यालय, लखनऊ पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने मिशन के अधिकारियों के साथ राज्य में कौशल विकास की बदलती तस्वीर पर विस्तृत चर्चा की।

सुभाष गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं में अपार संभावनाएं हैं और विश्व स्तर पर यहां के कुशल युवाओं की भारी मांग है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सूरीनाम में तेल और गैस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने इस



लखनऊ में अधिकारियों के साथ चर्चा करते सुभाष पी. गुप्ता।

दिशा में भारत से कुशल युवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया और इस क्षेत्र में वर्चुअल कोर्स संचालित करने का सुझाव भी दिया ताकि प्रशिक्षण अधिक सुलभ और व्यापक हो सके।

उन्होंने अपने वैश्विक अनुभव साझा करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कौशल विकास से जुड़ी संभावनाओं को मजबूत करने के सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को वैश्विक मांग के अनुरूप प्रशिक्षित कर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। बैठक में यूपीएसडीएम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

> युवाओं को न केवल तकनीकी दक्षता दी जा रही है, बल्कि उन्हें सॉफ्ट स्किल्स, संचार कौशल, भाषा, बायोडाटा निर्माण और व्यावहारिक ज्ञान के माध्यम से वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है।
> – पुलकित खरे, मिशन निदेशक कौशल विकास

> यूपीएसडीएम अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है और युवाओं के कौशल प्रशिक्षण में उद्योग की मांगों के अनुरूप नवीनतम तकनीकों का समावेश किया जा रहा है।
> –प्रिया सिंह, अपर मिशन निदेशक कौशल विकास

# फाइलेरिया की रोकथाम में जौनपुर व महोबा आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मई में कराया गया था 13 जिलों में ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे
- समीक्षा बैठक में राज्य फाइलेरिया अधिकारी ने जिलों के प्रदर्शन पर जताया संतोष

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बीते मई माह में 13 जिलों में संपन्न हुए ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे (टास) में जौनपुर और महोबा ने बेहतर काम किया है। जबकि शाहजहांपुर, बलिया और चित्रकूट का प्रदर्शन औसत से कम रहा। यह जानकारी बुधवार को संस्था सी-कैंप के सहयोग से स्थानीय होटल में आयोजित समीक्षा बैठक में सामने आए।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ. एके चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के नेतृत्व में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 13 जिलों के 118 ब्लॉकों में टास-वन सर्वे किया गया। इसमें 72 इवैल्यूएशन यूनिट (ईयू) में से 55 ईयू सफल रहे, यानी कुल 77 प्रतिशत ईयू पास हुए हैं। इन क्षेत्रों में अब दो साल बाद टास-टू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि टास-वन सर्वे अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलिया, भदोही, चित्रकूट, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, मऊ, महोबा, शाहजहांपुर, पीलीभीत और सोनभद्र में हुआ था।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी ने बताया कि जिन गांवों में नाइट ब्लड सर्वे, टास तथा यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल (यूडीएसपी) के माध्यम से माइक्रोस्कोपी द्वारा अधिक फाइलेरिया मरीज चिन्हित हुए हैं, वहां एक माह के भीतर फोकस सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा।

### वेक्टर कंट्रोल और वेक्टर मैनेजमेंट पर जोर

गेट्स फाउंडेशन के संचारी रोग एवं वैक्सीन डिलीवरी के उपनिदेशक डॉ. भूपेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जिन ईयू में टास-वन पास नहीं हो पाया, उसका प्रमुख कारण यह रहा कि वहां सर्वजन दवा सेवन अभियान में लोगों की भागीदारी कम रही। उन्होंने कहा कि अगले एमडीए अभियान में सभी लोगों को दवा सेवन सुनिश्चित कराना होगा। उपनिदेशक ने संक्रमण की रोकथाम के लिए वेक्टर कंट्रोल और वेक्टर मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही दवा प्रदाताओं को प्रशिक्षण के दौरान दवाओं के लाभों की विस्तृत जानकारी दी जानी चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. तनुज समेत 13 जिलों के नोडल अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी एवं सहयोगी संस्था डब्ल्यूएचओ, पाथ, सीफार, जीएचएस और पीसीआई के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-6

**बाएं से दाएं**

2.1. किसी जाति का कोई उपभेद 2. (काव्यशास्त्र) वर्णिक छंद का एक भेद।

4. वृद्ध, जो बुढ़ापे की अवस्था में हो।

5.1. प्रसिद्ध और पूजनीय 2. सबसे प्रतिष्ठित।

6.1. गुड़ अथवा चीनी का गाढ़ा घोल, चाशनी 2. घोटकर बनाया गया कोई पेय।

7.1. एक प्रकार की मछली 2. खूंटी या खूंटा।

8.1. जिसका संघटन हुआ हो 2. जो एक होकर किसी उद्देश्य की सिद्धि में लगा हो (व्यक्ति या वर्ग) 3. प्रतियोगिता

**ऊपर से नीचे**

1.1. धातु आदि पर आघात होने से झनकार की ध्वनि उत्पन्न होना 2. क्रोध आदि में हाथ-पैर पटकना 3. बकना-झकना।

3.1. परंपरा से चली आ रही 2. परंपरा के अनुसार।

6.1. अभ्यास 2. विवेचना 3. ग्रहण करना; धारण करना 4. प्रवर्तन।



### वर्ग पहेली -5 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 वी | णा | | 2 नो | | 3 तू |
| 4 दो | | | 5 वै | त | र | णी |
| ड़ | | | | र | | क |
| 6 भा | षां | 7 त | र | ण | | |
| ग | | न | | | | 8 फिं |
| | | खे | | 9 बे | तु | का |
| 10 दु | नि | या | वी | | | ई |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी-11.55 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** – आज आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ सकता है। आपको जल्दबाजी वाले स्वभाव से बचना चाहिए। व्यापार में उधारी न करें। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। तकनीकी कारणों से आपके काम में रुकावटें आ सकती हैं।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी की सलाह को आप अत्यधिक महत्व देंगे। आप अपने मित्रों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध रूप से करेंगे, जिससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। सभी काम मन लगाकर करेंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। आप कारोबार में अच्छा लाभ कमा लेंगे। दाम्पत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिन्तन अवश्य करें।

**कर्क** – आज सुबह सिरदर्द की समस्या हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भावनाओं में आकर निर्णय न लें। पिता की सेहत को लेकर समस्या हो सकती है।

**सिंह** – आज आप कार्यक्षेत्र में अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। आज मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक शाम का आनंद उठायेंगे। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

**कन्या** – आज आप लोगों के चहेते बने रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी वाला काम सौंपा जा सकता है। पर्यटन की योजना बना सकते हैं। प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनायेंगे। अज्ञात लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

**तुला** – आज आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। कारोबार के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर अधिक ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना विफल होगी। अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। ससुराल पक्ष के साथ सम्बन्ध मधुर होंगे।

**वृश्चिक** – आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

**धनु** – आज व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। सोचे हुए काम पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो आपको उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए।

**मकर** – आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों पर अधिक ध्यान न दें। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। बॉस आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें।

**कुंभ** – आपको आज काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। उच्च अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों को उत्तम अवसर मिल सकते हैं। परिजनों की चिंता रहेगी। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय व्यर्थ न करें। माइग्रेन के रोगियों को आज यात्रा से बचना चाहिए।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लेना हितकर होगा। प्रभावशाली लोगों से मित्रतापूर्ण संबंध बनेंगे। व्यापार की समस्याएं दूर होंगी। प्रेम संबंधां का भरपूर आनंद लेंगे। शरीर में थकान महसूस हो सकती है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 11.17 तक तत्पश्चात रेवती।

## सुडोकू -13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 5 | | 1 | |
| | | 2 | 3 | | 8 | 6 | | |
| 7 | 4 | | | 1 | | | 2 | |
| 6 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 8 | | | | | | 5 | |
| | 2 | | | 9 | | | | 3 |
| | 9 | | | 3 | | | 8 | 1 |
| | | 1 | 4 | | 9 | 5 | | |
| | 3 | | 6 | | | 2 | | 7 |

### सुडोकू - 12 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 | 9 | 3 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, गुरुवार, 19 जून 2025

# कॉरपोरेट क्षेत्र आर्थिक वृद्धि का स्तंभ

## राष्ट्रपति मुर्मू ने भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि कॉरपोरेट क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके निर्णय न केवल नीतियों एवं विनियमों को प्रभावित करेंगे, बल्कि इसका असर नागरिकों और निवेशकों के देश की संस्थाओं में विश्वास पर भी पड़ेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि कॉरपोरेट कानूनों के कार्यान्वयन एवं प्रवर्तन का दायित्व संभालने वाले अधिकारियों के रूप में, आपकी भूमिका एक ऐसा कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में होगी जो पारदर्शी, जवाबदेह और नवाचार एवं उद्यमिता के लिए अनुकूल हो। राष्ट्रपति भवन में उनसे



● बोलीं- अधिकारियों की भूमिका कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में हो

मिलने आए प्रशिक्षुओं से मुर्मू ने कहा, कॉरपोरेट क्षेत्र हमारे देश की आर्थिक वृद्धि एवं विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। कंपनी अधिनियम 2013 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है कि कानून को न केवल लागू किया जाए बल्कि उसे समझा जाए, उसका सम्मान किया जाए। साथ ही इस तरह से लागू किया जाए जिससे सभी के लिए न्याय, निष्पक्षता एवं अवसर को बढ़ावा मिले। रक्षा वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन सेवा एवं केंद्रीय श्रम सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की। प्रशिक्षुओं से उन्होंने कहा कि सैन्य विमानन में गुणवत्ता का मतलब सिर्फ तकनीकी विशिष्टताओं को पूरा करना नहीं है बल्कि इसका मतलब परिचालन सुरक्षा, मिशन की तैयारी, विश्वसनीयता एवं रणनीतिक श्रेष्ठता सुनिश्चित करना भी है। राष्ट्रपति ने इस बात पर भी जोर दिया कि रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए न केवल सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने की जरूरत है, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सक्रिय रूप से सक्षम बनाने की आवश्यकता है।

### 2025 को राष्ट्रपति ने रक्षा सुधारों का वर्ष बताया

राष्ट्रपति ने कहा, सहायक नीतियों एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से निजी उद्यमों को रक्षा परिवेश में एकीकृत करके, भारत स्वदेशीकरण प्रयासों में तेजी ला सकता है और खुद को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है। 2025 को रक्षा सुधारों का वर्ष बताते हुए उन्होंने प्रशिक्षुओं से सशस्त्र बलों को प्रौद्योगिक रूप से उन्नत, युद्ध के लिए तैयार बलों में बदलने के लिए नवीन दृष्टिकोण विकसित करने का आग्रह किया, जो बहु-क्षेत्रीय, एकीकृत संचालन में सक्षम हों। केंद्रीय श्रम सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे कानून के संरक्षक हैं तथा श्रमिकों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा करने वाले श्रम कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है। राष्ट्रपति ने कहा कि आपके द्वारा लिए गए निर्णय और आपके द्वारा की गई कार्रवाइयों का उद्योग एवं समाज दोनों पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है।

## आईएएस अनुराधा सेबी के निदेशक मंडल में शामिल

**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों के विभाग में विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) अनुराधा ठाकुर को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। बाजार नियामक की वेबसाइट पर बुधवार को यह जानकारी दी गई।

ठाकुर 1994-बैच की हिमाचल प्रदेश कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी है। वह अप्रैल में ओएसडी के रूप में आर्थिक मामलों के विभाग में शामिल हुईं। अजय सेठ के 30 जून को 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह एक जुलाई से आर्थिक मामलों के सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगी। बाजार नियामक की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, ठाकुर को सेबी के निदेशक मंडल में अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर : प्रभावी निवेश विकल्प

एनसीडी यानी नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर, कंपनियों द्वारा पूंजी जुटाने का साधन है, जो ऋण उपकरण के रूप में कार्य करता है। ये डिबेंचर निवेशकों को निश्चित ब्याज दर पर निश्चित अवधि के लिए रिटर्न प्रदान करते हैं, लेकिन इन्हें शेयरों में बदला नहीं जा सकता, इसीलिए इन्हें नॉन-कनवर्टिबल कहा जाता है। ये मुख्यत: उन निवेशकों के लिए उपयुक्त होते हैं जो सुरक्षित और स्थिर आय की तलाश में होते हैं, खासकर तब जब बैंक एफडी की ब्याज दरें कम हों। एनसीडी को रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेट किया जाता है, जिससे उनकी विश्वसनीयता का अंदाजा लगाया जा सकता है।



### निवेश के लाभ

- **स्थिर और उच्च रिटर्न :** एनसीडी आमतौर पर बैंक एफडी की तुलना में अधिक ब्याज दर (7-10% तक) प्रदान करते हैं।
- **पूर्व निर्धारित ब्याज भुगतान :** निवेशक को मासिक, तिमाही या वार्षिक ब्याज विकल्प मिलते हैं।
- **रिडेम्पशन पर पूंजी वापसी :** एनसीडी की मैच्योरिटी पर मूलधन सुरक्षित रूप से लौटाया जाता है।
- **लिक्विडिटी :** लिस्टेड एनसीडी को स्टॉक एक्सचेंज पर खरीदा/बेचा जा सकता है।
- **टैक्स लाभ :** कुछ एनसीडी में सेक्शन 54ईसी के तहत टैक्स छूट भी मिलती है।

### जोखिम पर रखें विशेष नजर

- **क्रेडिट रिस्क :** कंपनी की वित्तीय स्थिति बिगड़ने पर ब्याज या मूलधन मिलने में देरी या हानि हो सकती है।
- **तरलता :** सभी एनसीडी स्टॉक एक्सचेंज पर आसानी से नहीं बिकते।
- **ब्याज दर जोखिम :** बाजार में ब्याज दरें बढ़ने पर पुराने एनसीडी की कीमत गिर सकती है।
- **नॉन-कनवर्टिबल होने की सीमा :** इन्हें शेयर में बदला नहीं जा सकता, जिससे इक्विटी का लाभ नहीं मिलता।

### ध्यान देने योग्य

- निवेश से पहले रेटिंग (जैसे क्रिसिल, आईसीआरए) अवश्य जांचें।
- केवल सेबी द्वारा अनुमोदित कंपनियों के एनसीडी में निवेश करें।
- अल्पकालिक के बजाय मध्यम से दीर्घकालिक निवेश रणनीति अपनाएं।
- पोर्टफोलियो में विविधता बनाए रखें—सिर्फ एनसीडी पर निर्भर न रहें।

# डेटा सेंटर, चिप विनिर्माण में भारत प्रमुख गंतव्य

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया की विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश के लिए प्रमुख लक्ष्य हैं। मूडीज एनालिटिक्स ने बुधवार को कहा कि इनमें भारत, सिंगापुर और मलेशिया तेजी से खुद को डेटा सेंटर परियोजनाओं या चिप विनिर्माण के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

मूडीज एनालिटिक्स ने अपनी रिपोर्ट 'एआई इज बीटिंग द ऑड्स' में कहा कि ऐसे समय में जब सीमापार निवेश धीमा हो रहा है और वैश्विक व्यापार टूट रहा है, तब एआई पर खर्च वर्तमान के



● मूडीज एनालिटिक्स ने अपनी रिपोर्ट एआई इज बीटिंग द ऑड्स में किया खुलासा

विपरीत हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, भले ही व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहे हों, लेकिन एआई की बढ़ती मांग, आपूर्ति से कहीं ज़्यादा है। इस अंतर को पाटने के लिए वैश्विक निवेशक डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में पूंजी लगा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में आउटबाउंड (घरेलू कंपनी द्वारा विदेश में) एआई निवेश की हिस्सेदारी इसकी इनबाउंड (विदेशी कंपनी द्वारा घरेलू बाजार में) हिस्सेदारी से अधिक है। यह बताता है कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी दिग्गज अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रही हैं। मूडीज ने कहा, पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशिया में विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं प्रमुख गंतव्य हैं। भारत, सिंगापुर और मलेशिया तेजी से डेटा सेंटर या चिप विनिर्माण के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में खुद को स्थापित कर रहे हैं। ये बाज़ार लागत लाभ, बढ़ती मांग और प्रौद्योगिकी निवेश के लिए सहायक नीतियां प्रदान करते हैं।

## बैंकों के पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक में सुधार: आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि वाणिज्यिक बैंकों का पर्यवेक्षी डाटा गुणवत्ता सूचकांक मार्च 2025 में बढ़कर 89.3 हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 88.6 था।

आरबीआई ने एक पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक (एसडीक्यूआई) बनाया है, जो डूबे ऋण, परिसंपत्ति-देयता और पूंजी पर्याप्तता सहित विभिन्न प्रमुख वित्तीय मापदंडों में सटीकता, समयबद्धता, पूर्णता और स्थिरता के संदर्भ में डेटा गुणवत्ता का मूल्यांकन करता है। यह सूचकांक, नियामक को लघु वित्त बैंकों सहित वाणिज्यिक बैंकों की वित्तीय स्थिति का आकलन करने में मदद करता है। केंद्रीय बैंक ने कहा, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के एसडीक्यूआई में मार्च 2024 की तुलना में मार्च 2025 में सुधार हुआ है। एससीबी के लिए एसडीक्यूआई में 87 एससीबी और उनके प्रमुख रिटर्न शामिल हैं।

# भारत की जीडीपी वृद्धि 6.2% से होगी अधिक : इक्रा

कोलकाता, एजेंसी

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.2% रहने का अनुमान जताया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5% थी। एजेंसी ने अपने ताजा परिदृश्य में कहा कि इसी अवधि के दौरान सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि दर 6.4% से अधिक होगी। जहां जीडीपी उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है, वहीं जीवीए उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में से मध्यवर्ती वस्तुओं और सेवाओं की लागत को घटाने पर प्राप्त होता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति के संबंध में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक




● रेटिंग एजेंसी के अनुसार सकल मूल्य वर्धित वृद्धि 6.4% से होगी अधिक

(सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.5% से अधिक रहने का अनुमान है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) चालू वित्त वर्ष में 1.8% से अधिक रहेगा। इक्रा ने 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4% रहने का अनुमान लगाया है, जबकि इसी अवधि के दौरान चालू खाता घाटा 1.2 से 1.3% रहने का अनुमान है। रबी फसल बेहतर होने और सामान्य से अधिक जलाशय स्तर के कारण ग्रामीण मांग में तेजी बनी रहने की संभावना है। 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में आयकर में बड़ी राहत, नीतिगत दर में कटौती से ईएमआई (मासिक किस्त) में कमी और खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी से घरेलू खर्च योग्य आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के वस्तु निर्यात में सुस्ती निकट भविष्य में भी जारी रह सकती है। इक्रा के अनुमान के अनुसार, सेवा निर्यात के वस्तु निर्यात वृद्धि से आगे निकलने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र का पूंजीगत व्यय 2025-26 में 10.1% बढ़ने का अनुमान है, जिससे निवेश गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।



# मोदी की ट्रंप को दो टूक से झूठ का पर्दाफाश

## कांग्रेस को घेरते हुए भाजपा ने कहा- भारत की विदेश नीति को बदनाम करना बंद करे विपक्षी पार्टी

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत ने कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। यदि विपक्षी दल को इस पर विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का साझेदार माना जाना चाहिए।

भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, कांग्रेस और उसकी ट्रोल सेना इसको पचा नहीं पा रही है कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को कहा कि भारत को किसी की मध्यस्थता की न तो जरूरत है और न इसे स्वीकार करता है। उन्होंने एक्स पर कहा,



● कहा- विपक्षी दल को विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का साझेदार माना जाना चाहिए

कांग्रेस को केवल छोटी-मोटी बातों के लिए भारत की दृढ़ और सैद्धांतिक विदेश नीति को बदनाम करना बंद करना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर उस वक्त हमला बोला जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ट्रंप से टेलीफोन पर बात की और उन्हें कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान पर हमले पड़ोसी देश के अनुरोध पर रोके थे न कि अमेरिका द्वारा मध्यस्थता या व्यापार समझौते की पेशकश पर।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि मोदी ने ट्रंप को स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान गोलियां चलाएगा, तो भारत बम से जवाब देगा। उसके बाद भी अगर कांग्रेस को भरोसा नहीं है, तो यह माना जाना चाहिए कि पाकिस्तान और कांग्रेस साझेदार हैं।

मालवीय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भारत को कमजोर, तीसरी दुनिया के देश के रूप में ही देखा है। आज, भारत उभरती हुई शक्ति है। उन्होंने रमेश पर राहुल गांधी की तरह जन्मजात झूठा होने का भी आरोप लगाया, क्योंकि कांग्रेस नेता ने ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की ताजा बातचीत पर व्हाइट हाउस से जनवरी 2025 में दिए गए वक्तव्य को अभी के अमेरिकी बयान के रूप में उद्धृत किया था।

### ट्रंप से हुई बात पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं: कांग्रेस



कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को विदेश दौरे से लौटते ही सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी राजनीतिक दलों को यह बताना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर उनकी क्या बात हुई। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में भोज के लिए बुलाया जाना भारत के लिए कूटनीतिक झटका है और इस पर प्रधानमंत्री को ट्रंप के समक्ष नाराजगी जतानी चाहिए थी। रमेश ने कहा, मोदी और ट्रंप के बीच बात हुई है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री यह बात सर्वदलीय बैठक में क्यों नहीं कहते? इसीलिए हमने संसद के विशेष सत्र की मांग की ताकि प्रधानमंत्री राष्ट्र को विश्वास में लें और वे सारी बातें कहें जो उन्हें राष्ट्रपति ट्रंप से कहनी चाहिए थीं।

## सुरक्षा को अधिक जांच चौकियां स्थापित करने के निर्देश जारी

जम्मू, एजेंसी

अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए सीमावर्ती जिलों जम्मू, सांबा और कठुआ में अधिक जांच चौकियां स्थापित करने के लिए पुलिस से कहा गया है। यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले भगवती नगर से तीर्थयात्रियों का पहला जत्था कश्मीर के लिए रवाना होगा।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अधिकारियों को नाकों पर खासतौर से रात में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें उन स्थानों की पहचान के निर्देश दिए हैं जहां यात्रियों की सुरक्षा के लिए और नाके बनाए जा सकते हैं। जम्मू-सांबा-कठुआ रेंज के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) शिव कुमार शर्मा ने आधार शिविर, आश्रय स्थलों, यात्रा मार्ग और पार्किंग क्षेत्रों में और उसके आसपास विभिन्न पुलिस व अर्द्धसैन्य तैनाती के सुरक्षा ऑडिट के दौरान पुलिस अधिकारियों से यह कहा।

### अमरनाथ यात्रा

#### चिनार कोर कमांडर ने की घाटी में सुरक्षा की समीक्षा

**श्रीनगर।** सेना की चिनार कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव ने बुधवार को कश्मीर घाटी में सुरक्षा और सैनिकों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। ये समीक्षा अमरनाथ यात्रा की शुरुआत से दो सप्ताह पहले हुई है। श्रीनगर स्थित इस रणनीतिक कोर ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट इसकी जानकारी दी है।

### एक नजर

#### ओएनजीसी के पूर्व उप महाप्रबंधक पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम, जोरहाट के पूर्व उप महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवा) डॉ. बिजॉय शॉ और चिकित्सा अधिकारी (व्यावसायिक स्वास्थ्य) तथा 8 निजी मेडिकल दुकानों के मालिकों सहित 10 आरोपियों के खिलाफ 45 लाख रुपये के फर्जी बिलों के संबंध में मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने बुधवार को बताया कि आरोपी लोक सेवकों ने 2019 से 22 के दौरान निजी पैनलबद्ध मेडिकल दुकानों के मालिकों तथा अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर आपराधिक षडयंत्र रचा।

#### पुराने मामले में दो विधायकों सहित नौ को 1-1 वर्ष की सजा

**जयपुर।** जयपुर की स्थानीय अदालत ने राजस्थान विवि के बाहर सड़क जाम करने के 11 साल पुराने मामले में बुधवार को कांग्रेस के दो विधायकों सहित नौ लोगों को 1-1 साल कैद की सजा सुनाई। जयपुर की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-19 परीक्षिता देथा ने सभी नौ आरोपियों को गैरकानूनी तरीके से सभा करने और सार्वजनिक मार्ग में बाधा डालने का दोषी ठहराया। मुकेश भाकर और मनीष यादव वर्तमान में कांग्रेस के विधायक हैं, जबकि अभिषेक चौधरी ने भी जयपुर की झोटवाड़ा सीट से 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे।

#### आतंकियों की सूचना के बाद चला तलाशी अभियान

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुदूर जंगली इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना का संयुक्त अभियान सुबह चटरू के सिंहपोरा वन क्षेत्र में शुरू हुआ और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी था। सुरक्षा बलों को कुछ आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली और उन्होंने भागने के सभी रास्तों को बंद करने के लिए तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। हालांकि, अभी तक आतंकवादियों से आमना सामना नहीं हो पाया है।

#### नक्सली ठिकाने से 14 आईईडी व विस्फोटक मिले

**चाईबासा (झारखंड)।** पश्चिमी सिंहभूमि जिले के वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने नक्सली ठिकाने का पता लगाया और वहां से 14 संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और 50 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक सामग्री बरामद की। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जवान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लाए विस्फोटकों की तलाश में चितपिल गांव के पास नक्सल विरोधी अभियान चला रहे थे। पुलिस के मुताबिक, आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। मामले की जांच जारी है।

# कक्षा निर्माण घोटाला: दिल्ली में कई स्थानों पर ईडी का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के दौरान दिल्ली के स्कूलों में कथित कक्षा निर्माण 'घोटाले' की धन शोधन जांच के तहत बुधवार को यहां कई परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

संघीय एजेंसी ने दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने के बाद छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने इस

● एजेंसी ने एसीबी की प्राथमिकी पर पीएमएलए के तहत आपराधिक मामला किया दर्ज

मामले से जुड़े ठेकेदारों और निजी संस्थाओं के 37 परिसरों की तलाशी ली। ईडी ने 30 अप्रैल को दर्ज शिकायत में आप नेता और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायत में आरोप था कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताएं की गईं। ईडी के मामले में वे ही आरोपी हैं।

## विदेश में नौकरी से जुड़ी धोखाधड़ी में निजी कंपनी के 3 अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने विदेश में नौकरियों से जुड़ी धोखाधड़ी और मानव तस्करी में संलिप्त निजी कंपनी के तीन अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मंगोलपुरी इलाके से संचालित इंडो किर्गिज ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड ने किर्गिजस्तान में आकर्षक नौकरी दिलाने के नाम पर 500 से अधिक भारतीयों के साथ कथित तौर पर ठगी की है।

उन्होंने बताया कि इस गिरोह ने पीड़ितों से 4.62 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की तथा उनमें से कई को विदेश में प्रताड़ना और शोषण के लिए मजबूर किया। कंपनी का निदेशक और मुख्य आरोपी महावीर सिंह फरार है, जबकि पुलिस ने उसके बेटे साहिल नरवाल, वित्त प्रबंधक अतुल माथुर और मानव संसाधन प्रबंधक कमल कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) आदित्य गौतम ने इसकी जानकारी दी।

### अमन और आशा



पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में फिर से पर्यटन को बढ़ावा देने की उम्मीद और शांति बने रहने की आशा को लेकर डल झील पर विशेष शिकारा रैली आयोजित हुई। इसमें शिकारा चालकों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। एजेंसी

# इंदौर पहुंची मेघालय पुलिस सोनम के घरवालों से पूछताछ

### राजा रघुवंशी हत्याकांड

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने को मेघालय पुलिस का दल बुधवार को मुख्य आरोपी सोनम के इंदौर स्थित घर पहुंचा और उसके परिजनों से पूछताछ की।

चश्मदीदों ने बताया कि मेघालय पुलिस का दल शहर के गोविंद नगर खारचा इलाके में सोनम के घर पहुंचा, जिसके बाद इस घर का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया गया। मेघालय पुलिस का दल दो घंटे तक सोनम के मायके में रहा। मेघालय पुलिस के निकलने

● सोनम के बर्ताव को लेकर पुलिस दल ने की सामान्य पूछताछ

के बाद सोनम का भाई गोविंद कार लेकर चला गया। गोविंद ने कहा कि मेघालय पुलिस ने उनसे और उनके परिजनों से सोनम के बर्ताव को लेकर सामान्य पूछताछ की। राजा रघुवंशी हत्याकांड से पहले किसी संजय वर्मा से सोनम की फोन पर कई बार लंबी बातचीत की खबरों पर गोविंद ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं है।

## एअर इंडिया ने तकनीकी कारणों से तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें कीं रद्द

**मुंबई।** एअर इंडिया ने रखरखाव और तकनीकी समस्याओं सहित कई कारणों से बुधवार को अपनी तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी ने बताया कि इनमें से दो उड़ानें यात्रियों के विमान में सवार होने के बाद रद्द कर दी गईं।

एअर इंडिया ने बताया कि उसे 18 जून की टोरंटो-दिल्ली उड़ान एआई188 रखरखाव तथा चालक दल की ड्यूटी समय सीमा विनियामक मानदंडों से अधिक होने से रद्द करना पड़ा। जो यात्री पहले ही विमान में सवार हो चुके थे, उन्हें उड़ान रद्द होने के बाद नीचे उतार दिया गया। दुबई से दिल्ली जाने वाली उड़ान को तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया और यात्रियों को विमान में सवार होने के बाद उतार दिया गया। दिल्ली से बाली जाने वाली उड़ान को रद्द कर दिया गया, क्योंकि गंतव्य बाली के निकट ज्वालामुखी विस्फोट की खबरों के कारण इसे बीच रास्ते से ही दिल्ली लौटने की सलाह दी गई थी।

# महाराष्ट्र में कक्षा पांच तक हिंदी बनी तीसरी भाषा

मुंबई/पुणे, एजेंसी

महाराष्ट्र सरकार ने आदेश जारी कर राज्य में अंग्रेजी और मराठी माध्यम के विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा एक से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी को सामान्य रूप से तीसरी भाषा बनाया है, लेकिन इसे अनिवार्य नहीं बनाया है।

हिंदी पर ताजा आदेश से पैदा हुए विवाद तथा कांग्रेस और मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे की आलोचना के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को स्पष्ट किया कि छात्रों के लिए हिंदी सीखने की अनिवार्यता हटा दी गई है तथा अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। उन्होंने विवाद को अनावश्यक बताया। मंगलवार को जारी संशोधित सरकारी आदेश (जीआर) में कहा गया है कि हिंदी अनिवार्य होने के बजाय सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी, लेकिन इसमें यह विकल्प भी दिया गया है कि यदि किसी स्कूल में प्रति कक्षा 20 विद्यार्थी हिंदी के अलावा अन्य भारतीय भाषा पढ़ने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो वे इसे छोड़ सकते हैं।

● राज्य सरकार ने अंग्रेजी-मराठी माध्यम के विद्यालयों को दिया आदेश, लेकिन हिंदी को अनिवार्य नहीं बनाया

कुछ मराठी भाषा समर्थकों ने जहां सरकार पर शुरू में पीछे हटने के बाद अनिवार्य हिंदी नीति को पिछले दरवाजे से पुनः लागू करने का आरोप लगाया, वहीं कांग्रेस ने फडणवीस पर मराठी लोगों की छाती में छुरा घोंपने का आरोप लगाया। स्कूल शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा के लिए राज्य पाठ्यचर्या रूपरेखा 2024 के कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में जीआर जारी किया। जीआर के अनुसार, मराठी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी। आदेश में कहा गया, जो लोग हिंदी के विकल्प के रूप में कोई अन्य भाषा सीखना चाहते हैं, उन्हें स्कूल में प्रत्येक कक्षा से 20 छात्रों की अपेक्षा को पूरा करना होगा। ऐसी स्थिति में, उस विशेष भाषा के लिए एक शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा या भाषा को ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा।

## एक नजर

### दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा को वाइल्ड कार्ड मिला



**लंदन :** दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा विंबलडन में वापसी कर रही हैं। उन्हें इस साल के टेनिस टूर्नामेंट के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। क्वितोवा 2011 और 2014 की विंबलडन चैंपियन हैं। वह पिछली बार 2023 में इस ग्रास कोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेलीं थी। पिछले साल विंबलडन टूर्नामेंट के दौरान वह पहली बार मां बनी। कोर्ट से 17 महीने दूर रहने के बाद क्वितोवा ने फरवरी में टेक्सास के ऑस्टिन में डब्ल्यूटीए टूर में वापसी की और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 572वें स्थान पर हैं। चेक गणराज्य की क्वितोवा बुधवार को मुख्य ड्रॉ में एकल वाइल्ड कार्ड पाने वाली एकमात्र गैर ब्रिटिश खिलाड़ी रहीं। महिला ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड पाने वाली अन्य सात खिलाड़ियों में हीथर वॉटसन, हैरियट डार्ट और जोडी बुरेज शामिल हैं। पुरुष वर्ग में डैन इवान्स सहित सात ब्रिटिश खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड दिया गया हे। पुरुष वर्ग में एक वाइल्ड कार्ड की घोषणा बाद में की जाएगी।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने सचिन तेंदुलकर को ब्रांड दूत बनाया

**नयी दिल्ली :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने बुधवार को महान भारतीय क्रिकेटर सचिन



तेंदुलकर को अपना ब्रांड दूत नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि खेल प्रशंसकों को अब 'रेडिट कम्यूनिटी' में तेंदुलकर के साथ जुड़ने के विशेष अवसर मिलेंगे। अपने आधिकारिक रेडिट प्रोफाइल के माध्यम से महान बल्लेबाज तेंदुलकर अपने व्यक्तिगत विचार, मैच की जानकारी और विशेष सामग्री साझा करेंगे। बयान में कहा गया है आने वाले महीनों में तेंदुलकर भारत के साथ-साथ दुनिया भर के अन्य बाजारों में रेडिट के लिए एक नए मार्केटिंग अभियान में भी दिखाई देंगे। रेडिट के साथ अपने जुड़ाव पर तेंदुलकर ने कहा मेरे लिए क्रिकेट हमेशा मैदान पर और बाहर लोगों के साथ संबंध के बारे में रहा है। रेडिट को जानने के बाद जो बात सबसे अलग है, वह है इसका जुनून जो इसकी कम्यूनिटी को एक साथ लाता है।

### राडुकानू का पीछा करने वाले को विंबलडन के टिकट से रोका गया

**लंदन :** टेनिस खिलाड़ी ऐमा राडुकानू का पीछा करने के आरोपी ने विंबलडन के टिकट हासिल करने की कोशिश की, लेकिन ऑल इंग्लैंड क्लब की सुरक्षा प्रणाली ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। ब्रिटिश मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीबीसी और अन्य ने बताया कि उस व्यक्ति ने 30 जून से शुरू होने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए सार्वजनिक मतपत्र के माध्यम से टिकट के लिए आवेदन करने की कोशिश की लेकिन उसके नाम को हटा दिया गया। फरवरी में दुबई चैंपियनशिप में उस व्यक्ति ने 22 वर्षीय राडुकानू के प्रति 'अड़ियल व्यवहार' दिखाया था। जो एक मैच के दौरान भीड़ में उसे देखकर परेशान हो गई थीं। इससे एक दिन पहले उस व्यक्ति ने राडुकानू के लिए एक पत्र छोड़ा था और उसकी तस्वीर ली थी। जिससे 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन परेशान हो गईं थी।

### इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मोंटेरे ने बराबरी पर रोका

**पासाडेना (अमेरिका) :** इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मंगलवार रात मोंटेरे ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। चैंपियंस लीग फाइनल में हार के बाद इटली की टीम इंटर मिलान का यह पहला मैच था। स्पेन के अनुभवी स्टार सर्जियो रामोस ने पहले हाफ में हेडर से शानदार गोल दागकर मोंटेरे को बढ़त दिलाई। लॉटेरो मार्टिनेज ने मध्यांतर से पहले गोल दागकर स्कोर 1-1 किया लेकिन इटली की टीम लगभग 62 प्रतिशत समय गेंद को अपने कब्जे में रखने के बावजूद दूसरा गोल नहीं कर सकी।

### शीर्ष वरीय लेवान पेंटसुलिया ने भावन कोला के हराया

**मुंबई :** जॉर्जिया के शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर लेवान पेंटसुलिया ने बुधवार को यहां ऑरियनप्रो मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में भावन कोला को हराया। पेंटसुलिया ने सिर्फ 33 चाल में कोला को शिकस्त देकर दबदबा बनाया। ग्रैंडमास्टर मैनुअल पेट्रोस्यान ने भी प्रकाश राम के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे ने रचित गुरनानी को हराया। हेमल वर्षण और मानस गायकवाड़ की बाजी ड्रॉ रही।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन में टूर्नामेंट के लिए रवाना

**नई दिल्ली :** भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 21 से 25 जून तक होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बुधवार को बर्लिन के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। कप्तान अराइजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय टीम आज सुबह बेंगलुरु से रवाना हुई। आमिर अली टीम के उप कप्तान हैं। टीम 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम इसके बाद 22 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और राउंड रोबिन चरण के अपने अंतिम मैच में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। सभी मैच बर्लिन में होंगे। टूर्नामेंट का समापन 25 जून को क्लासीफिकेशन मुकाबलों के साथ होगा जिसमें शीर्ष दो टीम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

# भारत की नाक में दम करने वाले एंडरसन पहली बार नहीं दिखेंगे

## भारत-इंग्लैंड मुकाबले में 2006 से लगातार बल्लेबाजों को किया है परेशान, जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट को कह चुके हैं अलविदा

नई दिल्ली, एजेंसी

शुभमन गिल की अगुआई वाले अपेक्षाकृत अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को जेम्स एंडरसन का नाम इंग्लैंड की टीम में नहीं देखकर राहत मिली होगी। क्योंकि पिछले दो दशक में यह तेज गेंदबाज निरंतर रूप से भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा रहा है। भारत के खिलाफ 2006 में एंडरसन की पहली श्रृंखला से लेकर 2024 में आखिरी श्रृंखला तक इस महान तेज गेंदबाज ने भारतीय बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया। वर्ष 2000 के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला, ये सभी यादें लोगों के दिमाग में ताजा हैं। कोहली और एंडरसन दोनों अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं।

जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड चोटिल हैं जिससे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स लीड्स में गेंदबाजी की शुरुआत के लिए रिकॉर्ड 704 टेस्ट विकेट चटकाने वाले एंडरसन से गेंदबाजी कराने की कल्पना कर सकते हैं। अगर एंडरसन अपनी विदाई के 12 महीने बाद काउंटी क्रिकेट में वापसी करके संघर्षरत लंकाशर को उबार सकते हैं तो भरोसा करें कि वह इंग्लैंड के कमजोर आक्रमण के लिए भी ऐसा कर सकते हैं। ऐसा होने की संभावना नहीं है लेकिन अपने 21 साल के करियर में अपने प्रदर्शन के दम पर एंडरसन ने भारत-इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास में खुद को अमर कर लिया है। दोनों टीम के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी को उनका और




भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल, शार्दुल ठाकुर और नितीश कुमार रेड्डी लीड्स अभ्यास सत्र के दौरान। • एजेंसी

**2000** के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला

सचिन तेंदुलकर का नाम दिया गया है। एंडरसन ने तेंदुलकर को टेस्ट क्रिकेट में नौ बार आउट किया है।
एंडरसन ना केवल उम्र को चुनौती देते हुए लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे बल्कि उनके करियर की खासियत लगातार सटीक गेंदबाजी और गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने की क्षमता पर बेहतरीन नियंत्रण रहा। एंडरसन 2014 की श्रृंखला में कोहली की ऑफ स्टंप के आसपास की कमजोरी का फायदा उठाने में सफल रहे जबकि चार साल बाद कोहली ने अपनी मानसिक कमजोरी पर काबू पाकर लंबे प्रारूप में दुनिया के सबसे सफल तेज गेंदबाज पर 'दबदबा' बनाया। शुक्रवार को लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल की संभावित भारतीय सलामी जोड़ी के सामने एक चुनौती कम होगी कि उन्हें नई ड्यूक्स गेंद के साथ एंडरसन गेंदबाजी नहीं कर रहे होंगे। भारत के खिलाफ 39 टेस्ट मैच में एंडरसन ने 25.47 की शानदार औसत से 149 विकेट चटकाए। भारत में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा लेकिन एंडरसन ने अपने कौशल की बदौलत विपरीत परिस्थितियों में 17 टेस्ट मैच में 44 विकेट लिए। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट ने कहा कि कोहली और रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी क्रम एंडरसन को मैदान से बाहर देखकर खुश होगा लेकिन इंग्लैंड ने भविष्य को देखते हुए सही फैसला किया। नाइट ने पीटीआई से कहा इंग्लैंड अब आगे बढ़ेगा।

## टेस्ट कप्तान के तौर पर पहली श्रृंखला का लुत्फ उठा रहे हैं गिल

**लीड्स, एजेंसी :** पहली बार टेस्ट सीरीज में भारत की अगुआई करने की तैयारी कर रहे शुभमन गिल इंग्लैंड के लगातार बदलते मौसम की चुनौती का सामना कर रहे हैं। सीनियर बल्लेबाज लोकेश राहुल भी इन परिस्थितियों में खेलने को लेकर उतने ही उत्साहित हैं। शुक्रवार को हेडिंग्ले में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला भारतीय क्रिकेट में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है जिसमें गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी अब टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं। इन सभी ने संन्यास की घोषणा कर दी है। सीनियर खिलाड़ियों में रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, राहुल, ऋषभ पंत (उप कप्तान) टीम में बने हुए हैं जो नए नेतृत्व समूह के साथ अनुभव का मिश्रण प्रदान करते हैं। बीसीसीआई द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो में कप्तान गिल सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने साझा किया कि जब वे इंग्लैंड में खेलने के बारे में सोचते हैं तो उनके दिमाग में क्या आता है। गिल ने कहा ड्यूक बॉल, यह नंबर एक है। मौसम जो हमेशा बदलता रहता है, वह रोमांचक और कठिन है। और दर्शकों का माहौल। राहुल ने कहा यहां टेस्ट क्रिकेट खेलना मुझे उत्साहित करता है। यहां की गर्मियां स्वदेश की गर्मियों से अलग है, यह कुछ ऐसा है जिसमें मुझे क्रिकेट खेलने में मजा आता है। जब सूरज निकलता है तो क्रिकेट खेलना बहुत अच्छा लगता है। तीसरी बात है रेस्तरां और खाने के विकल्प। स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने इसे सरल रखते हुए कहा स्विंग और सीम, भारत यहां काफी मैच जीत रहा है। शुक्रवार को पहले टेस्ट में पदार्पण के दावेदार माने जा रहे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन ने कहा मौसम, हॉट चॉकलेट, ड्यूक गेंद। आठ साल बाद संभावित वापसी के लिए तैयार करुण नायर ने कहा जज्बा, टेस्ट और संस्कृति। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा मैं कहूंगा ड्यूक गेंद, मौसम, कॉफी। बस शहर में घूमें और कॉफी का आनंद लें। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा सुंदर, लॉर्ड्स और घर। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने कहा, एक तो यहां हरियाली है, कॉफी है, और बेशक मौसम।



लीड्स में अभ्यास सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ पंत। • एजेंसी

## शुभमन चौथे और मैं पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करूंगा : पंत

**लीड्स :** भारत के उप कप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को पुष्टि की कि शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे जबकि वह कप्तान के बाद पांचवें नंबर पर खेलेंगे। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत को चौथे नंबर पर नया बल्लेबाज ढूंढना होगा और गिल अब इस महत्वपर्ण स्थान पर बल्लेबाजी करेंगे। पंत ने कहा मुझे लगता है कि अब भी इस बात पर चर्चा चल रही है कि तीसरे नंबर पर कौन खेलेगा। लेकिन चौथे और पांचवें नंबर पर निश्चित रूप से फैसला हो चुका है। मुझे लगता है कि शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और मैं पांचवें नंबर पर ही खेलूंगा और बाकी हम इस पर चर्चा करते रहेंगे। पंत ने कहा कि मैदान के अंदर और बाहर गिल के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैदान के बाहर मेरा और शुभमन का रिश्ता बहुत अच्छा है। अगर आप मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं तो यह रिश्ता आखिरकार मैदान पर भी कायम रहता है। इस बात पर मेरा हमेशा विश्वास रहा है। इंग्लैंड भी अपने संन्यास ले चुके दिग्गज तेज गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के बिना खेलेगा।

# पहले दिन तेज गेंदबाजों को मदद करेगी पिच

लीड्स, एजेंसी

लीड्स के मैदान प्रमुख रिचर्ड रॉबिन्सन ने कहा है कि यहां असामान्य रूप से शुष्क मौसम और इंग्लैंड की आक्रामक खेल शैली ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए 'अच्छी सतह' की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

लीड्स आमतौर पर किसी श्रृंखला के बीच में टेस्ट मैच की मेजबानी करता है, लेकिन यहां शुरुआती मैच के आयोजन ने बहुत अधिक ध्यान आकर्षित किया है। रॉबिन्सन 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा वे (इंग्लैंड) बस एक अच्छी सतह चाहते हैं, ताकि हम गेंद की लाइन पर हिट कर सकें। वे यही चाहते हैं। रॉबिन्सन को उम्मीद है कि शुरुआती दिन पिच तेज गेंदबाजों की मदद करेगी, लेकिन अपेक्षित गर्मी के कारण सपाट हो जाएगी। पिच ना केवल इंग्लैंड



भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी। • एजेंसी

की बैजबॉल शैली (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की शैली) के अनुकूल होगी बल्कि यह अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को भी मुकाबले में बने रहने का अधिक मौका देगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम में लोकेश राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे। जिन्हें एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में अपने साधारण रिकॉर्ड को देखते हुए काफी कुछ साबित करना होगा।

बल्लेबाजी क्रम में यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं, जो सीनियर टीम के साथ इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर आए हैं। करुण नायर ने पिछली बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था। भारतीय टीम सोमवार को यहां पहुंची जबकि इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जहां दिन के दौरान पिच को ढककर रखा गया था। भारत ने पिछले दो दशक में यहां बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। टीम को 2021 में यहां अपने पिछले मैच में पारी की हार का सामना करना पड़ा था।

## भारतीय टीम में बहुत गहराई : कार्स

**लीड्स :** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बावजूद पांच मैच की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम कड़ी चुनौती पेश करेगी क्योंकि टीम में 'बहुत गहराई' है।

कोहली और रोहित ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी जिसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए शुभमन गिल को नया कप्तान नियुक्त किया। कार्स ने बुधवार को यहां कहा जाहिर है आप जानते हैं कि कोहली और रोहित की अनुपस्थिति उनके बल्लेबाजी क्रम के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

## सूर्यकुमार हर्निया के उपचार के लिए इंग्लैंड रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव 'स्पोर्ट्स हर्निया' से संबंधित चोट के इलाज के लिए विशेषज्ञ से परामर्श लेने इंग्लैंड गए हैं और यदि आवश्यक हुआ तो उनकी सर्जरी भी हो सकती है। तैंतीस वर्षीय सूर्यकुमार ने मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 700 से अधिक रन बनाए और इसके तुरंत बाद मुंबई प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट में भी खेले। यह ज्ञात नहीं है कि क्या मुंबई टी20 लीग



के दौरान उनका दर्द बढ़ गया था क्योंकि सूर्यकुमार तीन महीने तक लगातार यात्रा कर रहे थे और खेल रहे थे। इस क्रिकेटर के एक करीबी सूत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया सूर्या पेट के निचले हिस्से में दाहिनी तरफ स्पोर्ट्स हर्निया से पीड़ित हैं।

## बीसीसीआई की याचिका खारिज

**मुंबई, एजेंसी :** मुंबई उच्च न्यायालय ने अब बंद हो चुकी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी कोच्चि टस्कर्स केरल के पक्ष में 538 करोड़ रुपये से अधिक के मध्यस्थ के फैसले को चुनौती देने वाली बीसीसीआई की याचिकाओं को खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति आर चागला ने मंगलवार को आदेश में कहा कि मध्यस्थ के फैसले में कोई 'स्पष्ट अवैधता' नहीं है जिसके लिए अदालत के हस्तक्षेप की आवश्यकता हो। अदालत ने बीसीसीआई से इस राशि का भुगतान करने को कहा है।

# भारत पूरी तैयारी के साथ आया है : जो रूट

लीड्स, एजेंसी

विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद आए खालीपन के बावजूद इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज जो रूट का मानना है कि दौरे पर आई भारतीय टीम ने आगामी टेस्ट सीरीज के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रूट की यह राय हालांकि उनके कुछ हमवतन खिलाड़ियों के विचारों से अलग है।

दोनों टीम शुक्रवार से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में हिस्सा लेंगी। पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले रोहित और कोहली की अनुपस्थिति में शुभमन गिल भारतीय टीम की कमान संभालेंगे जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। चौंतीस



इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट। • एजेंसी

वर्षीय रूट ने बुधवार को 'स्काई स्पोर्ट्स' के कमेंटेटर और टीम के अपने पूर्व साथी स्टुअर्ट ब्रॉड से कहा, आप केवल उत्साहित हो सकते हैं। ये वे श्रृंखलाएं हैं जिनके लिए आप खेलते हैं। हमारे सामने जो अवसर हैं वे शानदार हैं। उन्होंने कहा आप जानते हैं कि एशेज आ रही है और आपसे इसके बारे में पूछा जाएगा। लोग भारत श्रृंखला में होने वाली घटनाओं को इससे जोड़कर देखेंगे लेकिन आपको एक शानदार टीम के खिलाफ काम करना होगा। रूट ने कहा, आप सभी प्रारूपों में एक टीम के रूप में भारत की प्रगति को देखें और उन्होंने सभी विभागों में काम किया है- शानदार तेज गेंदबाजी आक्रमण, प्रतिभाशाली बल्लेबाज और एक बहुत ही मजबूत स्पिन आक्रमण। उन्होंने कहा वे दुनिया में कहीं भी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं लेकिन घरेलू मैदान पर हमारा रिकॉर्ड शानदार है जो इस श्रृंखला को प्रतिस्पर्धी बनाता है। हम इस श्रृंखला में आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे लेकिन साथ ही उनके लिए बहुत सम्मान के साथ भी उतरेंगे।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड दूत बनीं कंगना रनौत

**नई दिल्ली :** अभिनेत्री सह राजनीतिज्ञ कंगना रनौत को बुधवार को सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स



चैंपियनशिप का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। 'फैशन' और 'क्वीन' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोरने वाली 39 वर्षीय कंगना वर्तमान लोकसभा में हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं।

कंगना ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं। मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। पैरा खेल केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है- यह साहस के बारे में हैं और मुझे हमारे चैंपियन खिलाड़ियों के पीछे खड़े होने पर गर्व है। पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया ने कहा भारत के खिलाड़ियों के प्रति उनका जुनून, प्रभाव और प्रतिबद्धता उन्हें नयी दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक आदर्श दूत बनाती है।

# पाकिस्तान के खिलाफ अभियान शुरु करेगी भारतीय टीम

दुबई, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मैच में 14 जून को एजबेस्टन में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और मेजबान इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम घोषित किया जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी।

अगले साल होने वाला यह टूर्नामेंट 24 दिन तक चलेगा जिसकी शुरुआत 12 जून से होगी और समापन पांच जुलाई को होगा। टूर्नामेंट के 33 मुकाबले इंग्लैंड के सात स्थानों पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पहला मैच 12 जून को एजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होगा जबकि भारत और पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत एजबेस्टन में ही करेंगे। एजबेस्टन के अलावा मैच हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड




भारतीय महिला क्रिकेट टीम। • एजेंसी (फाइल फोटो)

ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी मैदान और लॉर्ड्स पर खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 30 जून और दो जुलाई को ओवल में होंगे जबकि फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा।

टूर्नामेंट की 12 टीम को छह-छह के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप एक में छह बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया, पिछले चरण की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। वहीं ग्रुप दो में गत विजेता न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, मेजबान इंग्लैंड और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पाकिस्तान के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले के बाद भारतीय टीम 17 जून को क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ अपने मुकाबले के लिए हेडिंग्ले जाएगी और उसके बाद टीम का सामना 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारत 25 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में ग्रुप एक की दूसरी क्वालीफाइंग टीम का सामना करेगा।

- महिला टी20 विश्व कप 2026 के पहले मैच में 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ होगा मुकाबला

**महिला टी20 विश्व कप**

| | |
|---|---|
| 12 | जून को इंग्लैंड में आगाज |
| 05 | जून को समापन होगा |
| 24 | दिन चलेंगे मुकाबले |
| 33 | मैच कुल खेले जाएंगे |
| 07 | मैदानों पर होंगी टक्कर |
| 12 | टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया |

## नौसेना की नई ताकत




एडवांस एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस अरनाला बृहस्पतिवार को आयोजित एक समारोह में भारतीय नौसेना में शामिल हो गया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान अरनाला की कमीशनिंग में शामिल हुए। भारतीय नौसेना का मानना है कि अरनाला के उसका हिस्सा बनने से उसकी ताकत में बढ़ोतरी होगी। एजेंसी

## करोड़ों बेकसूरों की मौत के कारण
# दुनिया के पांच सबसे बड़े युद्ध

माना जाता है कि दुनिया में आधुनिक विकासवाद के साथ ही युद्ध की शुरुआत हुई। देशों के बीच क्षेत्रीय विवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा, धार्मिक संघर्ष, राजनीतिक विचारधाराओं में अंतर और संसाधनों पर नियंत्रण की प्रवृत्ति ने कई बड़े युद्ध कराए जो बड़े नरसंहार का कारण बने। दुनिया के इतिहास में कई भयंकर युद्ध हुए हैं, लेकिन पांच युद्ध उनमें भाग लेने वाले देशों और मरने वालों की संख्या और प्रभाव के आधार पर सबसे बड़े सबसे विनाशकारी और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माने जाते हैं।



### द्वितीय विश्व युद्धः 7 करोड़ लोगों की मौत

द्वितीय विश्वयुद्ध 1 सितंबर 1939 से शुरू होकर 2 सितंबर 1945 यानी करीब छह साल तक चला था। हिटलर और नाजी पार्टी की आक्रामक विस्तार नीति, जापान और इटली की साम्राज्यवादी आकांक्षाओं के अलावा विश्व इतिहास में इस सबसे बड़े युद्ध का कारण यह भी था कि प्रथम विश्वयुद्ध के बाद वर्साय संधि से जर्मनी को अत्यधिक अपमानित किया गया था। इस युद्ध में जर्मनी, जापान, इटली बनाम ब्रिटेन, अमेरिका, सोवियत संघ और फ्रांस समेत कई देश शामिल थे और करीब 7 करोड़ लोग मारे गए थे। यह युद्ध हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम के प्रयोग और होलोकॉस्ट में यहूदियों की हत्या के लिए भी जाना जाता है।

### प्रथम विश्व युद्धः डेढ़ करोड़ जानें गई

प्रथम विश्वयुद्ध 28 जुलाई 1914 को शुरू होकर 11 नवंबर 1918 तक करीब चार साल चला। ऑस्ट्रिया–हंगरी के राजकुमार अर्चड्युक फ्रांज फर्डिनेंड की हत्या और यूरोप में साम्राज्यवाद, राष्ट्रवाद, सैन्यवाद और गुटबंदी की नीति के चलते छिड़े इस युद्ध में करीब डेढ़ करोड़ लोग मारे गए। इसमें जर्मनी, ऑस्ट्रिया–हंगरी, ओटोमन साम्राज्य बनाम ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, अमेरिका आदि दुनिया के प्रमुख देश शामिल थे। ये युद्ध खाइयों में लड़ाई और दुश्मन के खिलाफ जहरीली गैसों का प्रयोग के लिए भी जाना जाता है।

### चीन-जापान युद्धः 4 करोड़ हत्याएं

7 जुलाई 1937 से 2 सितंबर 1945 तक 8 साल चले इस युद्ध के कारण जापान का चीन पर आक्रमण कर उसके क्षेत्र पर कब्जा करना और मंचूरिया पर जापानी कब्जा और नानजिंग नरसंहार थे। इसमें 2 से 4 करोड़ लोगों के मारे जाने का अनुमान है। नागरिकों पर भारी अत्याचार और जापान का बर्बर सैन्य अभियान इस युद्ध की पहचान थी।

### नेपोलियन युद्ध : करीब 6 करोड़ की जान गई

फ्रांसीसी क्रांति के बाद नेपोलियन बोनापार्ट के यूरोप पर प्रभुत्व स्थापित करने के प्रयास के चलते ये युद्ध सन् 1803 से 1815 तक 12 साल चला। अनुमान है कि इसमें 3 से 6 करोड़ लोग मारे गए। इसमें फ्रांस, ब्रिटेन, रूस, ऑस्ट्रिया, प्रशिया जैसे प्रमुख देश शामिल थे। इस युद्ध से यूरोप की राजनीतिक संरचना में बड़ा परिवर्तन हुआ।

### त्रिदशकीय युद्ध : 1 करोड़ लोगों की मौत

सन् 1618 से 1648 के बीच 30 साल तक चले युद्ध के पीछे रोमन कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच धार्मिक संघर्ष और जर्मनी में सत्ता और क्षेत्रीय नियंत्रण को लेकर विवाद थे। इसमें करीब 1 करोड़ लोग मारे गए। युद्ध में पवित्र रोमन साम्राज्य, स्पेन, फ्रांस, स्वीडन आदि देश शामिल थे। इस युद्ध से यूरोप में स्थायी धार्मिक और राजनीतिक परिवर्तन हुआ।

# ईरान की दो टूक, कभी नहीं करेंगे आत्मसमर्पण

## खामेनेई ने ट्रंप के बयानों को बेतुका बताया, कहा- ईरान का इतिहास जानने वाले उसे कभी धमकी नहीं देते

दुबई, एजेंसी

इजराइल के भीषण हमलों के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने आत्मसमर्पण करने का अमेरिकी आह्वान बुधवार को खारिज कर दिया। अमेरिका के इस क्षेत्र में और ज्यादा युद्धक विमान भेजने की खबरों के बीच खामेनेई ने चेतावनी भी दी कि संघर्ष में अमेरिका ने सैन्य भागीदारी की तो उसे अपूरणीय क्षति होगी।

एक दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' में ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया था। सरकारी टेलीविजन पर ईरान के सर्वोच्च नेता का वीडियो बयान प्रसारित किया गया। अपने वीडियो संदेश में खामेनेई ने ट्रंप के बयानों को धमकी भरा और बेतुका बताते हुए खारिज करते हुए कहा, बुद्धिमान व्यक्ति जो ईरान, उसके लोगों और उसके इतिहास को जानते हैं, वे इस राष्ट्र से कभी भी धमकी भरी भाषा में बात नहीं करते, क्योंकि ईरान आत्मसमर्पण करने वाला देश नहीं है। अमेरिकियों को पता होना चाहिए कि अमेरिका की किसी भी सैन्य भागीदारी से उसे निस्संदेह अपूरणीय क्षति होगी।

जिनेवा में ईरान के राजदूत अली बहरीनी ने कहा कि उनका देश इजराइल की आक्रामकता का कड़ा जवाब देगा, अगर अमेरिकी सेना इजराइल का साथ देती है तो वह अमेरिका के खिलाफ भी ऐसा ही करेगा। उन्होंने कहा कि देश शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम का संवर्धन जारी रखेगा। बहरीनी ने स्पष्ट रूप से ट्रंप की इस मांग को खारिज कर दिया कि ईरान अपने विवादित परमाणु कार्यक्रम को छोड़ दे। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने अल जजीरा इंग्लिश समाचार चैनल को दिए एक साक्षात्कार में कहा, अमेरिका का कोई भी पूर्ण युद्ध का कारण होगा। उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन माना जा रहा है कि पड़ोसी देशों में तैनात हजारों अमेरिकी सैनिकों को ईरान के हथियारों का निशाना बनाया जा सकता है।



इजराइल के तेल अवीव के पास रामत गण में ईरानी मिसाइल हमलों के डर से तमाम लोगों ने भूमिगत मेट्रो स्टेशन में शरण ली है।

### तेहरान पर हमले तेज, अब तक करीब 600 की मौत

इस बीच इजराइल के लड़ाकू विमानों ने यूरेनियम 'सेंट्रीफ्यूज' और मिसाइलों के कल–पुर्जे बनाने वाले केंद्रों को निशाना बनाते हुए मंगलवार देर रात ईरान की राजधानी तेहरान पर बमबारी की। इजराइली सेना ने कहा है कि उसने पश्चिमी ईरान के केरमानशाह क्षेत्र में एक अड्डे पर ईरान के पांच एएच–1 हेलीकॉप्टर को नष्ट कर दिया है। इजराइल ने बमबारी का एक वीडियो भी प्रसारित किया। ईरान ने अभी इस दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने पश्चिमी ईरान में भी हमले किए, जिसमें मिसाइल भंडारण स्थलों और एक मिसाइल लांचर को नष्ट कर दिया गया।

### ईरान ने दागी 400 मिसाइलें

ईरान ने लगभग 400 मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं, जिनसे इजराइल में 24 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हुए हैं। मिसाइलों ने मध्य इजराइल में इमारतों को निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अब तक जान गंवाने वालों में 239 की पहचान असैन्य नागरिकों के रूप में और 126 की पहचान सुरक्षा कर्मियों के रूप में हुई है।



तेल अवीव पर ईरानी मिसाइल हमले के दौरान बचाव करती इजराइली वायु रक्षा प्रणाली।

### संघर्ष में हिस्सा लेने पर विचार कर रहे हैं ट्रंप

**वाशिंगटन।** ईरान और उसके परमाणु प्रतिष्ठानों के खिलाफ इजराइली अभियान में अमेरिका की संभावित भागीदारी पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सलाहकारों के बीच पूरी तरह सहमति नहीं बन पाई है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के परमाणु ढांचे, विशेष रूप से फोर्डो में भूमिगत यूरेनियम संवर्धन स्थल पर हमला करने संबंधी अभियान पर ट्रंप गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

### रूस, यूएई का तत्काल संघर्ष खत्म करने का आह्वान

**मॉस्को।** रूस और संयुक्त अरब अमीरात ने बुधवार को इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष को तत्काल समाप्त करने तथा तेहरान के परमाणु मुद्दे को सुलझाने के लिए राजनीतिक एवं कूटनीतिक प्रयासों को तेज करने का आह्वान किया। क्रेमलिन के मुताबिक, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान के साथ टेलीफोन पर बातचीत में इस मुद्दे पर चर्चा की। क्रेमलिन के मुताबिक पुतिन ने कहा कि रूस इजराइल और ईरान के बीच मध्यस्थता करने को तैयार है।

### ईरान में फंसे लोगों के लिए लद्दाख में नियंत्रण कक्ष

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के अधिकारियों ने युद्धग्रस्त ईरान में फंसे छात्रों और अन्य लोगों के परिवारों की सहायता के लिए बुधवार को यहां एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाने की घोषणा की। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, जिला प्रशासन ने उपायुक्त कार्यालय में विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। 24 घंटे संचालित होने वाले नियंत्रण कक्ष से हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# जी 7: ट्रंप के लौटने के बाद अहम मुद्दों पर नहीं हो सका फैसला

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी



● शीर्ष मुद्दों पर चर्चा लेकिन समझौते तक पहुंचने में नाकाम रहे नेता

जी-7 के छह नेताओं ने यूक्रेन में रूस के युद्ध और इजराइल-ईरान संघर्ष पर चर्चा की लेकिन वे इस संबंध में और कई अन्य शीर्ष मुद्दों पर अहम समझौते पर पहुंचने में नाकाम रहे। शिखर सम्मेलन में यह दिखाने की कोशिश की गई कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सम्मेलन से जल्दी विदा लेने के बावजूद विश्व के अमीर देशों के नेता वैश्विक नीति को आकार दे सकते हैं लेकिन वास्तव में ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ जो इस बात की पुष्टि करे।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली तथा जापान के उनके समकक्ष मंगलवार को सम्मेलन के अंतिम सत्र में शामिल हुए, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और नाटो प्रमुख मार्क रुट ने भी शिरकत की। जेलेंस्की ने कहा, हमें सहयोगी देशों के समर्थन की जरूरत है और इसलिए मैं यहां आया हूं। हम शांति समझौतों, बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन इसके लिए हमें दबाव बनाने की जरूरत है। सम्मेलन में शामिल हुए बाकी नेताओं ने ऐसी गैर-बाजार नीतियों से निपटने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करने पर सहमति जताई जो महत्वपूर्ण खनिजों तथा वैश्विक पहुंच को खतरे में डाल सकती हैं। उन्होंने नौकरियों और पर्यावरण पर कृत्रिम मेधा (एआई) के नकारात्मक प्रभावों को सीमित करने का भी संकल्प लिया लेकिन साथ ही प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांति की क्षमता को भी अपनाने पर जोर दिया।

### निज्जर मामले पर कार्नी ने की मोदी से बात

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि उन्हें खालिस्तान समर्थक सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। कार्नी से पूछा गया था कि क्या उन्होंने सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कनाडा की धरती पर निज्जर की हत्या के बारे में बात की थी। इस सवाल के जवाब में कार्नी ने कहा, हमने इस बारे में चर्चा की।

## एक नजर

### एक्सियोम मिशनः अब 22 को भेजा जा सकता है दल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर पहुंचने के लिए एक्सियोम मिशन चार अब 22 जून को भेजा जा सकता है। डॉ. सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एक्सियोम स्पेस ने इस मिशन में इस्तेमाल किए जा रहे मॉड्यूल के बिल्कुल ठीक होने, यात्री दल के स्वास्थ्य, मौसम आदि सहित प्रमुख मापदंडों की जांच और आकलन करने के बाद प्रक्षेपण की संभावित तिथि 22 जून रखे जाने का संकेत दिया है। इसरो ने भी इसी तरह की सूचना दी है।

### काठमांडू में सोने के साथ भारतीय महिला गिरफ्तार

**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक भारतीय महिला को गिरफ्तार कर एक किलोग्राम से अधिक अघोषित सोना बरामद कर लिया गया। नेपाल पुलिस ने बताया कि शारजाह से आ रही एअर अरबिया की उड़ान से मंगलवार रात मीना सुरजीत सिंह खेमानी को हवाई अड्डा सुरक्षाकर्मियों ने गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से एक किलोग्राम 59 ग्राम सोना जब्त किया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा जांच के दौरान उसके सामान से प्लास्टिक में लपेटा हुआ सोना बरामद किया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दक्षिणी चीन में आई बाढ़ में हजारों लोग फंसे

**बीजिंग।** दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत के कस्बों में बाढ़ का पानी भर जाने के बाद बचावकर्मियों ने बुधवार को लोगों को बाहर निकालने और भोजन व पानी मुहैया कराने के लिए रबड़ की नावों का इस्तेमाल किया। सरकारी प्रसारक 'सीसीटीवी' ने बताया कि भारी बारिश के बाद हुआजी काउंटी में करीब 30,000 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। काउंटी की आधी से ज्यादा सड़कें जलमग्न हो गईं और बिजली व इंटरनेट की आपूर्ति बाधित हो गई। सुइजियांग नदी के उफान पर होने से सड़कें नहरों में तब्दील हो गईं।

# विमान दुर्घटनास्थल से 70 तोले सोने के जेवर, कैश इकट्ठा कर पुलिस को सौंपा

अहमदाबाद, एजेंसी

● जोरदार धमाका और आग का गोला उठता देख घटनास्थल पर पहुंचे थे राजेश पटेल

विमान दुर्घटना के बाद बचाव कार्य में लगे लोगों में शामिल राजेश पटेल यहां से शवों और कई घायलों को एम्बुलेंस तक छोड़ने के तुरंत बाद घटनास्थल पर लौटे और सुलगते हुए मलबे से लगभग 70 तोले सोने के आभूषण, 50 हजार रुपये और कुछ अमेरिकी डॉलर इकट्ठे कर पुलिस को सौंप दिए।

दुर्घटनास्थल से 300 मीटर दूर रहने वाले पटेल ने जब जोरदार धमाका सुना और आग का गोला आसमान में उठता देखा तो वे शहर के शाहीबाग क्षेत्र में अपने रिश्तेदार द्वारा संचालित निजी अस्पताल की एक एंबुलेंस में सवार हो गए। पटेल ने बताया, बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास परिसर में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर मैं अधिक से अधिक लोगों को बचाने की उम्मीद में वहां पहुंचा। हालांकि, हम पहले 15 से 20 मिनट तक घटनास्थल के करीब नहीं पहुंच सके। आग पर काबू पाने के बाद बचाव कार्य शुरू किया।

पटेल और अन्य स्वयंसेवकों के पास कोई स्ट्रेचर नहीं था, उन्होंने शवों और घायलों को एंबुलेंस तक ले जाने के लिए पुरानी साड़ियों, चादरों और बोरों का इस्तेमाल किया। अभियान पूरा होने के बाद पटेल ने विमान में सवार लोगों के सामान को बचाने का काम शुरू कर दिया। पटेल ने बताया, जले और बिखरे पड़े 10 से 15 हैंडबैग से हमने 70 तोले सोने के आभूषण, 8-10 चांदी के सामान, कुछ पासपोर्ट, भगवद्गीता की एक प्रति, 50 हजार रुपये नकद और 20 डॉलर बरामद किए। हमने उन्हें अभियान की निगरानी कर रहे एक पुलिस अधिकारी को सौंप दिया।

## तमिलनाडु सरकार को एडीजीपी के निलंबन पर सुप्रीम फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपहरण के एक मामले में कथित संलिप्तता को लेकर तमिलनाडु के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एच एम जयराम को निलंबित करने पर राज्य सरकार को बुधवार को फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने जयराम को गिरफ्तार करने के हाईकोर्ट के निर्देश की भी आलोचना की और कहा, ऐसे आदेश चौंकाने वाले हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। पीठ ने तमिलनाडु सरकार से सवाल किया कि क्या जांच में पहले ही शामिल हो चुके वरिष्ठ अधिकारी को निलंबित करना जरूरी था। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि जयराम को 16 जून को गिरफ्तार किया गया था लेकिन शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने के बाद अगले दिन शाम करीब पांच बजे उन्हें रिहा किया गया। रिहा करने के बावजूद पुलिस अधिकारी को निलंबित रखा गया और कहा गया कि हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ निर्देश पारित किया है।

# पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर के साथ लंच करेंगे ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

● इस्लामाबाद में बताया जा रहा है पाकिस्तान की कूटनीतिक जीत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के साथ दोपहर का भोजन करेंगे। इस संबंध में व्हाइट हाउस की ओर से सूचना जारी की गई है।

सूचना के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रंप पाकिस्तान के सेना प्रमुख के साथ दोपहर का भोजन करेंगे। व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में स्थानीय समयानुसार दोपहर एक बजे भोजन का कार्यक्रम है। ट्रंप, इजराइल-ईरान संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच जी7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा के कनैनिस्किस की अपनी यात्रा को बीच में ही छोड़कर मंगलवार सुबह वाशिंगटन लौट आए थे।

डॉन अखबार की खबर के अनुसार, इस्लामाबाद में अधिकारी मुनीर को व्हाइट हाउस का निमंत्रण मिलने को एक बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में पेश कर रहे हैं। फील्ड मार्शल मुनीर ने अमेरिकी यात्रा के दौरान भारत से क्षेत्रीय आधिपत्य थोपने का प्रयास करने के बजाये पाकिस्तान के साथ 'एक सभ्य राष्ट्र की तरह' व्यवहार करने का आग्रह किया। मुनीर को पिछले महीने पाकिस्तान सरकार ने फील्ड मार्शल रैंक पर पदोन्नत किया था।

## ईडी ने कुर्क किया 44 करोड़ का मकान

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि नोएडा स्थित एक रियल्टी कंपनी और इसके प्रवर्तकों के खिलाफ जांच के तहत दिल्ली में 44 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की एक आवासीय संपत्ति कुर्क की गई है।

मामला गृह क्रेताओं के साथ धोखाधड़ी करने से संबंधित है। यह मामला भसीन इन्फोटेक एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर और इसके निदेशक सतिंदर सिंह भसीन से संबंधित है। धनशोधन का यह मामला नोएडा पुलिस द्वारा 2015 में बीआईआईपीएल, ग्रैंड वेनिस समूह की संस्थाओं, भसीन, क्विंसी भसीन और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोपों में दर्ज की गई कई प्राथमिकी से जुड़ा है।

# सुशील शुक्ल को बाल साहित्य पार्वती तिर्की को युवा पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

● साहित्य अकादमी ने की 2025 के पुरस्कारों की घोषणा

साहित्य अकादमी ने साल 2025 के लिए हिंदी में सुशील शुक्ल को बाल साहित्य पुरस्कार तथा पार्वती तिर्की को युवा पुरस्कार देने की बुधवार को घोषणा की। सभी 24 भाषाओं में बाल साहित्य पुरस्कार और 23 भाषाओं में युवा पुरस्कार देने के लिए रचनाकारों का चयन किया गया है।

अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने बताया कि अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में अकादमी के कार्यकारी मंडल ने युवा पुरस्कार 2025 एवं बाल साहित्य पुरस्कार 2025 की घोषणा की। बैठक में 23 युवा लेखकों की पुस्तकों एवं 24 बाल साहित्यकारों के लिए 2025 के पुरस्कार अनुमोदित किए गए। उन्होंने बताया कि इन पुस्तकों को त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने पुरस्कार के लिए चुना है। हिंदी में शुक्ल को कहानी 'एक बटे बारह' के लिए बाल साहित्य पुरस्कार देने का फैसला किया गया है। अंग्रेजी में नितिन कुशलप्पा एमपी को 'दक्षिण, साउथ इंडियन मिथ्स एंड फैब्लस रीटोल्ड' (कहानी), उर्दू में गज़नफर इकबाल को 'कौमी सितारे' (लेख) व मैथिली में मुन्नी कामत को 'चुक्का' (कहानी) के लिए बाल साहित्य पुरस्कार दिया जाएगा। बांग्ला में त्रिदिब चट्टोपाध्याय को 'एखोनो गाये कांटा देय' (कहानी), गुजराती में कीर्तिदा ब्रह्मभट्ट को 'टिंचक' (कविता), मराठी में सुरेश सावंत को 'आभालमाया' (कविता) और पंजाबी में पाली खादिम (अमृत पाल सिंह) को 'जादू पत्ता' (उपन्यास) के लिए बाल साहित्य पुरस्कार दिया गया है।

**बड़ी उपलब्धि** — समाज की प्रगति में स्कूलों के व्यापक योगदान को मान्यता देने के लिए ब्रिटेन में आयोजित होता है पुरस्कार समारोह

# देश के 4 स्कूल विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों की टॉप टेन सूची में

## हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश का है एक-एक स्कूल

लंदन, एजेंसी

भारत में हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के चार स्कूलों को बुधवार को विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कारों के लिए विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष 10 की सूची में नामित किया गया। यह पुरस्कार समारोह समाज की प्रगति में स्कूलों के व्यापक योगदान को मान्यता प्रदान करने के लिए ब्रिटेन में आयोजित किया जाता है। इन स्कूलों में हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के स्कूल शामिल हैं।

विभिन्न श्रेणियों के विश्वव्यापी विजेताओं की घोषणा अक्टूबर में की जाएगी। इनमें शामिल हरियाणा के फरीदाबाद स्थित राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय-एनआईटी 5 को पोषण कार्यक्रमों, शारीरिक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य सहायता को शिक्षा के साथ जोड़कर जोखिम के दायरे में रहने वाली लड़कियों के जीवन को बदलने के लिए चुना गया है। यह विद्यालय स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय पुरस्कार के लिए 10 अंतिम प्रतिभागियों की सूची में है। पुणे के निकट खेड़ तालुका में स्थित जेडपी स्कूल, जालिंदर नगर को विषय मित्र प्रणाली के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण छात्र-नेतृत्व वाली शिक्षा प्रदान करके सार्वजनिक-स्कूली शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए मान्यता दी गई है। विषय मित्र प्रणाली एक सहकर्मी-शिक्षण मॉडल है, जहां विभिन्न आयु के छात्र एक-दूसरे को पढ़ाते और सीखते हैं।

एक्या स्कूल, जे पी नगर, बेंगलुरु में एक स्वतंत्र किंडरगार्टन, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय है, जो मानव-केंद्रित डिजाइन प्रक्रियाओं और कौशल विकास को एकीकृत करने वाले 'डिजाइन थिंकिंग' पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को नवीन विचारक और सक्रिय समस्या समाधानकर्ता बनने के लिए सशक्त बना रहा है। दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाराणसी को जलवायु कार्रवाई के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार के वास्ते शीर्ष 10 की सूची में स्थान मिला है।




फरीदाबाद का आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय।

### बदलाव लाने वाले स्कूल चुने जाते हैं पुरस्कार के लिए

विश्व के सर्वश्रेष्ठ पांच स्कूल पुरस्कारों की शुरुआत सामुदायिक सहयोग, पर्यावरणीय कार्रवाई, नवाचार, प्रतिकूल परिस्थितियों पर काबू पाने और स्वस्थ जीवन को समर्थन देने के लिए ब्रिटेन आधारित 'टी4 एजुकेशन' द्वारा कोविड–19 के मद्देनजर उन स्कूलों को एक मंच देने के लिए की गई थी जो अपनी कक्षाओं और उससे पूरे जीवन को बदल रहे हैं। टी4 एजुकेशन' और 'वर्ल्ड बेस्ट स्कूल प्राइजेज' के संस्थापक विकास पोटा के मुताबिक एआई द्वारा उलटी जा रही दुनिया में प्रौद्योगिकी हमारे सीखने के तरीके को नया आकार दे रही है और सदियों से चली आ रही नौकरियों को अप्रचलित बना रही है।